3 राजधानी
एमसीडी पर ठोंका 50 लाख का जुर्माना

6 अभिमत
कहीं अगला कश्मीर न बन जाए असम?

10 विदेश
इजराइल में गोलीबारी पांच लोगों की मौत

11 प्रादेशिकी
आरेडिका की एक और उपलब्धि

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 142
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 31 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




भारत ने रोहिदास को कप्तान बरकरार रखा
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# पाकिस्तान में इमरान की कुर्सी खतरे में

- प्रमुख सहयोगी दल ने दिया झटका, सत्ताधारी गठबंधन ने सदन में बहुतम खोया

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** में सत्ताधारी गठबंधन सरकार के प्रमुख सहयोगी दल ने प्रधानमंत्री इमरान खान को करारा झटका देते हुए बुधवार को ऐलान किया वह संसद (नेशनल असेंबली) में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करेगा। सहयोगी दल के इस कदम से संकट से जूझ रही इमरान सरकार ने सदन में बहुमत खो दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नीत गठबंधन सरकार के अहम सहयोगी दल मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने इस्लामाबाद में एक प्रेस कांफ्रेंस करके ऐलान किया कि वह विपक्षी खेमे में शामिल हो गई है।

एमक्यूएम-पी प्रमुख खालिद मकबूल सिद्दिकी ने कहा, हम सहिष्णुता और सच्चे लोकतंत्र की राजनीति के लिए नई शुरुआत करना चाहते हैं। सात सांसदों वाले दल एमक्यूएम-पी के साथ छोड़ने से इमरान सरकार ने सदन में स्पष्ट रूप से बहुमत खो दिया है। सरकार के एक अन्य सहयोगी और पांच सांसद रखने वाले दल बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) ने सोमवार को ही ऐलान कर दिया था कि उसने इमरान सरकार के खिलाफ मतदान करने के विपक्ष के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। पाकिस्तान के गृहमंत्री शेख राशिद ने कहा कि प्रधानमंत्री खान बुधवार शाम को राष्ट्र के नाम संबोधन में राजनीतिक हालात पर चर्चा करेंगे। इमरान खान की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट के विशेष सत्र के बाद राशिद ने मीडिया को संबोधित किया। क्या अपने संबोधन के दौरान इमरान खान इस्तीफा दे देंगे? इस सवाल के जवाब में राशिद ने कहा, किसी भी हालत में नहीं, वह अंतिम गेंद तक लड़ेंगे।

पाकिस्तान में गत आठ मार्च को नेशनल असेंबली में विपक्ष दलों की ओर से संयुक्त रूप से अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न हो गई। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए नेशनल असेंबली के सत्र का आयोजन बृहस्पतिवार को होगा। इमरान खान को सरकार बचाने के लिए 342 सदर्सईय संसद (नेशनल असेंबली) में 172 मत की जरूरत पड़ेगी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक एमक्यूएम-पी ने विपक्ष का सहयोग करने का फैसला किया है और इसके दो मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि एमक्यूएम-पी के सांसद फारोग नसीम और अमीनउल हक ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। एमक्यूएम-पी के नेता फैजल सब्जवाडी ने बुधवार को कहा कि संयुक्त विपक्ष के साथ उसका समझौता हो चुका है। 69 वर्षीय इमरान खान की पार्टी पीटीआई के सदन में 155 सांसद हैं।

इमरान को करीब दो दर्जन सांसदों की बगावत और सहयोगी दलों की चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान के इतिहास में अब तक किसी भी प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव के जरिए नहीं हटाया गया है, लेकिन इस चुनौती का सामना करने वाले इमरान खान तीसरे प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले इमरान खान ने अपनी पार्टी के सदस्यों को सख्त निर्देश दिया कि वह अवश्विास प्रस्ताव पर मतदान के दिन या तो सदन में अनुपस्थित रहें या फिर मतदान में भाग नहीं लें। अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान अप्रैल के पहले हफ्ते में होने की संभावना है। वर्ष 2018 में नया पाकिस्तान बनाने का वादा करके इमरान सत्ता में आए, लेकिन बेलगाम महंगाई पर नियंत्रण पाने में सरकार की विफलता ने विपक्ष को सरकार के खिलाफ एक मौका दे दिया। पाकिस्तान में अब तक कोई प्रधानमंत्री पांच साल का कार्यकाल नहीं पूरा कर सका है।

## इमरान खान ने विदेशी साजिश वाले पत्र का ब्योरा मंत्रियों, पत्रकारों से साझा किया

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** में मुश्किलों से जूझ रहे प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को उस पत्र का कुछ ब्योरा वरिष्ठ पत्रकारों और कैबिनेट सहयोगियों से साझा किया जिसे उन्होंने विदेशी साजिश पत्र कहा है। उन्होंने पत्र को असली बताया। हालांकि प्रधानमंत्री ने धमकी देने वाले देश और धमकी के शब्दों का खुलासा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह पत्र उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के पहले मिला था। इस पत्र में भी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का जिक्र है।

इमरान ने कथित पत्र को 27 मार्च को एक सार्वजनिक रैली में लहराते हुए ऐलान किया था कि उन्हें सत्ता से बेदखल करने के लिए विदेशी साजिश रची गई थी। प्रधानमंत्री इमरान ने अपने खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का जिक्र करते हुए कहा कि यह उनकी सरकार को गिराने के लिए विदेशी पैसे से पोषित चाल का एक उदाहरण है। इसके पहले कई विपक्षी नेताओं ने इमरान पर दबाव बनाया था कि वह पत्र के ब्योरे का खुलासा करें। विपक्ष ने पत्र को लेकर आलोचना करते हुए कहा था कि सरकार दबाव को दरकिनार करने और सत्ता में रहने के प्रयास के तहत ऐसा कर रही है। बुधवार को इमरान खान की अध्यक्षता में विशेष कैबिनेट बैठक हुई। इसमें इमरान ने पत्र को लेकर सबसे पहले कैबिनेट को भरोसे में लिया। इस दौरान विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी ने प्रतिभागियों को इस बारे में जानकारी दी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने पत्रकारों के साथ बैठक करके उन्हें इसके बारे में जानकारी दी।

एआरवाई न्यूज चैनल ने कहा कि यह पत्र पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारियों की मेजबान देश के अधिकारियों के साथ हुई मुलाकात पर आधारित है। मुलाकात का ब्योरा उस देश में पाकिस्तानी राजदूत द्वारा विदेश कार्यालय को भेजा गया था। यह ब्योरा दिखाता है कि मेजबान देश यूक्रेन और रूस से संबंध को लेकर पाकिस्तान सरकार की नीतियों से खुश नहीं था। चैनल ने इमरान की ओर से पत्रकारों को दी गई जानकारी के हवाले से कहा, इसमें लिखा है कि यदि प्रधानमंत्री इमरान खान सत्ता में बने रहते हैं, तो पाकिस्तान के साथ संबंध प्रभावित (शेष पेज 8)

# भारत-रूस के बीच यूक्रेन संकट पर होगी बातचीत

- आज भारत आ रहे रूसी विदेश मंत्री सर्गेई, जयशंकर से करेंगे मुलाकात
- ब्रिटिश विदेश सचिव और अमेरिकी उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी उसी दौरान नई दिल्ली में होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रूसी** विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव गुरुवार से शुरू होने वाली अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के साथ यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत करेंगे। बीते 24 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से किसी रूसी मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। यूक्रेन संकट को समाप्त करने के तरीके खोजने में भारत एक महत्वपूर्ण आवाज के रूप में उभरने को देखते हुए यह बातचीत अहम होगी। संयोग से, लावरोव की यात्रा ब्रिटिश विदेश सचिव एलिजाबेथ ट्रस और अमेरिकी उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र) दलीप सिंह की हाई प्रोफाइल यात्रा के साथ हो रही है।

यूएस डिप्टी एनएसए बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। वह कथित तौर पर रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के पीछे मुख्य व्यक्ति है। भारत अब तक इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में रूस के खिलाफ मतदान से दूर रहा है। यूक्रेन युद्ध पर देश की चिंता व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 फरवरी, 2 मार्च और 7 मार्च को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत की है। मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से भी दो बार बात की। दोनों राष्ट्रपतियों के साथ अपनी बातचीत के दौरान, मोदी ने शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने का आह्वान किया और मुद्दे को हल करने के लिए बातचीत का समर्थन किया।

लावरोव के दौरे का विवरण देते हुए विदेश मंत्रालय ने एक पंक्ति के बयान में कहा कि रूसी संघ के विदेश मंत्री, सर्गेई लावरोव 31 मार्च-1 अप्रैल 2022 को नई दिल्ली की आधिकारिक यात्रा करेंगे। वह फिलहाल चीन में हैं। भारत और रूस यूक्रेन में चल रहे युद्ध और इसके वैश्विक प्रभावों पर चर्चा कर सकते हैं। लावरोव के युद्ध के परिणामस्वरूप रणनीतिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना है। साथ ही जयशंकर के साथ रूसी तेल खरीदने, भुगतान तंत्र और रूसी बैंकों के खिलाफ प्रतिबंधों पर विशेष चर्चा होगी। दोनों पक्षों द्वारा हथियार प्रणालियों की निर्बाध आपूर्ति पर किसी भी संभावित प्रभाव की समीक्षा करने की भी संभावना है। इनमें 50,000 करोड़ रुपये की एस-400 मिसाइल सिस्टम और भारत में एके-203 असॉल्ट राइफल्स का उत्पादन शामिल है। दोनो देशों के बीच यह करार 7,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का है। सरकार ने पिछले हफ्ते संसद में संकेत दिया था कि वह रियायती रूसी तेल की पेशकश पर विचार कर रही है।

वित्त मंत्रालय की अध्यक्षता में एक विशेष अंतर-मंत्रालयी समूह युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों से उत्पन्न होने वाले भारतीय आयातकों और निर्यातकों के लिए भुगतान के मुद्दों को देख रहा है। पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण रूस को भुगतान करने में कठिनाइयां हो रही हैं। दोनों पक्ष अब रुपया-रूबल भुगतान प्रणाली के विकल्प पर विचार कर रहे हैं। रक्षा संबंधों के मामले में रूस भारत को हथियार प्रणालियों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। युद्ध के कारण उत्तर प्रदेश के अमेठी में एस-400 मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी और एके-293 असॉल्ट राइफलों के उत्पादन में संभावित देरी को लेकर यहां चिंता बढ़ा दी है। भारत ने रूस से रियायती कच्चे तेल की खरीद का भी फैसला किया है, जिससे कई पश्चिमी शक्तियों (शेष पेज 8)

# केजरीवाल के घर के बाहर तोड़फोड़, अज्ञात पर केस



- आप ने प्रदर्शनकारी भाजयुमो कार्यकर्ताओं पर लगाए हमले के आरोप, करीब 70 लोगों को हिरासत में लिया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**द कश्मीर** फाइल्स फिल्म पर राजनीति गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी की युवा शाखा भाजयुमो के सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास पर धरने के दौरान उनके घर के बाहर तोड़फोड़ की गई। प्रदर्शनकारियों ने यहां जमकर नारेबाजी की और आरोप है कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए तथा सुरक्षा अवरोधकों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

यह प्रदर्शन केजरीवाल द्वारा द कश्मीर फाइल्स फिल्म को लेकर विधानसभा में दिए गए बयान के विरोध में हो किया गया था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्जकर करीब 70 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की (शेष पेज 8)

# नाले में फंसे चार लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर-पश्चिमी** दिल्ली के संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में एक नाले में फंस गए चार लोगों की मौत हो गई है। रात भर चले बचाव अभियान के बाद बुधवार तड़के उनके शवों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि चार में से तीन लोग निजी संविदा कर्मचारी थे, जो मंगलवार को दोपहर में घटना के समय एमटीएनएल लाइनों पर काम कर रहे थे। चौथा व्यक्ति रिक्शा चालक था, जो कर्मचारियों को निकालने का प्रयास कर रहा था लेकिन नाले में फंस गया था। पुलिस के अनुसार, समयपुर बादली थाने को शाम करीब साढ़े छह बजे घटना की सूचना मिली और उसके बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। दमकल विभाग के अधिकारी और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के एक दल ने भी बचाव अभियान में मदद की। दमकल विभाग के अनुसार, अभियान सुबह चार बजे तक चला और चारों शव नाले से बाहर निकाल लिए गए। शवों का पोस्टमार्टम (शेष पेज 8)

# आज तक पैन को आधार से न जोड़ने पर देना होगा 500 से 1,000 रुपए का जुर्माना

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने (सीबीडीटी) ने कहा है कि 31 मार्च, 2022 तक स्थाई खाता संख्या (पैन) को विशिष्ट पहचान संख्या (आधार) से नहीं जोड़ने वाले करदाताओं को 500 रुपए से लेकर 1,000 रुपए तक का जुर्माना भरना होगा। पैन को बायोमीट्रिक आधार से जोड़ने की अंतिम तारीख 31 मार्च, 2022 है। इस समयसीमा का अनुपालन नहीं करने पर पैन निष्क्रिय हो जाएगा।

सीबीडीटी ने एक अधिसूचना में कहा कि आधार की देरी से सूचना देने पर 500 रुपए का विलंब शुल्क लगेगा। यह जुर्माना शुल्क अगले तीन माह यानी 30 जून, 2022 तक के लिए होगा। उसके बाद करदाताओं को 1,000 रुपए का जुर्माना चुकाना होगा। वहीं पैन को आधार से न जोड़ने की स्थिति में 31 मार्च, 2022 से पैन निष्क्रिय हो जाएगा। सीबीडीटी की 29 मार्च को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जुर्माने के भुगतान के बाद यह फिर चालू हो जाएगा। एकेएम ग्लोबल के कर भागीदार अमित माहेश्वरी ने कहा कि सरकार ने पैन को आधार से जोड़ने की समयसीमा को कई बार बढ़ाने के बाद आखिरकार अब जुर्माना राशि की सूचना जारी की है। एक अप्रैल से पहले तीन माह के लिए जुर्माना राशि 500 रुपए और उसके बाद 1,000 रुपए होगी।

किसी भी विफलता के कारण पैन निष्क्रिय हो सकता है इसलिए करदाताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे अपने आयकर पोर्टल की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि उनके आधार और पैन जुड़े हुए हैं। माहेश्वरी ने कहा, प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की कुछ चिंताएं हो सकती हैं क्योंकि कुछ मामलों में उनके पास आधार नहीं है। नांगिया एंडरसन एलएलपी के भागीदार नीरज अग्रवाल ने कहा, आयकर रिटर्न दाखिल करने जैसे आयकर से संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए अब आधार संख्या को पैन से जोड़ना अनिवार्य है। पैन का उपयोग बैंक खाता खोलने, अचल सम्पत्ति की खरीद या (शेष पेज 8)

# केंद्रीयकर्मियों का महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बढ़ती महंगाई से क्षतिपूर्ति को लेकर बुधवार को महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) तीन प्रतिशत बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर दी। इससे केंद्र सरकार के 1.16 करोड़ कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2022 से प्रभावी होगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2022 से जारी करने को मंजूरी दे दी है। इसके तहत मूल वेतनापेंशन के 31 प्रतिशत की मौजूदा दर में तीन प्रतिशत की वृद्धि की गई है, ताकि मूल्यवृद्धि की भरपाई की जा सके। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह वृद्धि सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर स्वीकृत फॉर्मूले के अनुरूप है। महंगाई भत्ते और महंगाई (शेष पेज 8)

# उत्तर प्रदेश में इंटर अंग्रेजी का प्रश्नपत्र हुआ लीक

- 24 जिलों में यह परीक्षा निरस्त, 17 लोग किए गए गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड की 12वीं कक्षा की अंग्रेजी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। पेपर लीक होने के बाद बुधवार को 24 जिलों में यह परीक्षा रद्द कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अब यह परीक्षा 13 अप्रैल को प्रथम पाली में सुबह आठ बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रश्नपत्र लीक मामले में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने भाषा को बताया कि इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रूख अपनाया है और जांच का काम एसटीएफ को सौपने के निर्देश दिए हैं जिसपर दोपहर बाद एसटीएफ ने मामले की जांच आरंभ कर दी। इस बीच, बलिया के जिला विद्यालय निरीक्षक ब्रजेश मिश्र को निलंबित कर दिया गया है। पेपर लीक मामले पर समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की नेता मायावती ने सरकार को घेरा है।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने पत्रकारों से कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि बलिया में कक्षा 12 का अंग्रेजी भाषा का परीक्षा पत्र लीक हो गया था। मामले की जांच की जा रही है और घटना में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य के केवल 24 जिलों में परीक्षा रद्द किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जो पेपर लीक हुआ था, वह केवल 24 जिलों में वितरित किया गया था, (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,683 | ↑ 740 | |
| निफ्टी | 17,498 | ↑ 172 | |
| सोना | 51,470 | ↑ 573 | /10g |
| चांदी | 67,257 | ↑ 1284 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रैनावारी इलाके में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने आधी रात को इलाके की घेराबंदी करने के बाद तलाश अभियान शुरू किया था, जिसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हुई। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विजय कुमार ने बताया कि मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों में से एक के पास मीडिया का पहचानपत्र था। कुमार ने ट्वीट किया, मारे गए लश्कर के एक आतंकवादी के पास मीडिया का पहचानपत्र था, जो मीडिया के गलत इस्तेमाल का स्पष्ट संकेत देता है।

# आशीष मिश्रा की जमानत मामले में न्यायालय ने उप्र सरकार से मांगा जवाब

**लखीमपुर हिंसा**

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की जा रही जांच की निगरानी कर रहे एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की दो रिपोर्ट पर चार अप्रैल तक जवाब देने का उत्तर प्रदेश सरकार को बुधवार को निर्देश दिया। रिपोर्ट में केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे एवं मामले में आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने की मांग की गई है।

प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की एक पीठ ने कहा कि जांच की निगरानी कर रहे सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा मामले में अजय मिश्रा को दी गई जमानत रद्द करने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा है। पीठ ने कहा, एसआईटी ने उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को जांच की निगरानी कर रहे न्यायाधीश के दो पत्र भेजे हैं, जिन्होंने मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने के वास्ते राज्य सरकार को उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने के लिए भी पत्र लिखा है। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने शीर्ष अदालत को बताया किया कि अतिरिक्त गृह सचिव ने हमें बताया है कि उन्हें पत्र अभी मिले नहीं हैं।

पीठ ने उनसे एसआईटी की रिपोर्ट पर गौर करने और चार अप्रैल तक अपना रुख स्पष्ट करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि उसने उच्च न्यायालय में जमानत का विरोध किया था। उन्होंने कहा, ऐसी परिस्थितियों में जमानत रद्द कर दी (शेष पेज 8)

# कर्नाटक में हिजाब की अनुमति न मिलने पर 40 लड़कियों ने परीक्षा छोड़ी

**भाषा।** मंगलुरु

**कर्नाटक** के उडुपी जिले की 40 मुस्लिम छात्राओं ने मंगलवार को पहली प्री-यूनिवर्सिटी परीक्षा छोड़ दी क्योंकि वे हाल में आए उच्च न्यायालय के उस आदेश से कथित तौर पर आहत थीं जिसके अनुसार कक्षा के भीतर हिजाब पहनकर प्रवेश को मंजूरी नहीं दी गई थी। सूत्रों ने बताया कि छात्राएं 15 मार्च के अदालत के आदेश से आहत थीं, इसलिए उन्होंने हिजाब के बिना परीक्षा में नहीं उपस्थित होने का निर्णय लिया। मंगलवार को परीक्षा छोड़ने वाली छात्राओं में कुंडापुर की 24 लड़कियां, बिंदूर की 14 और उडुपी सरकारी कन्या पीयू कॉलेज की दो लड़कियां शामिल हैं। यह छात्राएं कक्षा में हिजाब पहनने पर कानूनी लड़ाई में शामिल थीं। इन लड़कियों ने पहले प्रायोगिक परीक्षा भी छोड़ दी थी। आर (शेष पेज 8)

# अब महिला आतंकी बनीं सुरक्षा बलों के लिए चुनौती

- पाक समर्थित आतंकवादी संगठन दे रहा ओवर ग्राउंड वर्करों को प्रशिक्षण
- सीआरपीएफ कर्मियों पर पेट्रोल बम फेंकने वाली महिला की हुई पहचान

**मोहित कंधारी।** जम्मू



**कश्मीर** घाटी में आतंकवाद विरोधी अभियानों में बड़ी संख्या में कमांडरों समेत अनेक आतंकियों को मारने या निष्प्रभावी करने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा बलों के समक्ष अब महिला आतंकी पनपने की नई चुनौती खड़ी हो गई है।

सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए आतंकी संगठन राज्य में जमीनी कार्यकर्ताओं के रूप में महिलाओं को प्रशिक्षित कर रहे हैं। हाल ही में सोपोर में एक महिला ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) द्वारा सुरक्षा बलों पर पेट्रोल बम फेंकने और पत्रकार से आतंकवादी बनकर पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन में शामिल होने की घटना सुरक्षा तंत्र के लिए खतरे की घंटी है। सोपोर में स्थानीय पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर उस महिला ओजीडब्ल्यू की पहचान की है, जिसने मंगलवार देर शाम सीआरपीएफ कर्मियों पर पेट्रोल बम फेंका था।

विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हुए सीसीटीवी फुटेज में दिखाया गया है कि मंगलवार शाम करीब सात बजे पारंपरिक बुर्का पहने एक महिला एसबीआई की शाखा के पास सोपोर के मुख्य चौक इलाके में सीआरपीएफ पिकेट के पास रुकी और उन पर पेट्रोल बम फेंका। पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने बुधवार को श्रीनगर में एक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी को बताया कि कल सोपोर में सीआरपीएफ बंकर पर बम फेंकने वाली महिला की पहचान हो गई है। उन्होंने कहा कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पिछले साल सुरक्षा बलों को हाइब्रिड आतंकवादियों के आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था।

हाइब्रिड आतंकवादी उन लोगों के लिए गढ़ा गया शब्द है, जिनका आतंकी अपराधों में किसी भी तरह की संलिप्तता का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं रहा है। ये हाइब्रिड आतंकवादी अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों और कश्मीर घाटी में बाहर के दिहाड़ी मजदूरों पर लक्षित हमलों में सबसे आगे रहे। इस बीच, सुरक्षा बलों ने बुधवार सुबह (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 31 मार्च 2022



# ग्रेनो में 1600 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी 4 बड़ी कंपनियां

## 30 एकड़ जमीन खरीदी, मिलेगा हजारों युवाओं को रोजगार

● सीईओ ने कंपनी प्रतिनिधियों को सौंपे आवंटन पत्र



कंपनी प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र देते प्राधिकरण सीईओ नरेंद्र भूषण।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण निवेश को बढ़ावा देने की पूरी कोशिश कर रहा है। जिसके चलते ग्रेटर नोएडा में 4 बड़ी कंपनियों ने निवेश के लिए शहर में 30 एकड़ जमीन खरीदी है। चारों में से एक कंपनी दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी), इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप और तीन कंपनियां ग्रेटर नोएडा में इकाई स्थापित करेंगी। यह चारों कंपनियां शहर में करीब 1600 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। साथ ही इससे लगभग 11250 युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही क्षेत्र भी तरक्की की ओर आगे बढ़ेगा।

इन कंपनियों के निवेश से प्राधिकरण को जमीन की लागत के रूप में 90 दिन के अंदर तकरीबन 160 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे। वहीं, प्राधिकरण के अनुसार इन सभी कंपनियों ने एकमुश्त भुगतान का विकल्प चुना है। यहां पर एलनटेक इंडिया, एडवर्ब टेक्नोलॉजी, गुरु अमरदास इंटरनेशनल और टेरॉन माइक्रोन सिस्टम ने जमीन खरीदी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में सीईओ नरेंद्र भूषण और एसीईओ दीपचंद्र और अमनदीप डुली ने प्राधिकरण के ओएसडी सचिन कुमार सिंह और डीजीएम उद्योग सीके त्रिपाठी और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में चारों कंपनियों के प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र सौंपा।

इस अवसर पर गुरु अमरदास इंटरनेशन के रौनक आनंद के साथ डीएमआईसी आईआईटीजीएनएल के कंपनी सेक्रेटरी पतंजलि नारायण दीक्षित और ग्रेटर नोएडा की मैनेजर उद्योग सीमा मित्तल आदि मौजूद रहे। नोएडा के ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में मोबाइल पार्ट बनाने वाली कोरियन कंपनी करीब 1000 करोड़ रुपए निवेश करेगी। कंपनी ने यहां पर 20235 वर्ग मीटर के दो प्लॉट खरीदे हैं। जिसकी कुल कीमत 72 करोड़ रुपए है। साथ ही इस कंपनी के निवेश से यहां पर 8 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

कंपनी चरणबद्ध तरीके से इकाई लगाएगी जिसका काम 4 साल में पूरा कर लिया जाएगा। इसी के साथ विश्व में रोबोट बनाने वाली प्रमुख कंपनी एडवर्ड टेक्नोलॉजी ने ईकोटेक-10 में करीब 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। जिससे करीब 2 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। जिसके लिए कंपनी ने 13 एकड़ जमीन खरीदी है। जिसकी कीमत करीब 38 करोड़ रुपए है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक्स के समान बनाने वाली टेरॉन माइक्रोन सिस्टम ने इकोटेक-1 एक्सटेंशन वन में 16 करोड़ रुपए में 2 एकड़ जमीन खरीदी है। कंपनी यहां पर 23 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। जिससे लगभग 150 युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं, इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में 4.65 खरीदने वाली गुरु अमर दास इंटरनेशनल कंपनी करीब 1100 युवाओं को रोजगार देगी।

कंपनी यहां पर लगभग 40 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। जिसके लिए करीब 32 करोड़ रुपए में जमीन खरीदी गई है। यह कंपनी वायर हायरनेस, पावर कार्ड और ट्रांसफ र्मर आदि उत्पाद बनाएगी। कंपनी ने 2 साल के अंदर उत्पाद शुरू करने का लक्ष्य रखा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की पूरी कोशिश जारी रहेगी। उद्यमियों को आवेदन के एक माह के अंदर जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही इससे युवाओं को रोजगार मिल सकेगा।

## दहेज नहीं मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

**गाजियाबाद।** दहेज में स्कार्पियो कार व पांच लाख रुपये नहीं मिले तो दहेज लोभी ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता भोजपुर के गांव पलौता की रहने वाली है। मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

भोजपुर के गांव पलौता निवासी वीरेंद्र ने अपनी बेटी मंजू की शादी मेरठ के जानी थाना क्षेत्र स्थित गांव पांचली में की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोगों ने दहेज मांगना शुरू कर दिया। वे आए दिन उनके साथ मारपीट करने लगे। दहेज में स्कार्पियो कार व पांच लाख रुपये अपने मायके से लाने का दबाव बनाने लगे।

कुछ दिन पहले ससुरालियों ने उनसे फिर दहेज लाने के लिए कहा। जब मंजू ने मना किया तो आरोपितों ने उन्हें लात-घूसों से बुरी तरह पीटकर घर से निकाल दिया।

# शादी का झांसा देकर 250 महिलाओं से करोड़ों की ठगी

## नाईजीरियन युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दोस्त की पत्नी भी थी गिरोह में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मैट्रिमोनियल साइट पर फर्जी आईडी बनाकर लड़कियों से शादी के नाम पर करोड़ों रुपये ठगने वाले गैंग का खुलासा करते हुए गाजियाबाद पुलिस की साइबर सेल ने एक नाइजीरियाई युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को शिकागो में आईटी इंजीनियर बताकर लड़कियों को अपने जाल में फंसाता था।

पुलिस के मुताबिक, इसके गैंग में मेघालय की महिला भी शामिल है, जो गिरफ्तार आरोपी के दोस्त की पत्नी है। आरोपी के कब्जे से लैपटॉप, दो मोबाइल फोन और तीन एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी ढाई सौ से अधिक महिलाओं से चार करोड़ से अधिक की ठगी कर चुका है।

साइबर सेल के नोडल अधिकारी व सीओ इंदिरापुरम अभय कुमार मिश्र ने बताया कि राकेश मार्ग निवासी युवती ने सिहानी गेट थाने में केस दर्ज कराया था कि मेट्रोमोनियल साइट के जरिये सिंह गुप्ता नाम के व्यक्ति से उसका संपर्क हुआ। उसने खुद को शिकागो में आईटी इंजीनियर बताते हुए शादी का प्रस्ताव रखा। एक दिन उसने कहा कि वह साढ़े तीन करोड़ रुपये की ज्वेलरी लेकर शादी करने भारत आ रहा है। बाद में उसने खुद को मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग द्वारा पकड़े जाने की बात कही। अनीता नाम की युवती ने कस्टम अधिकारी बनकर युवती से बात की और मामले रफादफा करने के नाम पर पैसों की मांग की। इस तरह युवती से 35 लाख रुपये ऐंठ लिए गए।

अभय कुमार मिश्र का कहना है कि कॉलिंग में इस्तेमाल होने वाले मोबाइल नंबरों और जिन खातों में रकम ट्रांसफ र हुई थी, उन्हें खंगालने पर गैंग ट्रेस हो गया। गैंग का सरगना नाईजीरिया निवासी ममादूकोलू उदेकवे साइपीरियन है। वह मेघालय निवासी इबापीडियन घुन एम नोनगेसाई जे नाम की महिला के साथ मिलकर ठगी करता था। मेघालय निवासी महिला ने नाइजीरिया निवासी युवक से शादी की थी, जो कि गिरफ्तार आरोपी का दोस्त है।

सीओ ने बताया कि ममादूकोलू उदेकवे साइपीरियन मेट्रोमोनियल साइट पर फ र्जी अकाउंट बनाकर लड़कियों से संपर्क करता था। गिफ्ट लेकर भारत आने का झांसा देता था। इसके बाद वह खुद को एयरपोर्ट पर कस्टम द्वारा पकड़े जाने की कहानी रचता। मेघालय निवासी महिला साथी कस्टम अधिकारी बनकर पीड़िता को फ ोन करती थी, जब पीड़िता रकम ट्रांसफ र कर देती तो रिश्वत देने के आरोप में जेल भेजने की धमकी देकर रकम ऐंठती थी।



पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया नाईजीरियन युवक।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर नौ लाख हड़पे, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से नौ लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को गौतमबुद्धनगर की आईटी सेल ने गिरफ्तार किया है।

आईटी सेल के निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि लव कुमार ने दिसंबर में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया तथा विभिन्न मदों में उनसे करीब नौ लाख रुपए झटक लिए।

उन्होंने बताया कि इस मामले की पुलिस की आईटी सेल जांच कर रही थी और आज एक सूचना के आधार पर आकाश गिल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से छह मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड तथा आधार कार्ड आदि बरामद किए हैं। कुमार के अनुसार पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि इस व्यक्ति ने विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर कई लोगों से ठगी की है। पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है।



● छह मोबाइल और एटीएम कॉर्ड बरामद

## स्वच्छता का पाठ सीखेंगे प्राधिकरण कर्मचारी

**नोएडा।** स्वच्छता सर्वेक्षण में हर बार नंबर एक आने वाले इंदौर को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने वाले मोटिवेशनल स्पीकर अमर चौधरी अब नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाएंगे। इसके लिए प्राधिकरण आज (31 मार्च) और दो अप्रैल को कार्यक्रम आयोजित करेगा। पहले कार्यक्रम का आयोजन पंचशील बालक इंटर कॉलेज के सभागार में होगा। इसमें करीब 800 अधिकारी और कर्मचारी भाग लेंगे। इसके बाद दूसरा कार्यक्रम दो अप्रैल को इंदिरा गांधी कला केंद्र में आयोजित होगा। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि सर्वेक्षण के लिए शहर में जगह-जगह बैलून, होर्डिंग और नुक्कड़ नाटकों के जरिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# शिकायत के बाद बिल्डर के 50 फ्लैट प्राधिकरण ने किए सील

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-75 स्थित गोल्फ एवेन्यू के 50 फ्लैटों को प्राधिकरण ने सील कर दिया। यह फ्लैट लोगों की शिकायत और प्राधिकरण के आदेश की अनदेखी करने पर सील किए गए हैं। प्राधिकरण ने बिल्डर के इस प्रोजेक्ट के बिना बिके 50 फ्लैटों को सील किया है। इसकी पुष्टि वर्क सर्किल-6 के वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश कुमार वैश्य ने की है।

वरिष्ठ प्रबंधक ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा बिल्डर के खिलाफएक शिकायत पत्र प्राधिकरण सीईओ को भेजा गया था। जिसके बाद सीईओ ने इस पर कार्रवाई करते हुए बिल्डर को नोटिस भेज चेतावनी दी थी कि लोगों की समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए, लेकिन बिल्डर द्वारा इस नोटिस को अनदेखा कर दिया गया। जिस पर सीईओ के आदेश पर प्राधिकरण ने बिल्डर के गोल्फ एवेन्यू प्रोजेक्ट के 50 बिना बिके फ्लैटों को सील कर दिया है।



फ्लैट पर सीलिंग की कार्रवाई करते प्राधिकरण टीम के सदस्य।

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री राज कुमार पुत्र श्री लेख राज ने सुभाष नगर, तेहार-1, नई दिल्ली में स्थित फ्रीहोल्ड संपत्ति सं.-1/6 के पिछले हिस्से पर निर्मित, एक आवासीय द्वितीय तल बिना छत के अधिकार के, एरिया परिमाप 60 वर्ग गज, पंजीकृत बिक्री प्रमाण पत्र दिनांक 02.08.2019 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती परमजीत कौर और श्री राहुल इस संपत्ति को श्री राज कुमार पुत्र श्री लेख राज से एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रहे हैं और उसी के लिए, ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से सम्पर्क किया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/ अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE
My client, Mala Gupta, who is a registered owner of property bearing address Prop No 11/372-A, KHASRA NO. 18, VILLAGE SHAKARPUR KHAS, LALITA PARK, LAXMI NAGAR, ILLAQA SHAHDARA, DELHI-110092 Delhi, INDIA vide Registered Gift Deed dated 25.09.2017. Gift Deed executed by Angori Devi W/o Suresh Chandra, Aruna Gupta D/o Suresh Chandra, PremSagar Gupta, Rajesh Gupta, Devender Gupta all sons of Suresh Chandra Gupta in favour of Mala Gupta via document number 4,839 on 25/09/2017. The said property is under sale which is going to be mortgaged with IIFL Home Finance Limited by the purchaser. Any person/bank/ financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

Sale Notice
The under mentioned Assets will be sold through auction on "AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS" for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| S. No | Case Details | Asset Details |
|---|---|---|
| 1. | ICICI BANK LTD VS DHARMENDER, CS (COMM) 52/20 | Vehicle No. HR38Z5502 Make and Model- TATA WINGER, Manu Year - 2019 |
| 2. | ICICI BANK LTD VS BIJENDER KUMAR SINGH, CIS No. 2404/17 | Vehicle No- HR10Y9116, Make & Model- BEAT 1.0 LT OPT, Manu. Year-2015 |
| 3. | ICICI BANK LTD VS BHARTI and SUIT No.92-20 | Vehicle No- DL7CQ0817, Make & Model- HYUNDAI I-20 VTVT SPORTZ, Manu. Year-2017, Reserve Price: Rs. 2,20,000/- EMD Amount Rs. 22,000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original EMD at site with KYC |
| 4. | STATE VS. MOHAN LAL and ors. FIR No. 237/2020 | Vehicle No- DL2CAV9811, Make & Model-MARUTI UDYOG LTD ALTO K10 VXI AMT, Manu. Year- 2016 |
| 5. | STATE VS. BHUPINDER SINGH and ors. FIR No. 237/2020 | Vehicle No-UP16BS3462, Make & Model -MARUTI UDYOG LTD BREZZA ZDI PLUS, Manu. Year-2018 |
| 6. | ICICI BANK VS. SARVJEET SINGH CS (COMM) NO. 2133/2021 | Vehicle No.DL6CR8178 Make and Model: MARUTI SUZUKI Swift Manu. Yr. 2018 |

Auction Date: 8-April-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
Place of Auction:- Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School Sec-17, Sukhrali, Gurugram-122022
Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| S. No | Case Details | Asset Details |
|---|---|---|
| 1. | ICICI BANK LTD VS USMAN ALI , CS No. 854/18 | Vehicle No. DL4SCQ1544 Make and Model - TVS MOTORS LTD JUPITER, Manu Year – 2017 |
| 2. | ICICI BANK LTD VS SURENDER DUTT, CS No. 506/18 | Vehicle No- HR51BE3856, Make & Model- CHEVEROLET BEAT Diesel, Manu Year-2014, Reserve Price: Rs. 75,000/- EMD Amount Rs. 7500/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original EMD at site with KYC |

Auction Date: 18-April-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
Place of Auction: Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School Sec-17, Sukhrali, Gurugram-122022
Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)
Terms of Sale
The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favor of ICICI bank Limited, payable at Delhi (Wherein applicable) to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount wherein applicable) within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# रेस्टोरेंट के बाहर गर्भवती महिला की नाले में गिरकर मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● सफाई करते समय हुआ हादसा

खोड़ा इलाके में बुधवार सुबह एक 23 वर्षीय गर्भवती महिला की नाले में गिरकर मौत हो गई। यह हादसा महिला द्वारा रेस्टोरेंट के बाहर सफाई करते समय लोहे की सीढ़ी से पैर फिसलने के कारण हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मूलरूप से नेपाल निवासी दीपक बहादुर अपने परिवार संग खोड़ा के लोधी चौक मास्टर पार्क के पास एक रेस्टोरेंट में कुक का काम करते हैं। उनकी पत्नी सुंतला 23 भी इस रेस्टोरेंट में साफ-सफ ाई का काम करती थी। वह रेस्टोरेंट के ऊपर की पहली मंजिल पर परिवार संग रहते हैं। पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 11 बजे सुंतला रेस्टोरेंट के बाहर साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान नाले के ऊपर बनी लोहे की सीढ़ी से उसका पैर फि सल गया। संतुलन बिगड़ने की वजह से वह नाले में गिर गई।

पुलिस के मुताबिक, नाले की गहराई करीब पांच फु ट है। सड़क और नाला निर्माण कार्य के चलते नाले को तोड़ा गया था और उस पर लगी पटिया और सीढ़ियों को हटा दिया गया था।

PUBLIC NOTICE
I, Sanjay Kumar Singh, S/o Late Shri Sheshnath Singh, Sangeeta Singh W/o Sanjay Kr. Singh R/o A-78, Gali No-01, Jagat Puri, Nathu Colony Chowk Mandoli Road, Shahadra, Delhi-110093. Declares that our son Deepak Singh and daughter in low Vandana Singh are out of our control. We disown them from our movable immovable properties. Anybody deals with them at his own risk. We will not responsible for their acts.

नोटिस
मैं, संजीता थापा, आर.सी. एमएस- एसटीएसटी कोर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड आर.सी. सं० B-0682/DEL/COM/ 1000+/5/9045/2013 दिनांक: 22/12/2014 कार्यालय 53/3 तल भरत नगर न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी नई दिल्ली-110025 मैनपावर के निर्यात के लिए उत्प्रवास अधिनियम 1983 के तहत, मैं अपने व्यवसाय को तत्काल प्रभाव से बंद करने का इरादा रखती हूं। घटना में, मेरे खिलाफ कोई शिकायत है, उसी को 30 दिनों के भीतर संदर्भित किया जा सकता है। इस नोटिस का प्रकाशन शिकायत की प्रतियां रक्षा महानिदेशक विदेश मंत्रालय अकबर भवन, 10 वीं. मंजिल, सत्या मार्ग, चाणक्यपुरी नई दिल्ली-110021 को भी भेजी जा सकती हैं
स्थान: दिल्ली
दिनांक 31/03/2022
एस डी/ संजीता थापा (प्रबंध निदेशक)

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mr. AS Mohammad is owner of Property bearing No. 12/20 & 12/20_B, area measuring 100 sq., Yds., out of Khasra No. 160, Situated in the area of Village Babarpur, in the abadi of Kidwai Gali, East Babarpur, Illaqa Shahdara, Delhi (the said property), by virtue of two Relinquishment deeds both dated 02.12.2021, having registration No. 7737 & 7738, executed by Mrs. Bilkish Bono, Mr. Riyaj Mohammad & Mrs. Rukaiya Bano. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell First Floor of above property to Mohd. Zafar who is taking Loan facility for purchase the first floor from Fullerton India Home Finance Company, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner of the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mr. Harpreet Singh is owner of Entire Second floor without roof rights ("said floor") of property no. WZ-179, built on plot no. F-2, area measuring 46.5 sq. yds. part of khasra no. 784, situated in the area of village Tihar, Gali no. 4, Virender Nagar, New Delhi (the said property), by virtue of sale deed dated 11.06.2019, having registration no. 12340, executed by Mrs. Pushpinder Kaur. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said floor of above property to Mrs. Kusum who is taking Loan facility for purchase of the said floor from Fullerton India Home Finance Company, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner of the said floor, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

शुद्धिपत्र
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005
ऋण खाता नंबर 359005000438, कर्जदार का नाम सुभाष चंदर पुत्र भाना राम, संतोष देवी पुत्री भाना राम, कमलेश पुत्री भाना राम, वंदना पुत्री भाना राम, नीलम पुत्री भाना राम, सरस्वती पत्नी भाना राम, सुभाष चंदर पुत्र भाना राम, रति राम राम कुमार, सुनीता गर्ग पत्नी सुभाष चंदर के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत मांग सूचना प्रकाशन, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) के तहत 13.2 सूचना दिनांकित 22 फरवरी, 2022 में प्रकाशित की गई थी। हम यह उल्लेख करने के इच्छुक हैं कि उक्त प्रकाशन में असावधानीवश और बिना इरादा एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा 13.2 सूचना प्रकाशन में सम्पत्ति पता का वर्णन कॉमर्शियल प्रॉपर्टी/शॉप स्थित हाउस टैक्स यूनिट नंबर 445/3, कॉमर्शियल प्रॉपर्टी/तथा वसीका नंबर 748 तथा वसीका नंबर 748, जिला हिसार, बरवाला, हरियाणा के स्थान पर कॉमर्शियल प्रॉपर्टी/शॉप स्थित हाउस टैक्स यूनिट नंबर 445/3, कॉमर्शियल प्रॉपर्टी/तथा वसीका नंबर 1267 तथा वसीका नंबर 748, जिला हिसार, बरवाला, हरियाणा के रूप में किया गया है।
हम अतएव, आपसे उसको कॉमर्शियल प्रॉपर्टी/शॉप स्थित हाउस टैक्स यूनिट नंबर 445/3, कॉमर्शियल प्रॉपर्टी/तथा वसीका नंबर 1267 तथा वसीका नंबर 748, जिला हिसार, बरवाला, हरियाणा के रूप में किया गया है। के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।
दिनांक : 31-03-2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# जीजा पर गोली चलाने का आरोपी सिपाही गिरफ्तार

## पिस्तौल बरामद, अन्य को तलाश रही पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कासना क्षेत्र के लड़पुरा गांव में अपने जीजा पर गोली चलाने के आरोपी दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

कासना के थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सादुल्लापुर गांव निवासी दीपक की बहन की शादी अस्तौली गांव निवासी नवीन से हुई थी। दीपक की बहन ने 2020 में आत्महत्या कर ली थी। महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में नवीन पर मामला दर्ज हुआ था। नवीन के तीन बच्चे दो बेटे और एक बेटी है और पांच वर्षीय युवराज कई दिनों से अपने ननिहाल में दीपक के संरक्षण में था।

उन्होंने बताया कि नवीन ने बेटे को वापस लेने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया और 24 मार्च को दोनों पक्ष के बीच बच्चे को वापस नवीन को सौंपने का समझौता हुआ। लड़पूरा गांव में बच्चे को उसके पिता नवीन को वापस करना था। नवीन जब अपने बच्चे युवराज को लेने पहुंचा तभी मोटरसाइकिल से आए दीपक और उसके साथियों ने उसके ऊपर गोलियां चला दीं।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने बुधवार को दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल दीपक को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से घटना में इस्तेमाल पिस्तौल भी बरामद कर लिया है। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।



## साइबर ठगी के शिकार व्यापारी का पुलिस ने वापस दिलाए रुपए

**नोएडा।** सेक्टर 100 के एक केमिकल व्यापारी के खाते से अज्ञात साइबर ठगों द्वारा निकाले गए 9 .99 लाख रुपए साइबर थाना पुलिस ने उसे वापस करवा दिए हैं।

साइबर थाना सेक्टर 36 की प्रभारी निरीक्षक रीता यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले साइबर ठग ने खुद को बैंक का मैनेजर बताते हुए सेक्टर-100 के राघव त्रिपाठी को फोन कर कहा कि उनके खाते से पैन नंबर अपडेट नहीं है, फिर उसने दूसरे कर्मचारी से बात कराई और उन्हें झांसे में ले लिया।

# तीन अवैध कॉलोनियों में चला बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● कई निर्माण को प्राधिकरण ने कराया ध्वस्त

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) ने जेवर क्षेत्र में अवैध रूप से करीब 40 हेक्टेयर में बनाई जा रही कॉलोनियों के खिलाफ मंगलवार को सख्त कार्रवाई करते हुए वहां के मकानों को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

प्राधिकरण की टीम ने करीब 40 हेक्टेयर जमीन में बनाई जा रही तीन कॉलोनियों के मकानों को मंगलवार को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण कॉलोनी बनाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएगा। मंगलवार को प्रधिकरण की टीम झाझर से सटे अधिसूचित क्षेत्र में पहुंची। अधिसूचित क्षेत्र में बिना प्राधिकरण की अनुमति के कोई गतिविधि नहीं की जा सकती है। विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया और झाझर से सटे इलाके में बनाई जा रही कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। ऐसे लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा ताकि वे भविष्य में दोबारा ऐसी गतिविधि ना कर सकें।

जेवर क्षेत्र में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही अवैध कालोनियों का जाल फैलने लगा है। वाईईआईडीए इन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रहा है।



# नोएडा में बनकर तैयार हुआ बस टर्मिनल, जल्द होगा चालू

## पहले दुकानों और दफ्तरों की नीलामी कराएगा प्राधिकरण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर के निवासियों के लिए खुशखबरी है। नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-82 में बने बस टर्मिनल को जल्द ही परिवहन विभाग को सौंपने जा रही है। टर्मिनल का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसके लिए आधिकारिक तौर पर निगम से संपर्क भी किया है।

बस टर्मिनल संचालन से पहले प्राधिकरण यहां पर बनाई गई दुकाने, दस्तक, फू ड कोर्ट और रेस्टोरेंट बेचने की तैयारी जुट गई है। इन संपत्तियों को किस कीमत पर बेचा जाए इसका आकलन शुरू किया गया है। प्राधिकरण जल्दी इनको बेचने के लिए योजना लॉन्च करेगी।

इस बस टर्मिनल में कई अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। टर्मिनल में रेस्तरां, ऑफि स और दुकान सहित बाकी सुविधाएं होंगी। प्राधिकरण के द्वारा बस टर्मिनल सौंपने के बाद यहां से अन्य स्थानों से बस शिफ्ट की जाएंगी। टर्मिनल पर 39 बसों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बस टर्मिनल पर 26 कारों, 33 ऑटो, 12 टैक्सी और 24 स्टाफ कारों के लिए पार्किंग की सुविधा मिलेगी। बस टर्मिनल पर मरम्मत और धुलाई का इंतजाम भी होगा। भूतल पर बुकिंग सेंटर रिसेप्शन, सिटी बस टर्मिनल का ऑफि स, सार्वजनिक शौचालय, सिक्योरिटी जांच पॉइंट, फूड कोर्ट, एटीएम, रेस्टोरेंट, फायर कंट्रोल रूम और पुलिस पोस्ट होगी। इसके अलावा यहां पर वेटिंग एरिया फर्स्ट एड की व्यवस्था भी होगी।

बस टर्मिनल की पहली मंजिल पर 15 दुकाने, बैंक का ऑफि स, 2 किचन, एक फू ड कोर्ट, एक रेस्तरां और एक लाइब्रेरी का इंतजाम किया गया है। दूसरी मंजिल पर यात्री निवास होगा। इसके अलावा बस टर्मिनल पर साइबर कैफे, 7 सार्वजनिक शौचालय, 2 किचन, एक फू ड कोर्ट, एक वेटिंग एरिया और यात्री निवास के साथ रेस्ट रूम और शौचालय होंगे। तीसरी से आठवीं मंजिल तक 1.47.411 वर्ग मीटर क्षेत्र में ऑफि स होंगे।



प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-82 में बनाया गया बस डिपो।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 31 मार्च, 2022



गाजीपुर लैंडफिल आग

# एमसीडी पर ठोंका 50 लाख का जुर्माना



● घटना के वक्त ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : गोपाल राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल साइट में आग लगने को लेकर दिल्ली सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि रिपोर्ट के आधार पर डीपीसीसी को निर्देश दिया गया है कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाए। साथ ही घटनाके समय जो कर्मचारी और अधिकारी ड्यूटी पर थे उनकी लापरवाही को देखते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं भीषण आग को 50 घंटे बाद बुधवार शाम तक बुझा लिया गया। अग्नि शमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि आग बुझाने की कार्रवाई पूरी हो चुकी है और इस घटना में किसे के हताहत होने का कोई मामला नहीं आया।

गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा डीपीसीसी ने बुधवार को आग लगने के कारणों की डिटेल रिपोर्ट सबमिट की, जिसमें दिल्ली नगर निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण के मानदंडों में बड़े पैमाने पर लापरवाही सामने आई गई। लैंडफिल साइट पर 25 के बजाए केवल 21 ट्रोमेल ही काम करते पाए गए। एंटी स्मॉग गन भी काम नहीं कर रहा था। लैंडफिल साइट को देखरेख के लिए लगाए गए 24 सीसीटीवी कैमरे में से सिर्फ 17 काम करते हुए पाए गए हैं। यह सीसीटीवी कैमरे इस वजह से लगाए जाते हैं, ताकि अगर कोई आग लगे तो तुरंत संज्ञान में आए। उसको तुरंत नियंत्रित किया जा सके।

पर्यावरण विभाग, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, डीडीए, एमसीडी, फायर, एनडीएमए सहित अन्य विभागों की संयुक्त बैठक 4 अप्रैल को बुलाई गई है, जिससे इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि गाजीपुर लैंडफिल साइट में 28 मार्च को दोपहर आग लगने की घटना सामने आई थी। जिसकी वजह से वहां रहने वाले लोगों को सांस लेने की दिक्कत पैदा हो गई। विधानसभा के अंदर वहां के स्थानीय विधायक ने सवाल उठाए। इस घटना के संज्ञान में आते हुए डीपीसीसी को 24 घंटे के अंदर पूरे घटनाक्रम की जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिया था।

### 48 घंटे बाद भी लैंडफिल से निकल रहा धुंआ

*गोपाल राय के मुताबिक लैंडफिल साइट पर बायो माइनिंग की प्रक्रिया चल रही है। जिससे कि इस तरह की आग लगने की संभावना कम हो सके। लगभग 400 वर्ग मीटर तक आग लगी और फैल गई। 48 घंटे हो गए आग बुझने के बाद भी वहां से लगातार गैस और धुआं निकल रहा है। मंत्री ने बताया कि निगम को निर्देश दिए गए हैं कि जो कर्मचारी और अधिकारी ऑन ड्यूटी पर थे, उनकी लापरवाही को देखते हुए उनके खिलाफ एक्शन लिया जाए। उनकी जवाबदेही को तय किया जाए। इसके संबंध में डीपीसीसी की तरफ से एमसीडी को निर्देश दिया जा रहा है। जिससे कि इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकें। क्योंकि गर्मी बढ़ रहा है और लापरवाही की वजह से इस तरह की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। ऐसी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके इसलिए यह सख्त कार्रवाई की जा रही है।*



### ईडीएमसी कमिश्नर को समन जारी



*विधानसभा की पर्यावरण समिति की चेयरमैन आतिशी ने कहा कि गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग लगने के मामले में ईडीएमसी कमिश्नर और डीपीसीसी के चेयरमैन को समन जारी किया है। ईडीएमसी आयुक्त को यह पूछा गया है कि लैंडफिल साइट को साफ करने और आग को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। साथ ही कमेटी के सामने 4 अप्रैल को पेश होने से पहले कमिश्नर से 6 सवालों के जवाब भी मांगे गए हैं। आयुक्त से साइट पर रोजाना लाए जा रहे कूड़े की मात्रा बताने को कहा है। पिछले 2 साल में कितनी बार गाजीपुर लैंडफिल साइट में लगी आग का आंकड़ा भी बताने को कहा गया है।*

# ईडीएमसी सदन में भारी हंगामा भाजपा और आप पार्षद भिड़े

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी) के सदन की कार्यवाही के दौरान बुधवार को जमकर हंगामा हुआ और सत्तारूढ़ भाजपा और आम आदमी पार्टी के कई सदस्य आमने -सामने आ गए। फिल्म द कश्मीर फाइल्स से संबंधित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हालिया टिप्पणी को महेन्द्र केजरीवाल के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने को लेकर हंगामा शुरू हुआ।

दोनों दलों के कई पार्षदों ने एक-दूसरे के साथ हाथापाई की और दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे पर सदन की पवित्रता को तार-तार करने का आरोप लगाया। सदन की कार्यवाही की शुरुआत में वरिष्ठ नेता एवं 70 के दशक में स्थाई समिति के अध्यक्ष रहे ईश्वरी दास महाजन के निधन पर शोक जताया गया। ईडीएमसी की स्थाई समिति के अध्यक्ष बीर सिंह पंवार ने आरोप लगाया, उन्हें श्रद्धांजलि दिए जाने से पहले ही आप सदस्यों ने शोर-शराबा करना शुरू कर दिया और भाजपा सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया। पंवार ने दावा किया कि आप पार्षद आरोप लगा रहे थे कि फिल्म द कश्मीर फाइल्स और कश्मीरी पंडित समुदाय से संबंधित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हालिया टिप्पणी को लेकर भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने हाल में केजरीवाल के खिलाफ गलत बयानी की है। उन्होंने कहा कि आप पार्षद हाथापाई पर उतर आए, जिसके चलते भाजपा पार्षदों ने भी अपना बचाव किया। आप पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष मनोज कुमार त्यागी ने आरोप लगाया कि भाजपा सदस्य बाहुबल पर उतर आए और असंसदीय भाषा का प्रयोग किया। भाजपा सदस्यों ने महिलाओं समेत कई आप पार्षदों के साथ हाथापाई की।



### लोकसभा में बिल पास होने पर भाजपा ने प्रधानमंत्री व गृहमंत्री का जताया आभार

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने लोकसभा में निगम एकीकरण बिल पास होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि निगम को सुदृढ़ एवं आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए यह बिल बेहद जरुरी था। निगम का एकीकरण इसलिए भी जरुरी है क्योंकि पिछले सात सालों में दिल्ली सरकार द्वारा निगम के सभी कार्यों में बेवजह हस्तक्षेप किया जाता रहा है। बिल पास होने से निगम स्वतंत्र होगा। आदेश गुप्ता के अनुसार नगर निगम दिल्ली की जीवन रेखा है जिसे अरविंद केजरीवाल ने पूरी तरह से ध्वस्त करने की साजिश करते रहे हैं।

# भाजपा हमला व केजरीवाल सेवा वाली राजनीति करेंगे : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के विकास मॉडल को देश भर में सभी धर्म-जाति के लोगों का समर्थन मिल रहा है। इसी बौखलाहट में भाजपा ने मुख्यमंत्री पर हमला कराया है।

जब से पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तब से भाजपा और बौखला गई है। मनीष सिसोदिया ने कहा भाजपा हमले वाली राजनीति करती रहे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सेवा वाली राजनीति करते रहेंगे। भाजपा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के घर तक पहुंच गए और सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरा व बैरियर को तोड़ डाला। यहां सुरक्षा में लगी दिल्ली पुलिस मूक-दर्शक बनकर यह सब देखती रही। केजरीवाल की लोकप्रियता से खौफ खाई भाजपा उन्हें चुनाव में नहीं हरा पा रही है, तो साजिश रच कर उनकी हत्या करना चाहती है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा केजरीवाल को हाथ लगाने का प्रयास भी न करे, अन्यथा देश यह बर्दाश्त नहीं करेगा।

# बिजनेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम कॉलेजों में भी शुरू हो: सीएम

● छात्रों को केरियर बनाने में मिलेगी मदद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बिजनेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम को विश्वविद्यालयों और कॉलेज में भी शुरू किया जाना चाहिए ताकि पढ़ाई पूरी करने के बाद भी छात्रों के उद्यमशील विचारों में कोई बाधा नहीं आए।

इस कार्यक्रम के तहत कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों को व्यापार संबंधी विचार (बिजनेस आइडियाज) सामने लाने के लिए दो हजार रुपए दिए जाते हैं। केजरीवाल ने गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, सरकारी स्कूलों के छात्रों ने अब तक 52,000 करोबारी विचार पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि बिजनेस ब्लास्टर्स कार्यक्रम स्कूल और कॉलेज में भी शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करेगा की जब वे कॉलेज अथवा विश्वविद्यालयों में जाएं तो उनके विचारों को कोई झटका नहीं लगे। इसका नतीजा यह होगा कि जब वे कॉलेज से बाहर निकले तो वे तैयार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा प्रणाली सिर्फ यह सुनिश्चित करती है कि छात्र परीक्षा पास करें और डिग्री प्राप्त करें। इस बात की आवश्यकता है कि छात्रों पर काम किया जाए और कॉलेज छोड़ने से पहले उनके करियर के बारे में स्पष्टता पैदा की जाए। यदि वे उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह अच्छा है, लेकिन अगर वे काम करना चाहते हैं तो उन पर काम किया जाना चाहिए। एक लक्ष्य उन्मुख दृष्टिकोण की जरूरत है। कुलपति डॉ महेश वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को अपना रहा है। उन्होंने दिल्ली के बजट में विश्वविद्यालय के लिए 20 करोड़ रुपए आवंटित करने को लेकर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का आभार जताया। सिसोदिया भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# 14 अवैध शराब ठेको को सील करेगी भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● ठेके खुलने से घेरलू हिंसा बढ़ रही

आबकारी नीति के खिलाफ प्रदेश भाजपा अब पहले से भी अधिक आक्रमक आंदोलन चलाएगी। इस कड़ी में बृहस्पतिवार को सभी 14 जिलों के 14 शराब के ठेकों को पार्टी के पदाधिकारी, विधायक एवं कार्यकर्ता मिलकर सील करेंगे।

आने वाले समय में अवैध शराब की दुकानों की सील करने की संख्या और भी बढ़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब से शराब के ठेके खुले हैं तब से घरेलू हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन केजरीवाल सरकार इससे बिल्कुल बेखबर है। रिहायशी इलाकों, स्कूलों, मंदिरों एवं मुख्य बाजारों के बीच में एवं निगम के नियमों का उल्लंघन करके जितने भी ठेके खोले गए हैं उनमें से अधिकतम ठेकों को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं वहां के समाजिक संगठनों ने बंद करवा दिया है।

दिल्ली पहला ऐसा राज्य है जिन जगहों पर शराब के ठेके नहीं खुलने चाहिए थे वहां भी ठेके खोले गए हैं। ऐसे 123 वार्ड हैं जहां कानूनों का उल्लंघन करके शराब माफियाओं के साथ गठबंधन करके दिल्ली सरकार ने शराब के ठेके खोले।

# दिल्ली पुलिस सड़कों पर अवरोधक ऐसे ही नहीं छोड़ सकती: सरकार



**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा कि दिल्ली पुलिस को चाहिए कि जब अवरोधकों का इस्तेमाल न हो तो वह उन्हें सड़क से हटा दे, उसे सड़कों पर अवरोधकों को ऐसे ही नहीं छोड़ देना चाहिए। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस से मिले ब्यौरे के अनुसार, लोगों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए तय मानकों के आधार पर राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर और सीमाओं पर रणनीतिक रूप से अवरोध लगाए जाते हैं। सुरक्षा संबंधी मानक दिल्ली पुलिस के स्थाई आदेश और परिपत्र के मुताबिक होते हैं। राय ने बताया दिशानिर्देशों के अनुसार, किसी भी परिस्थिति में अवरोधकों को ऐसे ही नहीं छोड़ दिया जाना चाहिए बल्कि उपयोग न होने पर उन्हें सड़कों से हटा दिया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि अवरोधकों के बारे में कोई शिकायत मिलती है तो कानून के अनुसार समुचित कार्रवाई की जाती है।



केजरीवाल के कश्मीरी फाइल्स फिल्म पर दिए बयान पर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो: रंजन डिमरी

### एबीवीपी ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में संचालित स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के संबंध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा।

एबीवीपी जेएनयू के अध्यक्ष शिवम चौरसिया ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों सहित कुलपति से स्त्री रोग और नेत्र रोग विशेषज्ञ और छात्रों की काउंसलिंग के लिए मनोवैज्ञानिक की स्थायी नियुक्ति की मांग की। स्वास्थ्य केंद्र में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, आपातकाल की स्थिति में 5 आईसीयू बेड की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं नर्स या अटेंडेंट की उपस्थिति को अनिवार्य करने की मांग की है।

# वर्ष 2024 तक एनडीएमसी में हर घर नल व साफ पानी



● ग्रुप सी के कर्मचारियों के बच्चों के लिए पालिका स्वच्छता छात्रवृत्ति योजना को मंजूरी दी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एनडीएमसी ने परिषद की बैठक में जेजे क्लस्टरों में स्मार्ट मीटरिंग, स्मार्ट ग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता छात्रवृत्ति और जलापूर्ति कनेक्शन के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि 2024 तक सभी घरों में व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन जरिये सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि आम जनता को असुविधा से बचने के लिए एनडीएमसी 18 क्लस्टर सहित एनडीएमसी क्षेत्र के प्रत्येक निवासी के लिए जल कनेक्शन (पीने योग्य उपयोग) सुनिश्चित करेगा।

जल आपूर्ति विभाग नियत समय सीमा के साथ रिपोर्ट और लागत अनुमान तैयार करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि मई, 2022 में होने वाली परिषद की अगली बैठक में उसे रखा जाना चाहिए। एनडीएमसी ऐसा पहला निकाय है जो नल से पानी हर घर में लेकर जाएगी।

वहीं ग्रुप सी के कर्मचारियों के बच्चों के लिए पालिका स्वच्छता छात्रवृत्ति योजना को मंजूरी दी। बैठक में पास हुए स्मार्ट ग्रिड प्रस्ताव की जानकारी भी दी।

इस संकल्प से लगभग 150 दुकानों/स्टाल लाभान्वित होंगे। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने आयोजित अपनी परिषद की बैठक में मीनाक्षी लेखी, विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में एनडीएमसी अध्यक्ष धर्मेंद्र अन्य सदस्य कुलजीत सिंह चहल, गिरीश सचदेवा और विशाखा सैलानी के साथ-साथ सचिव ईशा खोसला की उपस्थिति में की गई।



### संजय कैंप में अल्ट्रा वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट

**नई दिल्ली।** चाणक्यपुरी स्थित संजय कैंप के लोगों को अब पीने साफ पानी मिलेगा। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने बुधवार को अल्ट्रा वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट का उद्घाटन किया। इस फिल्ट्रेशन प्लांट के जरिए हर घर को साफ और सुरक्षित पानी मिल सकेगा। अल्ट्रा वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड के सीएसआर फंड के माध्यम से स्थापित किया गया है। सेट अप के लिए छत और कक्ष नई दिल्ली नगर निगम द्वारा निर्माण किया गया। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि जल जीवन मिशन का प्रधानमंत्री का विजन सिर्फ लोगों तक पानी पहुंचाने का नहीं है, बल्कि यह भी विकेंद्रीकरण का एक बड़ा आंदोलन है। इसकी स्थापना सतत विकास लक्ष्य संख्या 6 के अनुरूप जल निस्पंदन संयंत्र की स्थापना और सभी नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के पीएम मोदी के दृष्टिकोण को प्रभावित करेगा। उनके द्वारा पहले 10,000 लीटर पानी की टंकी तकरीबन 6 विभिन जगाहो पे लगाई गई थी, जिससे कि वॉटर टैंकर की समस्या खत्म हो गयी थी। उसी प्रकार आज इस वाटर फिल्टर प्लांट को लगाने से संजय कैंप के सभी घरों को शुद्ध पेयजल मिल सकेगा और उनकी पीने के पानी की समस्या भी हल हो जाएगी। सभी निवासियों को वाटर एटीएम कार्ड जारी किया जाएगा और उस कार्ड के माध्यम से प्रत्येक निवासी को स्वच्छ पानी मिल सकेगा।

# राजधानी में अगले तीन माह में तीन लाख शादियां

## सभी प्रमुख बाजार तैयार, कारोबारियों को एक लाख करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान

ज़ाहिद अली। नई दिल्ली



राजधानी समेत देश भर में 14 अप्रैल से शादियों का सीजन शुरू होने वाला है। दिल्ली में तीन लाख तो देश भर में 40 लाख शादियों का अनुमान जताया जा रहा है। त्यौहार और शादियों के सीजन को देखते हुए व्यापारियों के चेहरे खिले हुए है और इसके मद्देनजर कारोबारियों ने तैयारियों शुरू कर दी है।

कोरोना प्रतिबंधों के चलते राजधानी में दुकानें बंद रही और व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। अब राजधानी में कोरोना प्रतिबंध लगभग खत्म हो चुके है जिससे बाजारों में आम खरीदारों की आवाजाही खूब हो रही है। बताया जा रहा है होली पर ही व्यापारियों को तीस प्रतिशत से अधिक व्यापार हुआ, जिससे व्यापारियों पुरान कर्जा निबटाने में मदद मिली। 3 अप्रैल से रमजान शुरू होने जा रहा है वहीं 14 अप्रैल से 9 जुलाई तक शादी का सीजन है। इस दौरान ईद और नवरात्रे की खरीदारी में होनी है।

शादियों और त्याहोरों को लेकर कारोबारियों गर्मियों के लिए अच्छा खासी स्टॉक जमा किया हुआ है। कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की अकेले दिल्ली में इस सीजन में लगभग 3 लाख से ज्यादा शादियों होने का अनुमान है और लगभग 1 लाख करोड़ रुपए के व्यापार की संभावना है। खंडेलवाल ने कहा अनेक प्रतिबंधों के चलते शादियों बहुत ही छोटे स्केल पर तथा कम संख्या में हुई थी।

एक लम्बे अर्से के बाद शादियों के सीजन में मुहूर्त के अनुसार 43 दिन का इस बार शादियों का मुहूर्त आया है। आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया किसनातन धर्म के अलावा आर्यसमाज, सिख समाज,पंजाबी बिरादरी, अन्य धर्मों सहित अन्य अनेक वर्ग हैं जो मुहूर्त के बारे में विचार नहीं करते किंतु फिर भी इस सीजन में ही अन्य अनेक लोग भी शादी करेंगे। भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री खंडेलवाल ने कहा की शादियों के सीजन के अच्छे व्यापार की संभावनाएं है।

### भ्रष्टाचार छिपाने के लिए केजरीवाल विरोधियों पर लगाते है आरोपः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने आप को घेरते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री खुद के मंत्रियों और विधायकों को बचाने के लिए विरोधियों पर आरोप लगाते है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल विधानसभा पटल का उपयोग बजट पर चर्चा करने की बजाय अपनी सरकार का प्रचार और अपने भ्रष्टाचार और कुप्रशासनिक व्यवस्था को छिपाने के लिए दूसरों पर झूठे आरोप लगा रहे है।

कुमार ने कहा आम आदमी पार्टी के लगभग 80 प्रतिशत मंत्री/विधायकों पर अपराधिक मामले दर्ज है। मंत्रियों और विधायकों को बचाने के लिए लोकायुक्त की नियुक्ति में देरी की औरलोकायुक्त में दर्ज 87 भ्रष्टाचार के मामले पर कभी कार्रवाई नहीं हुई।

# एम्स निदेशक पद के लिए अंतिम मंजूरी को एसीसी को भेजा जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● चयन के लिए तीन लोगों के नाम शामिल

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स), नई दिल्ली के निदेशक पद के लिए तलाश-सह-चयन समिति द्वारा चयनित तीन चिकित्सकों के नाम को संस्थान की एक प्रमुख इकाई ने मंजूरी दे दी है और इसे अब अंतिम मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) के पास भेजा जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि इस शीर्ष पद के लिए एम्स के जिन तीन चिकित्सकों के नाम की सिफारिश की गई है, उनमें अंत:स्राव रोग (एंडोक्राइन) विभागाध्यक्ष डॉ निखिल टंडन, एम्स ट्रॉमा सेंटर प्रमुख एवं अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ राजेश मल्होत्रा और संस्थान के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (पाचन तंत्र एवं उससे संबंधित रोग) के प्रोफेसर डॉ प्रमोद गर्ग शामिल हैं।

तलाश-सह-चयन समिति द्वारा चयनित इन नामों को एम्स से संबंधित निर्णय लेने वाली शीर्ष इकाई के समक्ष मंगलवार को रखा गया, जिसने इन पर मुहर लगा दी। सूत्रों ने बताया कि इन नामों को अंतिम मंजूरी के लिए, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एसीसी के पास भेजा जाएगा। एम्स के नए निदेशक के लिए नामों का चयन करने वाली चार सदस्यीय समिति की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण कर रहे थे।

# गुरुग्राम जिले के 104 आंगनबाड़ी केंद्रों को बना दिया प्ले स्कूल

## इनमें से 70 केंद्रों को किया सरकारी विद्यालयों में शिफ्ट

## शुक्रवार एक अप्रैल 2022 से होगी विधिवत शुरुआत



संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**जिले** के 104 आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड करके प्ले स्कूलों में तब्दील कर दिया गया है। इनमें से 70 केंद्रों को सरकारी विद्यालय में शिफ्ट किया गया है। अन्य आगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड करते हुए वहीं पर प्ले स्कूल संचालित किए जाएंगे। इसकी विधिवत शुरुआत एक अप्रैल 2022 शुक्रवार से हो रही है।

वर्तमान में जिला में 104 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें से 70 आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी विद्यालयों में शिफ्ट कर दिया गया है। जबकि अन्य 34 आंगनबाड़ी केंद्र पहले की तरह उन्हीं केंद्रों पर अपग्रेड होकर प्ले स्कूल की तरह चलेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक अप्रैल को इन आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल के तौर पर अपग्रेड करने का शुभारंभ करेंगे। हरियाणा सरकार द्वारा पूरे प्रदेश के चार हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल के तौर पर अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के आधार पर आंगनबाड़ियों का चयन किया गया है। प्ले स्कूल के तौर पर परिवर्तित किए जा रहे सभी आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी भवन या सरकारी स्कूल के भवन में संचालित किए जाएंगे। जिला गुरुग्राम में 104 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल में परिवर्तित किया जा रहा है। इस दौरान वहां पर रसोई, शौचालय, बिजली और पानी आदि की उचित व्यवस्था करते हुए बच्चों को सुविधाएं दी जाएंगी। इन स्कूलों में 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों को शुरुआती स्कूली शिक्षा प्रदान की जाएगी।

यहां अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया ने अतिरिक्त उपायुक्त को बताया कि इन प्ले स्कूल के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में पढ़ना लिखना सिखाया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को मेले के आयोजन संबंधी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीपीसी कल्पना रंगा सहित कई अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### आज होंगे स्कूल रैडिनेस मेले

**आज** 31 मार्च को जिला के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में स्कूल रैडिनेस मेले आयोजित किए जाएंगे। इन मेलों में अलग अलग काउंटर बनाते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्ले स्कूल में होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत कराया जाएगा। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी विद्यालयों में शिफ्ट किया गया है, वहां पर भी इस प्रकार के मेले आयोजित किए जाएंगे। इन मेलों में बच्चों के शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, सामाजिक भावनात्मक विकास, भाषा विकास और गणित विकास आदि गतिविधियों के बारे में बताया जाएगा।


बोधराज सीकरी


सतीश अलावादी


त्रिलोक आहुजा।

# बोध राज सीकरी के प्रयास से निरामया धर्मार्थ ट्रस्ट को मिला नया दृष्टि रथ

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम और आसपास के 60 किलोमीटर के दायरे में निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट नेत्र सेवा में अग्रसर है। चाहे आंखों की जांच, चश्में का नम्बर निकालना हो, मोतियाबिंद के ऑपरेशन हो, नेत्रदान हो अथवा नेत्र प्रत्यारोपण हो, निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट लगभग 19 साल से सेवारत है।

वर्ष 2012 में कंसर्न इंडिया फाउंडेशन ने एक बड़ी एम्बुलेंस निरामया ट्रस्ट को दी थी, जिसे दृष्टि रथ का रूप देकर 10 वर्ष नेत्र सेवा आपके द्वार के रूप में सेवा की गई। सरकारी आदेशानुसार 10 वर्ष के बाद वो रथ सड़क पर नहीं चल सकता था। जिस कारण 2-3 महीने तक सेवा स्थगित कर दी गयी। इस संस्था की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी, सतीश अलावादी अध्यक्ष मैसर्स स्वम तोयल पैकेजिंग इंडस्ट्रीज प्रा. लि. के माध्यम से 25 लाख रूपये की राशि निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट को प्रायोजित करवाई है। इसके द्वारा एक नया दृष्टि रथ जल्दी ही तैयार होकर गुरुग्राम व आस-पास के इलाके में नेत्र सेवा के लिए उपलब्ध रहेगा। टीम निरामया बोध राज सीकरी जी का धन्यवाद करती है और मैसर्स स्वम तोयल पैकेजिंग इंडस्ट्रीज प्रा. लि. के अध्यक्ष अलावादी का भी आभार व्यक्त करती है। निरामया ट्रस्ट पंजाबी बिरादरी महा संगठन के साथ नेत्र शिविर लगा कर सेवा के लिए सदा तत्पर थी और तत्पर रहेगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### 35 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को पढ़ाया जल संरक्षण का पाठ



**सोहना।** खंड की 35 ग्राम पंचायतों के लोगों ने जल संरक्षण करने की शपथ ली। ग्रामीणों ने कहा आने वाली पीढ़ी के लिए जल की बरबादी नहीं होने देंगे। क्षेत्र में तेजी से घटता भू जरूर स्तर को ध्यान में रखते हुए जलमंत्रालय भारत सरकार के आह्वान पर ग्रामीणों को जल संरक्षण का पाठ पढ़ाया गया। खंड की सभी 35 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठकों में पंचायत विभाग के सचिव, एसडीओ और बीडीपीओ ने भाग लिया। ग्रामीणों को घर में पानी की बरबादी को कम से कम करने की सलाह दी। बर्तनों में भरे पानी का सदुपयोग करने पर जोर दिया। कपड़ा धोने से स्नान करने और बिना उपयोग के जल छिड़काव न करने की सलाह दी। जल संरक्षण के तहत किसानों को अपने खेतों में कम से कम पानी के उपयोग वाली फसलें बुवाई करने पर जोर दिया। जिससे घटते भू जलस्तर को आने वाली पीढ़ी के लिए बचाया जा सके। किसान तिलहन वाली फसलें पैदा करें। किसानों को जरूर संरक्षण, जल प्रदूषण और जल बरबादी को रोकने की शपथ दिलाई गई। बीडीपीओ परमेंद्र सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण को लेकर हुई ग्राम सभा की बैठक सफल रही। समय-समय पर आम नागरिकों और किसानों को जल संरक्षण के अभियान चलाकर जागरूक किया जाता रहेगा।

### जिला न्यायिक परिसर में किया गया माइक्रो शिविर



**गुरुग्राम।** आजादी का अमृत महोत्सव के दृष्टिगत नालसा के तत्वावधान में गुरुग्राम जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने जिला बार एसोसिएशन गुरुग्राम के सहयोग से बुधवार को सरशादी लाल हॉल में अधिवक्ताओं और कर्मचारियों के लिए माइक्रो शिविर का आयोजन किया गया। जिला बार गुरुग्राम के प्रेसिडेंट विनोद कटारिया और सचिव राहुल भारद्वाज ने विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि देश की आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर माइक्रो शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें अलग अलग स्टॉल लगाकर सुविधाएं प्रदान की गयी। लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया, ताकि लोग सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। माइक्रो शिविर को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर आ रहे हैं। उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निवारण भी किया जा रहा है। इस दौरान 14 मई 2022 को लगने वाली लोक अदालत के लिए भी जागरुक किया गया। माइक्रो शिविर में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता ने लोक अदालत के फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि कोई विवाद कोर्टमें लंबित है या फिर कोई विवाद अभी कोर्ट में पहुंचा ही नहीं है। कोई पक्ष आपसी समझौता से विवाद को निपटाना चाहता है तो उसे लोक अदालत में रखा जा सकता है। माइक्रो शिविर में आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथिक विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर, योगा शिविर और मुफ्त दवाएं भी दी गई। उप-सिविल सर्जन डा. केशव ने टीबी और एचआईवी के बारे में जानकारी दी। यहां नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया। करीब 1000 लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# अभा सिविल सेवा एथलैटिक्स प्रतियोगिता का समापन

## विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलैटिक्स प्रतियोगिता का बुधवार को ताऊ देवीलाल स्टेडियम में विधिवत समापन किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मानित किया।

बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव ने कहा कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना बेस्ट दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी खेल में हार जीत से ज्यादा महत्व इस बात का है कि व्यक्ति खेलों में भाग ले। खेल से व्यक्ति को ना केवल नई ऊर्जा के साथ आगे बढने की प्रेरणा मिलती है, बल्कि इस दौरान काफी सिखने को भी मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में देशभर से खिलाड़ी भाग लेने के लिए पहुंचे हैं, जोकि उनके लिए भी एक अलग तरह का अनुभव है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में प्रतियोगिता में अवश्य भाग लें और हार जीत की परवाह किए बगैर अपना बेस्ट दें। उन्होंने अपने संबोधन में खेल भावना को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासित रहना सिखाते है जोकि खेल भावना को बल देता है। एसडीएम सतीश यादव के समक्ष 400 मीटर की दौड़ भी करवाई गई। श्री यादव ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका मनोबल भी बढाया। उन्होंने अलग-अलग प्रदेशों से आए खिलाड़ियों से तीन दिनों के दौरान के उनके अनुभव भी पूछे। खिलाड़ियों ने भी एसडीएम सतीश यादव का खुले दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे यहां से अच्छी स्मृतियां लेकर अपने घरों को लौटेंगे।

# सीएम विंडो ऐमिनेंट सदस्यों ने डीसी से की मुलाकात

## गुरुग्राम व बादशाहपुर के पांच सदस्य रहे शामिल

## सीएम विंडो की शिकायतों को गंभीरता से लेने की कही बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सीएम** विंडो पर आने वाली शिकायतों को समय पर और गंभीरता से उनका निवारण करने के लिए गुरुग्राम व बादशाहपुर के सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन ने बुधवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मुलाकात की। इस दौरान उनसे कई पहलुओं पर बात हुई।

एमिनेंट पर्सन सन्नी दौलताबाद, महेश वशिष्ठ, अमित गोयल, नितिन शांडिल्य और एनपी गर्ग ने जिला उपायुक्त को बताया कि सीएम विंडो पर जो शिकायतें आती हैं, उनमें से अधिकतर शिकायतों पर खाना-पूर्ति कर दी जाती है। अधिकारी बचाव करने के चक्कर में पीड़ित को न्याय नहीं दिला पाते। ऐसी धारणा सही नहीं है। सीएम विंडो आम आदमी को राहत दिलाने के उद्देश्य से गठित की गई है। जिन समस्याओं का समाधान सामान्य तौर पर नहीं हो जाता, उन्हें ही सीएम विंडो पर लोग लेकर जाते हैं। अगर सीएम विंडो पर भी खानापूर्ति होती रही तो फिर आम आदमी को न्याय कैसे मिल जाएगा। अमित गोयल ने कहा कि वे ऐसे अधिकारियों की सूची भी तैयार कर रहे हैं, जो कि सीएम विंडो के कार्यों को सिर्फ खानापूर्ति करके फाइलें बंद करने के चक्कर में रहते हैं। यह सोच और काम बिल्कुल भी सही नहीं है। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी एमिनेंट सदस्यों के सम्पर्क में कम रहते हैं।


गुरुग्राम के उपायुक्त से मुलाकात करते सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य।

उन्हें भी निर्देश दिए जाएं कि वे सदस्यों से संपर्क साधकर रखें, ताकि समस्याओं का समाधान परस्पर मिलकर भी किया जा सके। सदस्यों ने कहा कि नोडल अधिकारियों की सूची दी जाए और उनसे रूबरू कराया जाए। नोडल अधिकारी कर्मचारियों को साइन कराने को भेजते हैं, जबकि उन्हें स्वयं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी सीएम विंडो पर आने वाले शिकायतों को समय को बर्बादी भी समझ बैठते हैं, जोकि सही नहीं है। सरकार की यह एक व्यवस्था है कि आम आदमी को इस माध्यम से न्याय दिया जा सके।

सभी सदस्यों ने जनता की मांगों को लेकर यहां उपायुक्त से विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों को इस विषय पर गंभीरता से काम करने के आदेश जारी करें। सरकार के पूरे प्रयास हैं कि सभी को हर स्तर पर उचित न्याय मिले। आजादी के अमृत महोत्सव में सभी के सुखी, सभी के हित के बारे में सरकार काम कर रही है। हम सबको उसमें भागीदार बनना चाहिए। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सभी मांगों पर सहमति जताई और इस पर सकारात्मक काम करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के सभी 18 एमिनेंट सदस्य कभी भी उनके पास आकर मिल सकते हैं।

## परचून की दुकान में रखा सामान बाहर फेंकने पर मामला दर्ज

सोहना। एक ही परिवार के दो गुटों के बीच हुए आपसी विवाद में परचून की दुकान में भरा ढाई लाख रुपये का सामान रात के समय में बाहर फेंक दिया। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर की चुंगी नंबर एक पर रहने वाले हरिसिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पिता छह भाई थे। जिनके बीच में जमीन का बंटवारा हो चुका है, लेकिन उसके परिवार के डीगराम, गुरुदेव, धनपत पुत्रान कन्हैया लाल और सुखदे आदि ने उसकी दुकान में भरा करीब ढाई लाख रुपये का सामान बाहर फेंक दिया। दुकान का मलवा उसके छोटे भाई की दुकान के सामने फेंका गया। हरिसिंह ने बताया कि 25 मार्च की शाम को उसने अपनी दुकान रोजाना की तरह बंद की थी।

# दो दुकानों में हुई चोरियों का खुलासा न होने ने दुकानदारों की उड़ी नींद

सोहना। पुलिस 24 घंटे बाद भी बाईपास चौक पर स्पेयर पार्ट्स और शॉफ्ट वेयर की दुकानों में हुई चोरियों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। शहर में चोरियों की बढ़ती वारदातों से स्थानीय दुकानदार और व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं पुलिस जल्द ही चोरों का सुराग लगाने के लिए जांच कड़ी करने की बात कह रही है।

मार्च माह में शहर के अलग-अलग स्थानों पर बनी तीन दुकान और एक मकान में हुई चोरियों ने नागरिकों की रातों की नींद उड़ाकर रख दिया है। चोरों का गिरोह दिन प्रति दिन सक्रियता दिखा रहा है। सोमवार-मंगलवार रात बाईपास चौक पर बनी स्पेयर पार्ट्स व शॉफ्ट वेयर की दुकानों में हुई चोरियों का पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। शहर के छोटे दुकानदार हो या बड़े व्यापारी और आम नागरिक सभी की नजरें पुलिस पर टकटकी लगाए हुए हैं। ताकि शहर में बढ़ती चोरी की वारदातों पर अंकुश लग सके। सोमवार-मंगलवार रात को स्पेयर पार्ट्स व शॉफ्ट वेयर की दुकानों में हुई चोरी से सवा लाख रुपये की नकदी और लाख रुपये का कीमती सामान चोरी हो गया।

### नौ दिन में तीसरी बड़ी चोरी

इससे पहले 20 मार्च को शहर की अनाज मंडी में किराना सामान थोक विक्रेता की दुकान के दो शटरों को तोड़कर चोर लाखों रुपये का सामान चोरी करके ले गए थे। इसी दिन शहर की फ्रेंड्स कॉलोनी में चोर बंद मकान से करीब 3 लाख रुपये के जेवरात और 3500 रुपये चोरी कर ले गए थे।

### मार्च में हुईं चार चोरियां

मार्च माह में शहर में एक मकान समेत तीन दुकानों में चोरियां हुईं। चोरी के दौरान चोर दुकान और मकान में चोर अपने औजारों को मौके पर ही छोड़कर गए। जिससे शहर में चोरियां एक ही गिरोह द्वारा किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

सिटी थाना प्रभारी उमेश कुमार ने बताया कि रात के समय में गश्त को पहले से मजबूत किया है। चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चोरों का सुराग लगाने के लिए सख्ती से जांच की जा रही है। घटना स्थलों के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण : उमेश

## गुरुग्राम विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया संवाद कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरु** द्रोण की नगरी में गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया संवाद कार्यक्रम का बुधवार को शानदार ढंग से आगाज हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में देशभर से पत्रकार, लेखक और अन्य बुद्धिजीवी वर्ग शामिल हुआ।

जनसरोकारों के मुद्दों पर विद्वानों के बीच एक गहन संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से दो दिनों तक चलने वाले राष्ट्रीय मीडिया संवाद कार्यक्रम के पहले दिन मीडिया की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मीडिया निदेशक उमेश उपाध्याय ने कहा कि मीडिया को निष्पक्ष व वैचारिक समाचार दिखाना चाहिए, ताकि समाज में सकारात्मक माहौल पैदा हो। मीडिया की भूमिका यथार्थ सूचना प्रदाता एजेंसी के रूप में होनी चाहिए। सूचनाओं को तोड़-मरोड़ या दूषित कर प्रस्तुत करने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने समाचार पत्रों और समाचार चैनलों में हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि अनिल जोशी, उपाध्यक्ष, केंद्रीय हिंदी संस्थान ने इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।


गुरुग्राम विश्व विद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए। उन्होंने कहा कि वास्तव में अगर मीडिया निष्पक्ष व निडरता से काम करता है तो निश्चित ही इससे आने वाली पीढ़ियों के मन में लोकतांत्रिक मूल्यों का रोपण होगा। यह सभ्य समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है।

प्रो. संजय द्विवेदी महानिदेशक भारतीय जनसंचार संस्थान ने कहा कि राष्ट्रीय मूल्यों की स्थापना के लिए संवाद में भारतीय मूल्यों की बात होना यह सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। मीडिया समाज में शांति, सौहार्द, समरसता और सौजन्य की भावना विकसित कर सकता है। क्योंकि कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका के बाद मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। डीडी न्यूज के कार्यकारी संपादक अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारों को अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए, क्योंकि मीडिया किसी भी राष्ट्र की आंख, कान व मुंह होता है।

# क्या आपने साथी के खर्राटों से रात भर परेशान रहते हैं?

## क्या आप जानते हैं इन कारणों से ये खतरनाक हो सकता है?

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**आपका** साथी हर समय थका हुआ जाग सकता है क्योंकि वह पूर्ण विश्राम प्राप्त नहीं कर पा रहा है (शायद इसका का कारण उसे चुप कराने के लिए बार बार कोहनी का आघात करना भी हो कता है)। डॉ. मानव मनचंदा, एमबीबीएस, एमडी, डीएनबी क्रिटिकल केयर, सलाहकार - पुलमोनोलॉजी, एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस फरीदाबाद ने बताया यदि आपका साथी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेता है या समाधान खोजने का प्रयास नहीं करता है तो ऐसे में दोनों पक्षों में आक्रोश उत्पन्न हो सकता है। आपको अपने साथी के प्रकरण में दीर्घावधि से जारी निद्रा प्रवृत्ति, स्थिति या क्रम के संदर्भ में गम्भीरता से विचार करना होगा। इस स्थिति में उसका एक विशेषज्ञ से परीक्षण कराएं। जिससे अपूर्ण निद्रा का समुचित अध्ययन हो तथा खर्राटों की गम्भीरता ज्ञात हो सके। इसके समस्या की वृद्धि का एक अन्य कारण ये भी है कि अधिकांश लोग निद्रा सबंधी विशेषज्ञों की तुलना में पहले समस्या में वैवाहिक परामर्शदाता अथवा फिजियन से संपर्क करना बेहतर समझते हैं।

जबकि इसका निदान सर्वप्रथम घर से प्रारम्भ करना सर्वोत्तम है। खर्राटों के पीछे का विज्ञान स्लीप एपनिया के तहत प्रमुख रूप से कैस्केड की समस्या है। स्लीप एपनिया तब होता है जब आपका गला बंद हो जाता है और सांस रुक जाती है और रात भर बार-बार शुरू होती है। यह संभावित रूप से गंभीर नींद और स्वास्थ्य की स्थिति है, हालांकि हल्के से लेकर यह खतरनाक सीमा तक होती है। प्राथमिक खर्राटे बिना किसी एपनिया, या सांस की समाप्ति के क्लासिक लाउड अपर एयरवे ब्रीदिंग साउंड हैं।

पहले स्लीप एपनिया के लक्षण देखें। इसका उन्मूलन करने या निदान प्राप्त करने का प्रयास करें, क्योंकि जब आप जानते हैं कि आप किसके साथ काम कर रहे हैं, तो आगे बढ़ना आसान होगा। निम्नलिखित प्रश्न आपकी मदद कर सकते हैं, मुख्य रूप से स्लीप एपनिया का निदान -क्या आपके साथी को आमतौर पर पूर्ण निद्रा आती है? क्या सुबह सबसे ज्यादा थकान महसूस होती है? दिन में अत्यधिक तंद्रा और चिड़चिड़ापन का अनुभव होता है? अज्ञात कारणों से रात में बार-बार जागना (शोर के कारण या बाथरूम जाने की आवश्यकता के कारण नहीं)? एक बार में 5-10 सेकंड या उससे अधिक समय तक सांस लेना बंद करें? कितनी आवृत्ति? निद्रा अवधि में श्वसन हेतु हांफना? श्वसन के लिए हांफते हुए खुद को जगाना? क्या आपका बीएमआई 30 से ऊपर है, उच्च रक्तचाप या चौड़ी गर्दन (>16 इंच) है? स्लीप एपनिया के लिए ये संकेत और जोखिम कारक हैं। अगर आपने इन सभी सवालों के लिए ना कहा है, तो शायद यह स्लीप एपनिया नहीं है। यदि आपने इनमें से किसी भी प्रश्न के लिए हाँ कहा है, या आप निश्चित नहीं हैं, तो नींद के अध्ययन की आवश्यकता है।

### नींद का परीक्षण कैसे करें?

इसका सबसे आसान तरीका है कि अपने फैमिली डॉक्टर से संपर्क करें। स्लीप टेस्ट घर पर या सर्टिफाईड स्लीप क्लिनिक में किया जा सकता है। गोल्ड स्टैण्डर्ड इसी तरह का स्लीप क्लिनिक टेस्ट है, जिसके द्वारा स्लीप एप्निया का पूर्ण विश्लेषण किया जा सकता है।

# ठोस कचरा प्रबंधन को और बेहतर बनाया जाए : मुकेश कुमार आहुजा

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने बुधवार को ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं इकोग्रीन एनर्जी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। कार्य को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम तथा प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम की पालना सुनिश्चित करवाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। अगर कोई व्यक्ति इन नियमों की उल्लंघना करता है तो उसके चालान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बड़े स्तर पर चालान काटने का अभियान चलाएं, ताकि प्रभाव दिखाई दे। साथ ही उन्होंने कहा कि बार-बार चालान के बावजूद भी कोई व्यक्ति उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ संबंधित नियमों के तहत एफआईआर भी दर्ज करवाई जाए।

निगमायुक्त ने वरिष्ठ सफाई निरीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उनके जोन में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहां ठोस कचरा प्रबंधन नियम की पालना प्रभावी रूप से सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि अगले 15 दिन में प्रत्येक जोन में कम से कम 15 बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहां नियमों के तहत आवश्यक प्रबंध करवाएं। नियम के तहत प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पादक बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आते हैं तथा उन्हें स्वयं के स्तर पर ही उस कचरे का निस्तारण करना अनिवार्य है। नियम की पालना नहीं करने पर चालान सहित अन्य कार्रवाई किए जाने का प्रावधान है। निगमायुक्त ने वरिष्ठ सफाई निरीक्षकों को यह भी निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जोन में अनावश्यक खत्तों को बन्द करवाकर यह सुनिश्चित करें कि दुबारा से वहां पर कचरा ना डाला जाए। अगर बन्द किए गए खत्ते पर दुबारा से कचरा डाला जाता है, तो संबंधित वरिष्ठ सफाई निरीक्षक की जवाबदेही होगी तथा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही अधिकृत खत्तों पर कोई अनाधिकृत वैंडर कचरा ना डाले यह भी सुनिश्चित किया जाए।

# बजाज फिनसर्व ने सामान्य बीमा में होने वाली धोखाधड़ी के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए सावधान रहें, सेफ रहें कैंपेन का तीसरा संस्करण लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। पुणे

**वित्तीय** सेवा के क्षेत्र में आए दिन भोले-भाले लोगों के साथ धोखाधड़ी की खबरें आती रहती हैं, इसे देखते हुए भारत के सबसे बड़े वित्तीय सेवा प्रदाताओं में से एक, बजाज फिनसर्व लिमिटेड ने अपने डिजिटल कैंपेन सावधान रहें, सेफ रहें के तीसरे संस्करण की शुरुआत की है। इस कैंपेन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को शिक्षित करना और वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में तरह-तरह की धोखाधड़ी के प्रति आम जनता को जागरूक करना है। इस बार इस कैंपेन में सामान्य बीमा के क्षेत्र में होने वाली धोखाधड़ी से आम जनता को सुरक्षित रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

इस प्रचार अभियान के तीसरे संस्करण में लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए एक मजेदार जिंगल की मदद ली गई है। इसमें इस कैंपेन के मुख्य नायक गुप्ता उपभोक्ताओं को याद दिलाते हैं कि जब भी उन्हें सामान्य बीमा से जुड़ी धोखाधड़ी की स्थिति का सामना करना पड़े तो वह ना जी, ना जी, ना जी के मंत्र का जाप करें। यह कैंपेन बजाज फिनसर्व लिमिटेड और बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (बीएजीआईसी) के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव है।



इस कैंपेन में उपभोक्ताओं के याद रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं को उजागर किया गया है, जैसे कि -

- हमेशा केवल आधिकारिक वेबसाइट्स से ही पॉलिसी संबंधी जानकारी का सत्यापन करें।
- हमेशा कॉलर की सत्यता की जांच करें और कभी भी आकर्षक ऑफर्स के लिए अपनी पॉलिसी को न छोड़ें।
- कभी भी अनजान लोगों की ओर से दिए जाने वाले अविश्वसनीय बोनस, इंसेंटिव और दूसरे लाभ के बहकावे में नहीं आएं।
- एजेंसी या एजेंट को अपने बीमा का प्रीमियम कभी भी नकद अदा नहीं करें।
- कम प्रीमियम रेट के लालच में कभी नहीं पड़ें।
- बैंक क्लेम के फॉर्म पर कभी हस्ताक्षर नहीं करें, या एजेंट को पॉलिसी का फॉर्म भरने की इजाजत नहीं दें।
- कभी भी जल्दबाजी और बहुत ही कम समय के लिए दिए जाने वाले ऑफर के लालच में न पड़ें।

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पॉलिसीधारकों के लिए कंपनी ने इस महत्वपूर्ण बात पर भी जोर दिया है कि पॉलिसी से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी या सत्यापन केवल बीएजीआईसी की निकटतम शाखा में जाकर या https://www.bajajallianz.com/general-insurance.html की आधिकारिक वेबसाइट पर ही करना चाहिए। यहां तक कि किसी अनाधिकारिक, अनजान बिचौलियों के साथ बात करते समय आधानों के सावधानीपूर्वक चयनित क्रम के माध्यम से क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इसकी भी जांच कर लेनी चाहिए।

उपभोक्ताओं को जागरूक करने के अलावा बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी (बीएजीआईसी) ने सुरक्षा संबंधी कुछ टिप्स और दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं, जिससे रुपये-पैसे से संबंधित धोखाधड़ी की किसी स्थिति में सुरक्षित रहा जा सके।

# बीके अस्पताल में सीवर ओवरफ्लो की किसी को नहीं फिक्र

## इंजेक्शन लगवाने आ रही महिलाओं और बच्चों को इंफेक्शन का खतरा

कविता। फरीदाबाद



पीपी सेंटर में मौजूद सीवरेज के ओवर फ्लो होने से निकला गंदा पानी और कीड़े।

**बादशाह** खान अस्पताल में शनिवार से अर्बन फैमली प्लानिंग यूनिट में सीवर ओवरफ्लो के कारण सेंटर के अंदर गंदा पानी भरने लगा। जिसके कारण पिछले तीन दिनों से यहां बच्चों और महिलाओं को इंजेक्शन नहीं लग पा रहे हैं।

पिछले दो दिनों तक हुई कर्मचारी हड़ताल के कारण किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। हड़ताल समाप्त होने के बाद भी यहां किसी ने सुध नहीं ली। जिस कारण बुधवार को लगाए जाने वाले इंजेक्शन बच्चों को यहां नहीं लग सके। क्योंकि यहां सीवर से निकलने वाले गंदे पानी में कीड़े मकोड़े और गंदगी तक बह रही थी। ऐसे में इंफेक्शन का खतरा यहां आने वाले बच्चों पर साफ मंडरा रहा है। यहां इंजेक्शन लगवाने आई एक महिला ने पायनियर संवाददाता को बताया कि गंदे पानी की वजह से यहां खड़ा होना भी मुश्किल हो गया। जिस कारण अस्पताल से लौटने को मजबूर होना पड़ा।

शहर के बीके अस्पताल में मौजूद अर्बन फैमली प्लानिंग यूनिट (पीपी सेंटर) में रोजाना बच्चों को बीसीजी, हैपेटाईटिस, पोलियों इत्यादी और गर्भवती महिलाओं को टेटनेस के इंजेक्शन लगाए जाते है। वहीं बुधवार और शनिवार को सप्ताह में दो दिन बच्चों को पैंटा, डिपीटी, पीसीबी, रोटा और आईपीवी इंजेक्शन लगाए जाते हैं। लेकिन अर्बन फैमली प्लानिंग यूनिट में सोमवार से आ रहे बच्चों और महिलाओं को वापस लौटना पड़ रहा है। यहां सीवरेज ओवरफ्लों के कारण शनिवार से गंदा पानी, कीड़े और गंदगी तक फर्श पर देखने को मिल रही है। इंजेक्शन लगवाने के संग यहां इंफेक्शन न हो इसको देखते हुए यहां काम बंद किया हुआ है।

### क्या कहती हैं महिलाएं

महिलाओं द्वारा बताए जाने पर कि अर्बन फैमली प्लानिंग यूनिट में इंजेक्शन नहीं लगाए जा रहे हैं। पायनियर संवाददाता की तरफ से यूनिट में जाकर देखा गया तो पाया कि वहां सीवरेज की लाइनें जा रही हैं। तृतीय तल से होते हुए ग्राउंड फ्लोर पर आ रही यह सीवरेज की पाइप पूरी तरह से गल चुके हैं और ओवरफ्लो हो रहे हैं। जिस कारण यहां सीवरेज ओवरफ्लो के कारण गंदा पानी, कीड़े और गंदगी फर्श पर देखने को मिली। गंदी बदबू के कारण यहां नर्क में जीवन जीने के समान स्थिति बनी हुई थी। बच्चों और गर्भवती महिलाओं में इंफेक्शन के खतरे के चलते यहां काम को बंद किया हुआ था।

## रावल अकादमी ने 153 रनों से जीता मैच

**फरीदाबाद।** छठां रविन्द्र फागना अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए। कृष्णकांत भड़ाना ने 76 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 68 रन बनाए। अली ने 52 रन और विराट त्यागी ने 48 रन बनाए। अदित्या ने 5 विकेट, आयुष ने एक विकेट लिया। वर्षा अकादमी लक्ष्य का पीछा करते हुए 34 ओवर में 104 रन पर ढेर हो गई। दीपक ने 54 रन और नैतिक ने 13 रन बनाए। गेंदबाज लक्ष्य डागर ने तीन विकेट, वरदान बहल ने दो विकेट, अंश तायल और कर्तव्या भारद्वाज ने एक-एक विकेट लिया। अंत में यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी ने 153 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच कृष्णकांत भड़ाना को दिया गया।

# बढ़ती महंगाई ने किसान-मजदूर सहित सभी वर्ग की तोड़ी कमर

## हरियाणा सरकार अंधी और बहरी सरकार है वह न तो कर्मचारियों की सुनती है न ही जनता की सुनती है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पत्रकारों से वार्ता करते नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

**पूर्व** मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने किसान-मजदूर सहित आम गरीब व माध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। उन्होंने पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों को तत्काल वापस लें।

उन्होंने कहा कि आज समाज का हर वर्ग इस सरकार से दुखी है, किसान, मजदूर, कर्मचारी, छोटा व्यापारी, बेरोजगार समेत हर वर्ग को सरकार से निराशा हाथ लगी है। हरियाणा में सर्वाधिक बेरोजगारी, रिकॉर्ड महंगाई, आर्थिक मंदी, सबसे ज्यादा चोट आमजन पर पड़ी है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उदयभान, पूर्व विधायक ललित नागर, रघुवीर ड्क्षसह तेवतिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेश गौड, फरीदाबाद से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़े लखन सिंगला, पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगन डागर, रेनू चौहान, गुलशन बग्गा सहित अनेक कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा सरकार अंधी और बहरी सरकार है वह न तो कर्मचारियों की सुनती है न ही जनता की सुनती है। सरकार जब चलती है। जब सरकार लोगों का मन जीते ।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग को लेकर सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। विधानसभा में भी पुरानी पेंशन का मुद्दा उठाया था।

हरियाणा सरकार को राजस्थान व छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की तर्ज पर कर्मचारियों की मांग मानते हुए पुरानी पेंशन लागू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर मौजूदा सरकार पुरानी पेंशन लागू नहीं करेगी तो हमारी सरकार बनते ही हम पुरानी पेंशन लागू करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है। सभी कांग्रेसी एकजुट हैं। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कुलदीप विश्नाई और कुलदीप शर्मा का आपस का मामला है। कांग्रेस से उसका कोई लेना देना नहीं है। लेकिन उनमें भी मनभेद नहीं है। हरियाणा में आप का कोई आधार नहीं है। दीपेन्द्र सिंह हुड्डा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह पार्टी का मामला है। हमारी तरफ से ऐसा कोई प्रयास नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने प्रदेश को कर्ज में डुबोने के सिवाय कोई काम नहीं किया।

# पति की हत्या के प्रयास में महिला प्रेमी संग गिरफ्तार

## वारदात में इस्तेमाल बाइक और देशी पिस्तौल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





पीड़ित युवक की पत्नी। गोली मारने के आरोप में गिरफ्तार मोनू।

**थाना** खेड़ी पुल के क्षेत्र में एक महिला ने अपने प्रेमी संग मिलकर अपने ही घर में पति को गोली से मारने की कोशिश करवाई थी। मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त मुकेश कुमार मल्होत्रा ने थाना प्रबंधक को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसमें कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि घटना खेड़ीपुल थाना क्षेत्र के बुढैना गांव निवासी राजेश को उसकी पत्नी द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर अवैध हथियार से मारने की कोशिश का है। महिला ने प्रेमी को घर बुलाकर पति को गोली मरकर हत्या की कोशिश की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। घायल व्यक्ति को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया था। घायल व्यक्ति अभी सुरक्षित है। पीड़ित राजेश ने पुलिस को दी शिकायत जिसमें बताया कि 25 मार्च की रात करीब 9:15 बजे तिगांव रोड पर दुकान बंद कर घर जाने के लिए बाइक से निकले। जब वह रास्ते में आरएम हेल्थ केयर सेंटर के नजदीक पहुंचे तो पीछे से दो बाइक सवार आए और उनके ऊपर गोली चला दी। गोली दाहिने कूल्हे को छूकर निकल गई। राजेश ने अपनी शिकायत में बताया कि वह घर पहुंचकर करीब 11 बजे खाना खाकर दरवाजे बंद कर सो गए। रात करीब एक बजे पड़ोस में रहने वाला मोनू यादव उर्फ मुस्की एक अन्य लड़के के साथ घर में आकर धमकी देने लगा। विरोध करने पर उसने मेरे सिर के पास गोली मार दी। गोली का शोर सुनकर पीड़ित के परिजन उसके पास आ गए। मोनू व उसका भाग भाग गया।

# विधायक से की कौशल रोजगार निगम में शामिल करने की मांग

## मंत्री मूलचंद शर्मा बोले : मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे बात

**फरीदाबाद।** एजुकेशन वालंटियर्स ने तिगांव के विधायक राजेश नागर को एक ज्ञापन सौंपकर उन्हें कौशल रोजगार निगम से जोड़ने की मांग की। जिस पर विधायक नागर ने कौशल विकास मंत्री मूलचंद शर्मा से बात की और वालंटिसर्य को हर संभव मदद करने की बात कही।

बुधवार सुबह एजुकेशन वालंटियर्स के प्रतिनिधियों ने विधायक राजेश नागर से मुलाकात की। वालंटियर्स ने उन्हें बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के समग्र शिक्षा अभियान के तहत हर वर्ष एजुकेशन वालंटियर्स को नियुक्त किया जाता था जिनका काम किन्हीं कारणों से शिक्षा से वंचित रह गए बच्चों को मुख्यधारा से जोडऩा रहता है। उन्होंने बताया कि अधिकांश यह 6 से 9 महीने के लिए नियुक्तियां की जाती हैं। लेकिन पिछले दिनों सरकार द्वारा सभी कांट्रेक्ट और डीसी रेट की नियुक्तियों को रद्द करने के बाद वह लोग सडक़ पर आ गए हैं। उन्होंने बताया कि अब इस प्रकार की सभी नियुक्तियों को कौशल रोजगार निगम के पोर्टल के जरिए किया जाएगा।

वालंटियर्स ने बताया कि सरकार ने वोकेशनल टीचर्स को इस निगम में शामिल कर लिया है। विधायक राजेश नागर ने उनका ज्ञापन पत्र लेकर कौशल विकास मंत्री मूलचंद शर्मा से बात की। उन्होंने शर्मा को इस मामले में हर संभव मदद करने की बात कही। विधायक नागर ने एजुकेशनल वालटियर्स को भरोसा जताया कि वह इस मामले में हर संभव प्रयास करेंगे और उन्हें राहत दिलवाने की कोशिश करेंगे।

# फ्री नारियल पानी पिलाने वाले को मिली धमकी, केस दर्ज

## कश्मीर फाइल्स फिल्म की टिकट दिखाने पर की थी फ्री नारियल पानी पिलाने की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**बल्लभगढ़** एरिया में नारियल पानी विक्रेता को द कश्मीर फाइल फिल्म की टिकट दिखाने पर फ्री में नारियल पानी पिलाने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर धमकी देने के मामले में अरोपी के खिलाफ थाना शहर बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस को दी शकायत में पीड़ित ने बताया कि बल्लभगढ़ सेक्टर दो की मार्केट में उसकी नारियल पानी की दुकान है। कुछ दिन पहले उसने एक बैनर लगा कर लिखा था कि कश्मीर फाइल्स फिल्म की टिकट दिखाओ और फ्री नारियल पानी पाओ। उसका यह मैसज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके पश्चात विभिन्न जगह से फोन आए और लोगों ने उसकी सराहना की। लेकिन 28 मार्च को उसे एक नंबर से फोन आया। जिसमें आरोपी ने उसे यह बैनर हटाने की धमकी दी और कहा कि यदि उसने बैनर नहीं हटाया तो उसे इसके बुरे परिणाम भुगतने होंगे।

थाना प्रबंधक सिटी बल्लभगढ़ सत्यवान के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर थाने में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा पीड़ित को फोन कॉल के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। थाना पुलिस द्वारा इस मामले मे क्राइम ब्रांच की सहायता ली गई है। आरोपियों की तलाश जारी है, जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## आंगनबाड़ी वर्करों की 113वें दिन जारी रही हड़ताल

**फरीदाबाद।** आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों की अपनी मांगों की प्राप्ति के लिए लघु सचिवालय के सामने हड़ताल लगातार जारी है। हड़ताल को 113 दिन हो गए हैं। लेकिन हरियाणा की सरकार हड़ताली कर्मचारियों की मांगों को लागू करने के बजाय। वर्करों और हेल्परों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करके बंद सेंटरों को खुलवाने का दबाव बना रही है। हड़ताली सभा की अध्यक्षता उपप्रधान गीता चौहान ने की। हड़ताली कर्मचारियों को सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि यह हड़ताल 8 दिसंबर से शुरू हुई थी। इस दरमियान सरकार के साथ अनेकों दौर की वार्ताएं हुई। लेकिन बेनतीजा रही। सरकार हड़ताल को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना कर समझौता वार्ता को सिरे नहीं चढ़ा रही है। जबकि 17 मार्च को चंडीगढ़ में अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी।

# जान जोखिम में डाल करते हैं रेलवे लाइन पार

## रेलवे लाइन पार करने पर सजा और जुर्माने का प्रावधान है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बल्लभगढ़ स्थित रेलवे लाइन को पैदल पार करते मजदूर।

**रेलवे** ट्रैक पार करना जोखिम भरा होने के साथ ही यह अपराध की श्रेणी में भी आता है। जिसके तहत धारा 147 के तहत केस दर्ज होने पर 6 महीने कैद और एक हजार रूपये का जुर्माना है। इसके बावजूद लोगों में कानून का डर नहीं है। लगातार जुर्माना, गिरफ्तारी के बावजूद रोजाना रेल दुर्घटनाओं में मृत्यु की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन लोग नियमों का उल्लघंन कर रहे है। ओल्ड रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज होने के बावजूद लोग रेलवे लाइन पार करते नजर आए।


औद्योगिक नगरी होने के कारण यहां लाखों की संख्या में मजदूर हैं। यही कारण है कि शाम के समय फैक्ट्री से निकलते वक्त लोगों को बड़ी संख्या में रेल की पटरी पैदल पार करते हुए देखा जा सकता है। जबकि इंडियन रेलवे एक्ट 1989 के अंतर्गत रेलवे लाइनों का अतिक्रमण दंडात्मक अपराध है। इसके लिए सजा और जुर्माना दोनों का प्रावधान है। एक आंकडे के मुताबिक देश में हर दिन औसतन 40 लोगों की मौत रेल की पटरी पार करने के दौरान होती है। इसके बावजूद स्वंय को खतरे में डाल कर लोग प्रतिदिन यह अपराध करते हैं। इस बात की पुष्टि रेलवे द्वारा जारी आंकड़ों से होती है। ओल्ड फरीदाबाद स्थित आरपीएफ के एसएचओ उत्तम तौमर ने बताया कि गत वर्ष 2021 में रेल लाइन पार करते हुए पकड़े जाने पर आरपीएफ ने 319 लोगों का चालान किया था। वहीं चालू वर्ष 2022 में जनवरी से मार्च तक करीब 119 लोगों के चालान किए हैं। इन सभी 438 आरोपियों पर जुर्माना और सजा दिलाई गई।

उन्होंने बताया कि यह मुकदमे भारतीय रेल अधिनियम की धारा 147 के अंतर्गत दर्ज किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोग शॉर्टकट के चक्कर में फुटओवर ब्रिज का उपयोग करने से बचते हैं। जोकि पूरी तरह से गलत है। वहीं रेलवे लाइन पार कर रहे लोगों से जब इस विषय में बात की गई तो उन्होंने कहा कि ट्रैक पार करने से संबंधित सज़ा और जुर्माने की उन्हें कोई ज़ानकारी नहीं है। लोगों में जागरुकता का अभाव भी कानून के उल्लंघन का एक बड़ा कारण है। समय रहते अगर इसे रोका नहीं गया तो लोगों के मरने का औसतन आंकड़ा और भयावह हो सकता है।

## आठमान एवं विशाल भंडारे का आयोजन

**फरीदाबाद।** पिछले 12 वर्ष की खडेश्वरी तपस्या पूर्ण होने पर आगामी 3 मई को आठमान कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का आयोजन गांव पन्हेड़ा खुर्द स्थित श्री बाबा पंचनाथ शिव मंदिर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अलवर के सांसद पीर बालकनाथ तथा राजा निरमल नाथ शामिल होगें। यह जानकारी बाबा खडेसरी योगी अवधूत नाथ ने दी। बाबा खडेसरी योगी अवधूत नाथ इस कार्यक्रम का विशेष तौर पर निमंत्रण देने के लिए सेक्टर-12 स्थित अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली कार्यालय पर पहुंचे थे। सुरेन्द्र शर्मा बबली ने अपने कार्यालय पर आने पर बाबा खडेसरी योगी अवधूत नाथ व उनकी टीम के ज्ञानदेव वत्स सीही, गोकुलचंद नरियाला, सूरज सिंह पन्हेड़ा खुर्द, चौ. कुवरपाल पन्हेड़ा खुर्द, एडवोकेट ब्रिजमोन वशिष्ठ, महेन्द्र शर्मा ककड़ीपुर का सम्मान किया।

# गर्मी में पेट से संबंधित बीमारियों से रहें सतर्क



**फरीदाबाद।** गर्मी जैसे-जैसे बढ़ती है, वैसे-वैसे पेट से संबंधित स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। गर्मी शुरू होने के साथ ही अक्सर गैस, दस्त, अपच, कब्ज जैसी परेशानियां तंग करना शुरू कर देती हैं। तापमान ज्यादा बढ़ने से शरीर से पसीना बहुत ज्यादा निकलता है, जिससे शरीर में डिहाइड्रेशन यानि पानी की मात्रा कम हो जाती है। इससे शरीर की रोगों से लड़ने की शक्ति कमजोर हो जाती है।

यह बात क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि गर्माहट भरे वातावरण में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से बढ़ते हैं। गर्मी में भोजन भी जल्दी खराब हो जाता है और उसे खाने से पेट खराब हो सकता है। इससे आपको फूड पॉइजनिंग की समस्या हो सकती है क्योंकि फूड पॉइजनिंग दूषित खाद्य पदार्थों के सेवन से होती है। रोजाना ओपीडी में 4-5 मरीज डायरिया के आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में पाचन प्रणाली भी कमजोर हो जाती है। पेट में गर्मी भी बढ़ जाती है जिसके कारण छाती या सीने में जलन, सांस लेने में तकलीफ, खट्टी डकार आना, पेट फूलना और पेट में गैस बनने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए फाइबर युक्त आहार जैसे साबुत अनाज, चोकर, फल व सब्जियां, दालें व बीन्स का सेवन करें क्योंकि इनमें फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा अलसी, आलू बुखारा, चोकर, साबुत अनाजों में फाइबर की मौजूदगी आंतों को मजबूत बनाती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। खाना खाने का समय निश्चित रखें। गर्मी के मौसम में नियमित रूप से दही का सेवन या छाछ पिएं क्योंकि इनके सेवन से पेट में ठंडक बनी रहती है। डिब्बाबंद जूस की बजाय फल खा सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## किक बॉक्सिंग में मेडल जीतने पर किया सम्मान



किक बाक्सिंग में दो गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतने पर तन्मय शर्मा का स्वागत करते सेक्टरवासी।

**फरीदाबाद।** हाल में ही सिलीगुड़ी ( वेस्ट बंगाल) में संपन्न हुए चिल्ड्रन नेशनल किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट (2021-2022) में सेक्टर 21-ए निवासी राजकुमार शर्मा के पौत्र तन्मय शर्मा ने दो गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल जीतकर जिले एवं प्रदेश का नाम समूचे देश में रोशन किया है। तन्मय शर्मा की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर सेक्टर 21-ए के प्रगतिशील एवं बुद्धिजीवी लोगों ने दादा-पोते के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। विदित हो कि तन्मय शर्मा सपुत्र नितेश शर्मा एपीजे स्वरान ग्लोबल स्कूल सेक्टर 21-सी के छात्र है। जिन्होंने कोच मुकुल के निर्देशन में किक बॉक्सिंग का अभ्यास किया। कोच मुकुल ने बताया कि प्रतियोगिता में वेस्ट बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि राज्यों से आए खिलाड़ियों को हरा कर तन्मय शर्मा ने गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल जीता है। संत लाल शर्मा, जीतराम वशिष्ठ (उपप्रधान, डब्ल्यूसीआरए), रामवीर भडाना, योगेंद्र देशवाल, हरीश गुप्ता, युगल किशोर शर्मा, डॉ. पीकेएमके दास, राजीव शर्मा, केसी अग्रवाल, रामपाल अरोड़ा, प्रमोद गुप्ता, जीसी मित्तल आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## अच्छी पहल : एक अप्रैल से शुरू होगा प्ले स्कूल में दाखिला

**फरीदाबाद।** हरियाणा के बच्चों को प्री स्कूलिंग के लिए सरकार ने एक अप्रैल से नई व्यवस्था शुरू की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार राज्य में चार हजार चयनित प्राइमरी स्कूलों व आंगनबाड़ियों में प्री स्कूलिंग के लिए एक अप्रैल से बच्चों के दाखिले शुरू होंगे। जिला फरीदाबाद में 117 आंगनवाडी केन्द्रों को प्ले स्कूल में अपग्रेड किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि जिले में वर्ष 2021-22 में स्टेट रिसोर्स ग्रुप के प्रशिक्षण के अतिरिक्त सभी महिला एवं बाल विकास अधिकारीयों, पर्वेक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। साथ ही सभी ने बच्चों के साथ अपनी अभ्यास कक्षाओं को भी पूर्ण किया है। इस वर्ष की शुरुआत में ही दोबारा ओरिएंटेशन प्रशिक्षण पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में 31 मार्च को हरियाणा के सभी जिलों में प्ले स्कूल में एडमिशन के लिए स्कूल रेडीनैस मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को जागरूक करके माताओं को सशक्त बनाना है ताकि वे अपने बच्चों की प्रगति में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि विकासात्मक परिणामों में सुधार और अपने बच्चे को सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए घरेलू वातावरण भी उसी तरह का होना जरूरी है। स्कूल रेडीनैस मेले का उद्देश्य यह भी सुनिश्चित करना है कि बच्चे स्कूल के लिए तैयार हों। कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों और माताओं को मेले में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। मेले में लगे स्टाल्स में छोटे बच्चों के विकास के क्षेत्रों से सम्बंधित गतिविधियां कराई जाएगी जिनमें विकास के शारीरिक, मानसिक, भाषा, पूर्व गणित और सामाजिक एवं भावनात्मक क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज के सभी वर्गों के बच्चों को नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सरकार ने यह बेहतरीन पहल की है। उन्होंने जिला के सभी अभिभावकों से आह्वान किया है कि वे अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में कराने की बजाय इन प्री स्कूलों में कराएं। यहां पर उन्हें बेहतरीन माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। साथ ही उनका पूरा ख्याल भी रखा जाएगा।


## या पगड़ी शान सै म्हारी या पगड़ी आन सै म्हारी



सूरजकुंड मेला स्थित चौपाल पर पंजाबी भंगड़ा प्रस्तुत करते कलाकार।

**फरीदाबाद।** आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित 35 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में मुख्य चौपाल पर कलाकार सलीम हरियाणवी ने वीर शहीदों की याद में गीत के बोल-पगड़ी सर पे तू बंधवा ले, तेरे कद नै ऊंचा ठावेगी, या पगड़ी हरियाणे की दुनिया मैं छावेगी, या पगड़ी शान सै म्हारी या पगड़ी आन सै म्हारी गीत की प्रस्तुति देकर मेले में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए पर्यटकों को भाव-विभोर कर दिया। गुलशन बाबा द्वारा लिखित इस गीत को सलीम हरियाणवी ने अपने बोल देकर हरियाणा के वीरों की गाथाओं का वर्णन बड़े ही सुंदर ढंग से किया। उन्होंने गीत के माध्यम से बताया कि हरियाणा वीरों की भूमि है, यहां की मिट्टी में वीरता कूट कूट कर भरी हुई है। देश की सीमा पर हरियाणा का जवान भारत मां की रक्षा के लिए तैनात है। यहां के किसानों की मेहनत के बलबूते पर खेतों की मिट्टी भी सोना उगल रही है। इसके अलावा कला एवं सांस्कृतिक विभाग, हरियाणा की महिला कलाकारों ने खोड़िया नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। कलाकार अंजलि भाटी, सोनम, निशा, पूजा, शालु, दिव्या, निशा कुमारी, प्रीति आदि ने खोड़िया नृत्य किया, जिसे अंतरराष्ट्रीय मेले में देश-विदेश से आए पर्यटकों ने खूब सराहा। इसी क्रम में मुख्य चौपाल पर आयोजित कार्यक्रम की श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए पंजाब के पटियाला शहर से आए भंगड़ा नृत्य विधा के ग्रुप लीडर मनप्रीत सिंह ने पंजाबी लोक नृत्य भंगड़ा प्रस्तुत किया, जिसके बोल मुझ पर चोपड़ा दी, जज्बात जवानी के रहें। नामक गीत की प्रस्तुति पर दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई और भंगड़ा की धुन पर थिरकते भी नजर आए। भंगड़ा की शुरुआत होते हुए दर्शक दीर्घा में बैठे युवक युवतियों में भी नृत्य करने के लिए जोश पैदा हो गया, एकाएक दर्शकों ने भी भंगड़ा किया।

## रविंद्र फागना ने स्पोर्टिफी एसी को 224 रन से हराया



मैन आफ द मैच के पुरस्कार के साथ ऋषभ भाटिया।

**फरीदाबाद।** एसीएल डे और नाइट चैंपियनशिप लीग मैच दा डोम क्रिकेट मैदान गुरुग्राम में खेला गया। मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने स्पोर्टिफी एसी को 224 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंदर फागना ने बताया कि रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में एक विकेट पर 325 रन बनाए। ऋषभ भाटिया ने 105 रन, सागर कुशवा ने 104 रन, अनुराग ने 55 रन बनाए। स्पोर्टिफी एसी के गेंदबाज ईहंत शर्मा ने एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्टिफी एसी 28.2 ओवर में 10 विकेट पर 101 रन ही बना सकी। युवराज ने 23 रन, आयुष भल्ला ने 21 रन, कबीर ने 20 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के मोहम्मद शनिब ने चार विकेट, जतिन और ऋषभ ने दो-दो विकेट, कनव शर्मा ने एक विकेट ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ऋषभ भाटिया को दिया।

## मेले में एकाग्रता की कमी दूर करने के लिए बताए जा रहे उपाय

**फरीदाबाद।** अगर आपका मन अशांत है, भूलने की बीमारी है, एकाग्रता की कमी तथा नेगेटिविटी आपके मन में बार-बार आ रही हैं तो सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में चले आइए। यहां पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से स्प्रिचुअल हीलिंग क्लीनिक खोला गया है जहां पर ओरा डिजिटल मेडिटेशन मशीन के जरिए आपके बंद चक्र को खोलने का रास्ता बताया जाता है। छोटी चौपाल के नजदीक बनाए गए इस क्लीनिक में आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से बहन प्रीति ने बताया कि शरीर के सात चक्र सृष्टि की समस्त शक्तियों के केंद्र हैं। यहां पर ओरा मशीन के जरिए शरीर के सारे चक्कर देखे जाते हैं। शरीर का कौन सा चक्कर बंद है और इसे खोलने का क्या समाधान है, ये सब इस क्लीनिक में बताया जाता है। उन्होंने बताया कि अगर मानव अवगुणों से दूर रहना चाहता है तो उसके लिए योग और माइंडफुल खाना सबसे अहम होता है।

# केरल की स्थिति

## ट्रेड यूनियनवाद का शिकार

**केरल** में मार्क्सवादी सरकार होने के बावजूद यहां ट्रेड यूनियनवाद निजी पूंजी व सार्वजनिक कल्याण के बीच फंस गया है। पूंजीवाद के माध्यम से कल्याण क्रान्ति करने का काम खासकर केरल पर इसलिए छोड़ देना चाहिए क्योंकि वहां मार्क्सवादी झुकाव वाली सरकार है। केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों का विरोध करने वाले कामगारों की दो-दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल के बीच केरल उच्च न्यायालय का आदेश आया कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को हड़ताल में हिस्सा नहीं लेना चाहिए और यदि वे ऐसा करते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। पिनारई विजयन सरकार ने फौरन एक नोटिस जारी कर उस दिन काम से गायब रहने वालों पर काम नहीं-वेतन नहीं, सिद्धान्त लागू करने का निर्देश दे दिया। सरकारी आदेश का असर मुख्यतः ट्रेड यूनियनों पर पड़ा जिनमें से अधिकांश सत्तारूढ़ माकपा से जुड़ी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि माकपा इस स्थिति की व्याख्या कैसे करती है जब उसकी सरकार और कामगार हड़ताल के मुद्दे पर विरोधी खेमों में हैं जिसे मार्क्सवादी विरोध का मुख्य हथियार मानते हैं। पूछा जा सकता है कि मार्क्सवादी सरकार ने इतनी जल्दी उच्च न्यायालय का ऐसा निर्णय क्यों स्वीकार कर लिया जिससे ट्रेड यूनियन नेताओं में बहुत गुस्सा था। शायद यह पहली बार है कि विजयन सरकार 'नव्य केरलम' का प्रभाव देख रही है जिसका परिणाम वैचारिक समझौते के रूप में सामने आया है।



इस महीने के प्रारम्भ में हुए पार्टी सम्मेलन में यह विचार सामने रखा गया था। इस परियोजना के माध्यम से विजयन ने अपनी पार्टी को मजबूती से पूंजीवाद की ओर बढ़ाया है और इसका यह कह कर बचाव किया है कि वे पूंजीवाद व समाजवाद के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। अब उनका कहना है कि आर्थिक प्रगति जनता के कल्याण जितनी ही महत्वपूर्ण है और दोनों परस्पर जुड़े हैं। निजी निवेश बढ़ा कर विकास तेज किया जा सकता है।

चूंकि जनता के कल्याण हेतु पूंजीवादी संपदा एकत्र करने का लक्ष्य है, इसलिए मार्क्सवादी विचारधारा के पूंजीवाद के समक्ष झुक जाने का सवाल नहीं उठता है। आज या कल वे ट्रेड यूनियन नेताओं को मनाने का प्रयास करेंगे जिनमें से अधिकांश उनके नजदीकी साथी हैं। उन्हें उनको समझाना होगा कि सरकार की नई दिलचस्पी निजी निवेश लाना है ताकि केरल में बिजनेस सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके। प्रकारान्तर से इसका यह अर्थ भी है कि पुराने पड़ चुके श्रम कानूनों को जाना होगा। महत्वपूर्ण रूप से उन्होंने ट्रेड यूनियनों से 'समुचित व्यवहार' को कहा है। उन्हें ट्रेड यूनियन नेताओं को यह समझाना होगा कि हड़ताल और आंदोलन अब अतीत की चीजें बन गए हैं, जबकि नया मंत्र कर्मचारियों व प्रबंधन का एकसाथ काम कर मुनाफा कमाना है, भले ही कामगार इसके आदी नहीं हैं। केरल में 16,500 ट्रेड यूनियनों से जुड़े दो मिलियन कामगारों को नव्य केरलम मंत्र संमझना होगा। विजयन के शब्दों में उसका अर्थ है-'हमें कामगारों के हितों की रक्षा करनी है, पर हमें कामगारों की मांग पर भुगतान करने की निवेशकों की क्षमता भी देखनी होगी। हमें ऐसा परिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा जिसमें निवेश आकर्षित हो तथा राज्य का तेज विकास सुनिश्चित हो।' आने वाले दिनों में केरल में ट्रेड यूनियनवाद की गतिविधियों पर और लगाम लगेगी। उनको बताया जाएगा कि उद्योगों पर 'अनुचित' रूप से निशाना न लगाएं। माकपा से जुड़े सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स तथा कृषक संगम से विरोध के पूंजीवादी तरीके सीखने को कहना होगा।

# कहीं अगला कश्मीर न बन जाए असम?


असम में देशी मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि के बजाय बांग्लादेश से आने वाले अवैध घुसपैठियों से स्थिति खतरनाक बन रही है।


बिशालदीप काकाती


बागमिता बोरठाकुर

देश में कुछ खास समूहों का नस्ली सफाया आज एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। ऐसा खासकर फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' पर्दे पर आने के बाद हुआ है। इस फिल्म में मुख्यतः जम्मू कश्मीर में 1980 के दशकांत तथा 1990 के दशकारंभ में राजनीतिक उथलपुथल पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। इस कालखंड को संभवतः न केवल कश्मीर, बल्कि भारत के इतिहास में भी एक सर्वाधिक अंधेरा समय कहा जा सकता है। लेकिन पंडितों की पीड़ा या गावकदल नरसंहार पर गौर करते हुए इस तथ्य से सहमत होना पड़ेगा कि केन्द्र व राज्य प्रशासनों ने उपयुक्त कदम नहीं उठाए थे। इस कारण कश्मीर में सांप्रदायिक नरसंहार हुआ, जबकि इससे बचा जा सकता था। 1987 में फारूक अब्दुल्ला द्वारा जम्मू कश्मीर सरकार गठन के बाद जेकेएलएफ के उग्रवादियों को कश्मीर में वर्चस्व प्राप्त हो गया। इस कारण देशी कश्मीरी पंडितों व कश्मीरी मुसलमानों के बीच टकराव बढ़ा जो इससे पहले शांतिपूर्वक रह रहे थे। ऐतिहासिक विवरणों से स्पष्ट है कि इस कालखंड में मकबूल बट को फांसी की सजा देने वाले सेवानिवृत्त जज नीलकांत गंजू को अदालत परिसर के बाहर मार डाला गया, पत्रकार व वकील प्रेमनाथ बट को गोली से उड़ा दिया गया तथा अनेक अन्य लोगों को जेकेएलएफ का गुस्सा झेलना पड़ा।

इस समूह ने न केवल पाकिस्तान की प्रशंसा की, बल्कि अपना यह इरादा भी स्पष्ट कर दिया कि वह हिंदूवाद के खिलाफ इस्लाम को श्रेष्ठ प्रदर्शित करता है। इन घटनाओं के परिणामस्वरूप अनेक हिंदुओं व खासकर कश्मीरी पंडितों को अपनी जान के भय से कश्मीर छोड़ना पड़ा। कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति की एक रिपोर्ट के अनुसार, कश्मीरी पंडितों के लगभग 70,000 परिवारों को कश्मीर छोड़ना पड़ा तथा लगभग 399 उग्रवादियों द्वारा मारे गए। जम्मू कश्मीर प्रकरण से एक बात स्पष्ट होती है कि सीमा व शरणार्थी प्रबंधन में कमियों के साथ ही सुरक्षा क्षेत्र की विसंगतियों के कारण पैदा धार्मिक अतिवाद एवं प्रभुत्व न केवल राज्य के देशी लोगों को अल्पसंख्यक बना सकता है, बल्कि देश के दुश्मनों को भी राजनियक लाभ प्रदान करता है जो हिंसा-आधारित प्रचार का प्रयोग कर अपना क्षेत्राधिकार बढ़ाना चाहते हैं। इस संबंध में हमें न केवल पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर-पीओके के बारे में जानना चाहिए, बल्कि यह भी समझना होगा कि 1990 के दशक में कश्मीरी पंडितों से धर्मांतरण कर अपने उग्रवादी बनने, भागने या मरने के विकल्प दिए गए थे। ईमानदारी से कहा जाए तो कश्मीर अब भी तत्कालीन घटनाओं के नतीजे भुगत रहा है। अनुच्छेद 370 समाप्त करने से उस बेचैनी का मुकाबला करने का प्रयास किया जा रहा है जिसका सामना कश्मीर लंबे समय से कर रहा है।




लेकिन कश्मीर के संदर्भ में एक सवाल अब भी असम निवासियों के मन में उठ रहा है कि 'क्या असम अगला कश्मीर बनने जा रहा है?' इस सवाल की वैधता और गंभीरता पिछले 30-40 साल में अवैध प्रवासियों के कारण असम की जनसंख्या संरचना में व्यापक परिवर्तनों के कारण पैदा हुई है। यदि हम 1971 से 1991 के जनगणना आंकड़ो पर गौर करें तो मुस्लिम जनसंख्या की निरंतर व तेजी से वृद्धि सामने आएगी। ऐसा खासकर सीमान्त क्षेत्रों में हुआ है जिससे इस अवधारणा का सीधा संकेत मिलता है कि असम पर अवैध प्रवासियों ने 'हमला' कर दिया है। बांग्लादेश से निकट या उससे सीमा का साझा करने वाले धुबरी, बरपेटा, करीमगंज व हैलाकांडी जिलों की मुस्लिम जनसंख्या पर गौर कर इसे समझा जा सकता है। 2001 की जनगणना के अनुसार धुबरी में मुस्लिम जनसंख्या 74.3 प्रतिशत से बढ़ कर 79.67 प्रतिशत हो गई।

बरपेटा में मुस्लिम जनसंख्या 2001 में 59.3 प्रतिशत थी जो 2011 में बढ़ कर 70.74 प्रतिशत हो गई। हैलाकांडी में यह 2001 में 57.6 प्रतिशत से बढ़ कर 2011 में 60.32 प्रतिशत हो गई। करीमगंज में यह 2001 में 52.3 प्रतिशत थी जो 2011 में 56.36 प्रतिशत हो गई। इससे स्पष्ट है कि मुस्लिम जनसंख्या में वृद्धि बांग्लादेश से अवैध आप्रवास का प्रभाव है। लेकिन चिन्ताजनक तथ्य यह है कि हर गुजरते साल के साथ बहुसंख्यक मुस्लिम जनसंख्या वाले जिलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान समय में असम के 34 जिलों में से कम से कम 9 से 10 जिले मुस्लिम बहुसंख्यक हैं। महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि देशी मुस्लिमों की संख्या में वृद्धि कभी खतरनाक मुद्दा नहीं होती है, पर अवैध मुस्लिम आप्रवासियों की संख्या में वृद्धि से असम के देशी लोग खतरे में पड़ सकते हैं।

यदि असम के तीन जिलों-शिवसागर, जोरहाट व डिबरूगढ़ पर गौर किया जाए तो यहां मुस्लिम जनसंख्या का प्रतिशत 2011 की जनगणना के अनुसार क्रमशः 8.30 प्रतिशत, 5.01 प्रतिशत तथा 14.9 प्रतिशत था। इससे स्पष्ट है कि संभवतः देशी मुस्लिम जनसंख्या में वृद्धि की तुलना में अवैध आप्रवासी मुस्लिम जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है।

असम में 2011 की जनगणना के अनुसार, असम में हिंदू जनसंख्या 61 प्रतिशत तथा मुस्लिम जनसंख्या 34 प्रतिशत है। लेकिन अधिकाधिक जिलों में मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ने के कारण मुस्लिम बहुसंख्य जिलों की संख्या सूची में बढ़ती जा रही है। ऐसे में इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अवैध आप्रवासी एक जिले से दूसरे जिले में जा रहे होंगे। इससे न केवल अवैध आप्रवासियों के साथ मुस्लिम जनसंख्या बढ़ेगी, बल्कि इससे देशी समुदायों को भयानक खतरा पैदा होगा, भले ही उनका धर्म कोई भी क्यों न हो।

यदि हम त्रिपुरा राज्य की बात करें तो स्पष्ट होगा कि वहां देशी लोग पहले ही अल्पसंख्यक हो गए हैं और असम के मामले में भी इसी खतरे की अनदेखी नहीं की जा सकती है। यहां असमिया बोलने वालों की संख्या केवल 48.38 प्रतिशत है जो 1991 में 57.1 प्रतिशत तथा 2001 में 48.8 प्रतिशत थी। इससे भाषा, संस्कृति तथा असम के असमिया लोगों की पहचान को अतिरिक्त खतरा पैदा होता है। इन तथ्यों को देखते हुए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि यदि उपयुक्त कदम न उठाए जांए तो असम में नस्ली लोगों को बाहर निकालने, सांप्रदायिक आधार पर टकराव, धर्म-आधारित टकराव तथा लगभग वही होगा जो एक समय कश्मीर में बहुसंख्य कश्मीरी पंडितों के साथ हुआ था। यदि असम में समुचित सीमा व शरणार्थी प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिया गया और जनसंख्या संरचना में ऐसा ही अंतर आता रहा तो संभवतः बांग्लादेश-अधिकृत असम या बीओए जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

वास्तव में भाषा आंदोलन तथा असम आंदोलन जैसे लंबे आंदोलनों व संघर्षों के कारण मोटेतौर से देशी समुदायों की व्यापक पहचान बची हुई है। लेकिन यदि मुख्यतः अवैध आप्रवास के कारण असम की 35 प्रतिशत जनसंख्या की राजनयिक स्तर पर देखभाल नहीं की गई तो ये सारे प्रयास बेकार हो जाएंगे। इसलिए एक पार्टी द्वारा दूसरी पार्टी पर दोषारोपण के माहौल में यदि देशी असमी जनता एकजुट होकर घातक खतरों का सामना करने के लिए खड़ी नहीं हुई, भले ही उसका धर्म चाहे जो हो, तो वह समय ज्यादा दूर नहीं जब लोग कहेंगे 'असम: अगला कश्मीर'।

# बिचौलिया बनकर सौदेबाजी की पाकिस्तानी प्रवृत्ति


**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)

अनादि काल से, अपूरणीय महाशक्तियों को जनता की निगाहों के पीछे अपनी गंदी बोली लगाने के लिए हमेशा दलालों या दाइयों की आवश्यकता होती है। यह मूल रूप से अच्छे कार्यालयों का उपयोग करने या मध्यस्थता करने से अलग है क्योंकि इसमें सह-विकल्प के आधार पर जुड़ाव के स्थापित नियम शामिल हैं - यह, दुख की बात है, साज़िशों का चिकना क्षेत्र है, बेकार बोगी और सगाई के नाम पर उग्र सौदों। पाकिस्तान ने ऐतिहासिक रूप से राजनयिक दाई का काम किया है क्योंकि इसकी अदृश्य स्थापना का निर्माण अधिकारियों की नजर से एक सुरक्षात्मक लिबास देता है, क्योंकि जो सार्वजनिक रूप से कहा जाता है और जो निजी तौर पर अभ्यास किया जाता है, के बीच का अंतर हमेशा महत्वपूर्ण होता है। मूल समझौते में झुके हुए प्रतिभागी, जो अक्सर इस्लामाबाद द्वारा किया जाता है बाद में उसी को पेटेंट पाकिस्तानी दोहरी बात या द्वैधता के रूप में वर्णित करता है, उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य।

रियलपोलिटिक के जनक, हेनरी किसिंजर, एक अधिक बौद्धिक शब्द, व्यावहारिकता की कोमलता के तहत अपनी अनैतिकता को छिपाने के लिए शब्दार्थ के साथ खिलवाड़ करते थे। लेकिन 1971 में भारत को इसमें कोई संदेह नहीं था कि किसिंजर सैद्धांतिक नहीं थे और उनके खेल को समान विचारधारा वाले भागीदारों की आवश्यकता थी, जो उन्हें पाकिस्तान में आसानी से मिल जाते थे। कुछ भी हो, उन्होंने उन्हें दोहराव और यहां तक कि तथाकथित सहयोगियों (हाल के दिनों में अमेरिका को उस सबक को चुकाने की तुलना में अधिक) में करने का शोधन सिखाया। किसिंजर के जाने-माने भारत-विरोधी लंगर के अलावा, वह उस तबाही से वाकिफ थे कि उनका सहयोगी पाकिस्तान तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (ढाका में अमेरिकी महावाणिज्य दूत, आर्चर ब्लड, और भारत में अमेरिकी राजदूत, केनेथ कीटिंग) में असहाय बंगालियों पर हमला कर रहा था। पाकिस्तानी लूट और सफाया के बारे में नियमित रूप से केबल लगाना) - फिर भी, किसिंजर ने पाकिस्तानियों के प्रति अनुकूल झुकाव सुनिश्चित किया, केवल इसलिए कि वे उसकी चीन की गुप्त यात्रा की व्यवस्था कर रहे थे। सैंडहर्स्ट-प्रशिक्षित लेकिन बदचलन पाकिस्तानी तानाशाह याह्या खान की सेवाओं को किसिंजर का मनोरंजन करने के लिए बीजिंग में अपने ऑल-वेदर-फ्रेंड को उकसाने के लिए उकसाया गया था।



यहां तक कि चीनियों को भारत-पाक युद्ध में शामिल करने का प्रयास (उन भारतीयों को मौत के घाट उतारना), पाकिस्तानी लोगों की सेवाओं के लिए बदले की भावना के रूप में मेनू से बाहर नहीं था। पाकिस्तानियों द्वारा पेश किए गए उत्साही दाई के काम की ओर, किसिंजर ने निक्सन को वापस रिपोर्ट किया : याह्या ने पिछले हिंदू नरसंहार के बाद से ऐसा मज़ा नहीं किया है - बंगालियों पर आगामी अत्याचारों के बावजूद, एक पीआईए विमान ने 9 जुलाई को इस्लामाबाद से बीजिंग के लिए गुप्त रूप से उड़ान भरी, 1971, किसिंजर के साथ पाकिस्तान की यात्रा के दौरान बीमारी का बहाना करने के बाद। न तो पूर्वी पाकिस्तान, याह्या खान, और न ही चीनियों के साथ संबंध बहुत लंबे समय तक चलने वाले थे - लेकिन गुप्त रूप से दाई की कला को पाकिस्तानी प्रवृत्ति में संस्थागत रूप दिया गया था। बाद में एक और पाकिस्तानी तानाशाह, जिया-उल-हक, को 1980 के दशक में अफगानिस्तान के खूनी युद्ध में कुख्यात पाकिस्तानी आईएसआई के साथ मिलीभगत की प्रमुख एजेंसी के रूप में यूएस-सऊदी के नेतृत्व वाली साजिशों के बीच में मदद करनी थी। अंत में, दाई का काम करने का एक महंगा प्रयास सामने आया है जिसने अमेरिका, अफगान और पाकिस्तानियों सहित सभी को लहूलुहान कर दिया है, जो आज धार्मिक उग्रवाद के भंवर में फंस गए हैं। 90 के दशक की शुरुआत में शीत युद्ध की समाप्ति के साथ, अफगानिस्तान में अमेरिकी रुचि गायब हो गई और यह अपने पीछे विषाक्त भावनाओं का एक कुंड छोड़ गया (जैसा कि हमेशा होता है) - लेकिन पाकिस्तानियों ने खाड़ी के इशारे पर अफगान क्षेत्रों में अपना पहिया-सौदा जारी रखा। शेखडोम, जिनका अपना वहाबवादी एजेंडा था। फिर भी हिंसक परिणामों की एक और दलाली, जिसकी कीमत आज तक है। पाकिस्तानी फ्लिप-फ्लॉप की गाथा 9/11 के बाद समाप्त नहीं हुई, पाकिस्तान आधिकारिक तौर पर अफगानिस्तान में अपने स्वयं के निर्माण के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले आतंकके विरुद्ध युद्ध में शामिल हो गया, यानी तालिबान, बल्कि संदिग्ध ईमानदारी के साथ।

पिछले साल, अमेरिका ने अफगानिस्तान को उसके भाग्य पर छोड़ दिया (प्रभावी रूप से पाकिस्तानी समर्थित तालिबान के लिए) - तब से, केवल दो संप्रभु अभी भी वस्तुतः पैरा-आइस्ड तालिबान सरकार यानी पाकिस्तानियों और चीन के साथ उलझे हुए हैं! लाभ के साथ वार्ताकारों की भूमिका ने हमेशा इस्लामाबाद को प्रेरित किया है, भले ही इसमें रक्तपात करने वाले मिलिशिया या चीन जैसे देश शामिल हों, जो साथी उइगरों पर राज्य-प्रायोजित नरसंहार कर रहे हैं। दाई जो अन्यथा विश्व स्तर पर मुस्लिम अधिकारों के लिए ग्लैडीएटोरियल रूप से आसन करती है, जब उइगरों की बात आती है तो उसे बहुत ही चयनात्मक भूलने की बीमारी होती है। इसके विपरीत, पाकिस्तानी संशोधनवादी तालिबान और चीन के बीच एक सगाई को मिडवाइफ करके विस्तारवाद के लिए चीनी प्रवृत्ति को सुविधाजनक बना रहे हैं।

कुछ दिन पहले, चीनी विदेश मंत्री वांग यी के अचानक काबुल (कथित रूप से अघोषित) में उतरने का असली प्रकाशिकी खेल में पाकिस्तानी दाई के काम का संकेत था, फिर भी। दोनों पक्षों को प्राप्त करना, एक जीत का सौदा महत्वपूर्ण था और सह-धर्मवादी उइगरों के प्रति उनकी तथाकथित प्रतिबद्धता के अपेक्षित आत्मसमर्पण में - तालिबान ने एक भारित बयान जारी किया कि अफगान क्षेत्र का उपयोग किसी भी देश के खिलाफ नहीं किया जाएगा, अनकहा संदर्भ पूर्वी तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट जैसे उइगर संगठनों में निहित था। अपेक्षित रूप से, चीनियों ने पर्स के तार ढीले करने की पेशकश की और सीपीईसी (चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा) का विस्तार करने के लिए खतरा पैदा कर दिया।

## आप की बात

### कचरे से फैलता प्रदूषण

गत दिनों दिल्ली में कचरे के पहाड़ पर आग लग जाने से लगातार तीन दिनों तक विषैला धुआं और प्रदूषण फेलता रहा। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों की गई 2018-19 की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में रोजाना एक लाख बावन हजार छिहत्तर टन ठोस कचरा पैदा होता है। वहीं 2020-21 के आंकड़े बताते हैं कि भारत में हर साल दो सौ सतहत्तर अरब किलो कचरा निकलता है, यानी प्रति व्यक्ति दो सौ पांच किलो कचरा। इनमें से सत्तर प्रतिशत कचरा ही इकट्ठा किया जाता है, बाकी जमीन या पानी में इधर-उधर फैला रहता है। गांव कस्बों में भी अब प्लास्टिक के पहाड़ नजर आने लगे हैं। और सफाई कर्मी इन्हें इकट्ठा करके जला देते हैंद्य जिसका विषैला दुआ सर्वत्र फैल जाता हैं सरकार प्लास्टिक के उपयोग पर नियंत्रण लगाती है। मगर इनके उत्पादन पर रोक नहीं लगाती और नहीं बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विभिन्न उत्पादों के प्लास्टिक पैकिंग पर कोई रोक टोक है। यहां तक कि ?5 के कुरकुरे नमकीन के खाली पेकिंग भी सैकड़ों की संख्या में इधर उधर फैले रहते हैं। अत: सरकार द्वारा प्लास्टिक के उत्पादन पर सख्त पाबंदी के साथ ही लोगों को अब प्लास्टिक में पैक की गई वस्तुओं को लेने से इनकार करना होगा।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### घाटी का कड़वा सच

**काफी** लंबे समय से इस बात की देश में चर्चा होती रही है कि इतिहास जो हम लोगों दिखाया/ पढ़ाया जाता है सच उससे बहुत आगे है। तत्कालीन सरकारों की नीतियों ने एक बहुत बड़े सच को छुपा रखा था जो दि कश्मीर फाइल्स के जरिए आम जनता के सामने आया है। कश्मीरी पंडितों को जिस तरह की यातनाएं दैकर वतन छोड़ने को मजबूर किया उसकी गवाही देती है। फिल्म के बाजार में आते ही इस पर भी राजनीति शुरू हो गई है। फिजूल विरोध कर उसकी सच्चाई को दबाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन इस सच को नकारना न केवल इतिहास के साथ खिलवाड़ है वरन पीड़ितों के घावों पर नमक लेपने के समान है। सरकार को ऐसे निर्माता निर्देशकों को प्रोत्साहित करना चाहिए जो अपने कला कौशल से उन घृणित इतिहासों को खंगाल कर उसका सच जनता के सामने लाए जिन पर पर्दे पड़े हुए हैं। इस कदम से इतिहास का सच तो सामने आएगा ही लोगों की सिनेमा जगत में विश्वनियता भी बढ़ेगी जिसे आज केवल और केवल ठुमके लगाने का प्रशिक्षण केंद्र महज माना जाता है। असम,पंजाब जैसे कई राज्यों में हुए नरसंहारो का सच भी सामने लाया जाना चाहिए जिसे देश ने बड़ी बेअदबी से झेला है।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### एक राज्य, एक खेल

**लोकसभा** में एक प्रश्न के उत्तर में युवा एवं खेल राज्य मंत्री ने बताया कि सरकार एक राज्य,एक खेल योजना के बारे में विचार कर रही है ।इसके पूर्व केंद्र के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अनुराग ठाकुर एक राज्य,एक खेल के बारे में राज्यो के खेल मंत्रियों और अधिकारियों से डिजिटल माध्यम से बैठक कर चुके है ।राज्यो में इस योजना को लागू करने के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं ।केंद्र सरकार खेलो को बढ़ावा देने के लिये जल्दी ही इस योजना पर निर्णय लेने का विचार कर रही है ।सांसद हेमामालिनी ने पूछा था कि क्या प्रत्येक राज्य में उसके एक प्रमुख खेल को ध्यान में रखकर एक राज्य, एक खेल की नीति पर विचार करेगी। सरकार खेलो को बढ़ावा देने के लिये हर सम्भव प्रयास कर रही है। एक राज्य में एक खेल को बढ़ावा,प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओ से अच्छे खिलाड़ी तैयार होंगे ।जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान सम्मान बढ़ाएंगे। विशाल जनसंख्या वाले देश मे ओलंपिक आदि खेलों में पदकों का अभाव रहता है। देश मे नई खेल संस्कृति विकसित होनी चाहिये।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



**हमारी** सरकार ने सुनिश्चित किया है कि सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को स्वीकृति मिले।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**दिल्ली** के लाखों नौजवानों को सरकार से रोजगार की उम्मीद है, चाहे वह महत्वाकांक्षी हो, असंभव या कठिन।

- **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उप मुख्यमंत्री



**वित्तमंत्री** ने दिल्ली में रोजगार सृजन के लिए बजट में कोई प्रतिबद्धता या योजना नहीं पेश की है।

- **विजेन्द्र गुप्ता**
भाजपा विधायक

# औद्योगिक निवेश में बड़ी छलांग की तैयारी

● दस लाख करोड़ रुपये के निवेश लक्ष्य के साथ फिर होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के विकास का एजेंडा तय करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक बार फिर बड़ी छलांग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत अगले सौ दिनों में एक भव्य ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा। इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में उद्योग जगत के सभी प्रमुख औद्योगिक घरानों के मुखिया मौजूद रहेंगे। इस आयोजन के जरिए 10 लाख करोड़ रुपए के औद्योगिक निवेश को यूपी में लाने की कवायद शुरू होगी।

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश के जरिए रोजगार के अधिक्तम अवसर उपलब्ध कराना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। यूपी में सबने देखा है कि मार्च 2017 में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार आई थी, तब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी युवाओं को रोजगार देना। इसका संज्ञान लेते हुए ही शपथ ग्रहण के तीन दिन बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन के सभी प्रमुख सचिव और सचिवों के साथ बैठक करके यूपी में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने पर चर्चा की थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने नई औद्योगिक नीति बनाने के निर्देश देने के साथ ही 21 और 22 फरवरी 2018 को इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन लखनऊ में करने का फैसला किया। इस इन्वेस्टर्स समिट के जरिए मुख्यमंत्री ने लखनऊ के साथ-साथ यूपी की तस्वीर देश में बदलने की कोशिश की। जिसमें काफी हद तक सरकार सफल भी रही। अब फि उसी तर्ज पर राज्य में भव्य ग्राउंड सेरेमनी का आयोजन करने की तैयारी है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में यह पहला मौका था जब इतने बड़े पैमाने पर देश के जाने.माने उद्योगपतियों ने समिट में हिस्सा लिया। योगी सरकार को इस आयोजन में देश के नामी उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया था और समिट के दौरान 4.65 लाख करोड़ रुपये के 1065 एमओयू साइन हुए थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुए इस आयोजन में पहली बार राज्य में बड़े पैमाने पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एमओयू इस समिट में साइन हुए थे। औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार इंवेस्टर समिट में देश विदेश के बड़े निवेशकों ने 4.65 लाख करोड़ के 1045 निवेश प्रस्ताव सरकार को सौंपे थे। जिसमें से 215 निवेशकों ने 51240.25 करोड़ रुपए का निवेश कर अपने उद्यम स्थापित कर दिए हैं जबकि 130 निवेशक 37478.63 करोड़ रुपए का निवेश कर अपना उद्यम स्थापित कर रहे हैं और 449 निवेशक 86842.89 का निवेश कर अपना उद्यम स्थापित करने की कार्रवाई कर रहे हैं। राज्य की जीडीपी तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए इस तरह के औद्योगिक निवेश का आना जरुरी था। कोरोना संकट के दौरान भी राज्य में 96 निवेशकों ने 66000 करोड़ रुपए का निवेश यूपी में करने की पहल की। यहीं नहीं यूपी के डिफेंस कारिडोर में 50 हजार करोड़ रुपए के होने वाले निवेश से पांच लाख लोगों

राज्य में औद्योगिक निवेश के इस सिलसिले को बढ़ाने में अब सौ दिनों में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी अहम भूमिका निभाएगी। इसके जरिए प्रदेश में करीब 10 लाख करोड़ के निवेश को आकर्षित करने की शुरुआत होगी। संकल्प पत्र में इस लक्ष्य को रखा गया है। इस लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए उच्च स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। उद्योग जगत के नामी लोगों को इस आयोजन में आमंत्रित कर यूपी में बने औद्योगिक निवेश के माहौल को और बेहतर किया जाएगा।

# पीएम व सीएम आवास के लाभार्थियों के पात्रता की होगी जांच

## ग्राम्य विकास विभाग की प्रत्येक योजनाओं में नोडल अधिकारी नामित किए जाएंः केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में बुधवार को 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर ग्राम्य विकास विभाग से संबंधित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत लाभार्थियों की पात्रता की सघन जॉच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के सम्बन्ध में कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। मनरेगा योजनान्तर्गत डुप्लीकेट जॉब कार्ड को हटाये जाने एवं सभी नवीन जॉब कार्ड के सापेक्ष आधार सीडिंग वेब साइड पर अनिवार्य रूप से अंकित करने के निर्देश मौर्य ने दिये। उन्होंने कहा कि शहरी निकायों की भॉति मनरेगा के अन्तर्गत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों का मास्टर प्लान भी तैयार करा लिया जाए।



ग्राम पंचायतों में आवश्यकता के अनुसार सीसी रोड एवं जल निकासी नालियों की भी परियोजनायें बनायी जाये एवं श्रम सामग्री के अनुपात एवं अन्य अनुपातों प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन व कृषि कार्यद्ध को दृष्टिगत रखते हुए कार्य भी कराया जाए। मौर्य ने कहा कि यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूहों का अधिकाधिक गठन किया जाये, साथ ही एसईसीसी सूची से अभी भी जो परिवार समूहों में सम्मिलित नहीं हैं, उनके समूह बनाने का कार्य प्राथमिकता पर किया जाये। उन्होंने समूहों की क्रियाशीलता पर विशेष बल दिया जाये। निष्क्रिय समूहों को सक्रिय किया जाये। उन्होंने बीसी, सखी, महिला सामर्थ्य योजना एवं समूह की महिलाओं के द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे क्रियाकलापों पर विशेष बल दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यूपीएसआरएलएम में कार्य कर रहे एनजीओ का विवरण उपलब्ध कराने तथा विभाग द्वारा उनके प्रस्तुतीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये तथा आदर्श ग्राम बनाने हेतु देश के किसी राज्य में विकसित किए गये सर्वश्रेष्ठ मॉडल का अध्ययन कर सुझाव प्रस्तुत किया जाये। मौर्य ने विशेष जोर देते हुए कहा कि आगामी 100 दिनों में विभाग में वर्तमान में सभी रिक्तियों का अधियाचन भेजते हुए नियमानुसार भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण कराने तथा भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण के प्राविधानों का सही ढंग से पालन कराया जाय। प्रदेश के सभी मण्डलों में मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठकों का आयोजन कराया जाये। विकास खण्डों के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट प्राविधानों के साथ प्रस्ताव बनाया जाये। मौर्य ने निर्देश दिये कि विभाग की सभी योजनाओं के लिए एक टोल फ्री नम्बर तथा शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण 48 घण्टों के भीतर कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि विभाग द्वारा संचालित प्रत्येक योजना हेतु भारत सरकार से समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नामित किया जाये। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विभाग द्वारा अभिनव योजनाओं को प्रारम्भ किये जाने का हर संभव प्रयास किया जाय। उन्होंने समस्त प्रदेशों के ग्राम्य विकास विभाग के मंत्रियों के साथ सम्मेलन का आयोजन कराने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। स्वच्छ शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में ग्राम विकास अधिकारियों की जिम्मेदारी का निर्धारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक कल्याण संकल्प पत्र में सम्मिलित बिन्दुओं पर विभाग द्वारा कार्य योजना तैयार कर उसे निर्धारित समय.सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग वीरेन्द्र कुमार सिंह, मिशन निदेशक यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अधिशासी निदेशक यूपी राज्य ग्रामीण सड़क अभिकरण भानुचन्द्र गोस्वामी, अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सौ दिन लक्ष्य के साथ कार्य करें अधिकारीः शर्मा

● आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल कर लाइन हानियों को कम किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने ऊर्जा विभाग की अपनी पहली बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अधिकारियों को प्रदेश सरकार की मंशानुरूप उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 100 दिन की कार्ययोजना बनाकर उस पर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गर्मी में उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए अभी से विद्युत सुधार पर कार्य किया जाए। साथ ही आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल कर लाइन हानियों को कम किया जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सेवाओं को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। ऊर्जा मंत्री आज शक्ति भवन में प्रदेश की विद्युत आपूर्ति, राजस्व वसूली, लाइन लास, विद्युत चोरी एवं उपभोक्ताओं तथा कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 3 महीने की कार्ययोजना बनाकर लाइन लास को कम किया जाए। इसके लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के साथ कार्मिकों की कार्य क्षमता में वृद्धि के लिए इनके नियमित प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाए। राजस्व वसूली को बढ़ाने के साथ मीटरिंग, बिलिंग एवं कलेक्शन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपकेंद्र, फीडर एवं ट्रांसफार्मर का लोड चेक करने के साथ ही यहां से हो रही बिजली खपत की रिपोर्ट भी तैयार की जाएए जिससे विद्युत आपूर्ति एवं इसके सापेक्ष हो रही राजस्व वसूली की प्रगति का आंकलन किया जा सके। ऊर्जा मंत्री ने चेयरमैन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन एम देवराज को निर्देशित किया कि लाइन हानियों को कम करने के लिए बिजली चोरी पर भी प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा शत-प्रतिशत बिलिंग की व्यवस्था पर कार्य किया जाए। अयोध्या, काशी की भांति ही लखनऊ में भी भूमिगत केबलिंग करायी जाए। विद्युत वितरण प्रणाली को मजबूत बनाएं जिससे कि आने वाले समय में प्रदेश को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा सके।

# गेहूं खरीद के लिए पर्याप्त क्रय केन्द्रों की स्थापना की जाए

● क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए पानी पीने व बैठने की सुविधाएं उपलब्ध रखी जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के खाद्य एवं रसद विभाग राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में एक बैठक की गई। मंत्री ने बैठक के दौरान निर्देश दिए कि गेहॅू खरीद के लिए पर्याप्त क्रय केन्द्रों की स्थापना की जाए तथा क्रय केन्द्रों को इस प्रकार खोला जाए कि वे समानुपातिक रूप से किसानों के लिए सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो और किसानों को गेहॅू विक्रय के लिए अधिक दूरी न तय करनी पड़े और ऐसा न हो कि एक ही स्थान पर कई केन्द्र न स्थापित हो जाए और कुछ स्थलों पर कोई केन्द्र न रहें। राज्यमंत्री ने कहा कि क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए पानी पीने एवं बैठने आदि की सुविधाएं उपलब्ध रखी जाए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादन से छूटे हुये पात्र लोगों को पात्र गृहस्थी राशन कार्ड नियमानुसार निर्गत कर दिये जाए। इसी प्रकार जो यूनिटें राशन कार्डों में जोड़ने के लिए अवशेष हैं उन्हें भी नियमानुसार जोड़ दिया जाए। शर्मा ने कहा कि सम्बद्ध उचित दर दुकानों का व्यवस्थापन शीघ्र किया जाए। निलम्बित उचित दर दुकानों पर निर्णय तथा रिक्त उचित दर दुकानों पर नियुक्तियॉ अभियान चलाकर पूर्ण की जाए।

## सरकार की पकड़ से दूर हैं नकल माफियाः मायावती

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने यूपी बोर्ड के बारहवीं का अंग्रेजी पेपर लीक होने पर योगी सरकार को घेरा है। मायावती ने कहा कि यूपी में बार-बार पेपर लीक हो रहे हैं। इससे जाहिर है कि नकल माफिया सरकार की पकड़ से दूर हैं। इससे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षाओं में पेपर लीक होने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज दोपहर इंटर की अंग्रेजी विषय की परीक्षा होने से पहले पेपर लीक होने के बाद गोरखपुर व वाराणसी सहित प्रदेश के 24 जिलों में परीक्षा रद्द करनी पड़ी है। छात्रों के जीवन से बार-बार ऐसा खिलवाड़ क्या उचित है। अपने दूसरे ट्वीट में मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बार-बार पेपर लीक होने से ऐसा लगता है कि नकल माफिया सरकार की पकड़ व सख्ती से बाहर हैं, किन्तु इस प्रकार की गंभीर घटनाओं से प्रदेश की पूरे देश में होने वाली बदनामी आदि के लिए असली कसूरवार व जवाबदेह कौन? उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## विदेश दौरों के बिना भी संभव है समग्र विकास

**लखनऊ।** विधानसभा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से विदेश भ्रमण के संबंध में दिए गए बयान को लेकर बसपा अध्यक्ष मायावती ने उन पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने एक दिन पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा में अध्यक्ष पद पर सतीश महाना के बयान के बाद स्वागत भाषण में उनकी विदेश यात्राओं का जिक्र किया था। इसके साथ ही अखिलेश ने अपने शासनकाल में की गई विदेशी यात्राओं को जोड़ा। दरअसल इन विदेश यात्राओं का तब बहुजन समाज पार्टी ने कड़ा विरोध किया था। मायावती ने एक बार फिर इस मुद्दे पर अखिलेश को घेरा और कहा कि बिना विदेश गए भी प्रदेश का समग्र विकास किया जा सकता है। नवनिर्वाचित यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के अनेकों बार विदेश भ्रमण की आड़ में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव का अपने विदेश दौरों को विकास के बहाने उचित ठहराने का प्रयास उनकी उस कमियों पर पर्दा डालने की कोशिश है।

# शिवपाल सिंह यादव सहित अन्य विधायकों ने ली शपथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गोरखपुर की कैम्पियरगंज से निर्वाचित फतेह बहादुर सिंह, कानपुर के गोविन्दनगर सुरेन्द्र मैथानी, हरदोई के बिलग्राम-मल्लावां से आशीष कुमार सिंह आशू एवं इटावा के जसवन्तनगर शिवपाल सिंह यादव को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। विधायकों ने विधान सभा अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित होकर शपथ ग्रहण की। विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान, विधान सभा कार्य संचालन नियमावली भेंट की। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने सभी विधायकों को बधाई देते हुए कहा कि वह विधान सभा में एक जागरूक एवं सफल विधायक के रूप में कामयाब एवं यशस्वी हो। साथ ही सदन में होने वाले वाद-विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की जनता के जनहित की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। इस अवसर पर प्रमुख सचिवए विधान सभा प्रदीप कुमार दुबे व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न अनुभागों का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने विधान सभा स्थित विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। विधान सभा के साइबर सेल, लेखा अनुभाग, अधिष्ठान, संसदीय एवं प्रश्न आदि अनुभागों के अनुभाग अधिकारियों समेत सभी कर्मियों से उनके कार्य की प्रकृति एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अध्यक्ष ने सभी अनुभागों के अनुभाग अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने कार्य को द्रुति गति से सम्पादित करने के साथ-साथ अपने कार्य की गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश दिये। विधायकों से प्राप्त होने वाले प्रश्नों व अन्य सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही सम्पन्न करने के भी निर्देश दिये। इसके पूर्व अध्यक्ष ने राजर्षि पुरूषोत्तम दास टण्डन हॉल में विधान सभा के सभी अधिकारियों



को सम्बोधित करते हुए कहा कि आधुनिकता के दौर में विधान सभा की कार्य प्रणाली को भी आधुनिकतम बनाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने कार्य को निष्ठा, गतिशीलता एवं समर्पण की भावना से संपन्न करने का आह्वान किया। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि विधायकों के साथ अच्छे व्यवहार एवं आचरण करें एवं सदैव प्रशंसा के पात्र बने। प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप दुबे ने अध्यक्ष को विधान सभा में ई-विधान को लागू किये जाने के लिए प्रचलित गतिशील कार्यवाही के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## निर्धारित समयावधि में कार्यो को प्रत्येक दशा मे पूर्ण किया जाएः जेपीएस राठौर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जयेन्द्र प्रताप सिंह राठौर ने उप्र राज्य भण्डारण निगम के सभागार में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान पावर प्वाइन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों, अर्जित उपलब्धियों तथा आगामी पॉच वर्षों में किये जाने वाले कार्यों के रोडमैप से विभागीय मंत्री को अवगत कराया गया। वर्तमान समय में निगम के 161 भण्डारगृह संचालित हैं जिनकी कुल क्षमता 40.23 लाख मीट्रिक टन क्षमता है। निगम द्वारा वर्ष 2021-22 में सरकार की मूल्य समर्थन योजना के अर्न्तगत 38.33 लाख मीट्रिक टन गेहूँ स्टाक एवं 24.70 लाख मीट्रिक टन चावल स्टाक का भण्डारण किया गया है। वर्ष 2021-22 में 129.94 करोड़ का शुद्ध लाभ अनुमानित है जो अब तक का सर्वाधिक लाभ है। निगम द्वारा अपने दोनों अंशधारियों यथा केन्द्रीय भण्डारण निगम एवं राज्य सरकार को बराबर लाभांश का भुगतान किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में मंत्री द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में 100 दिनों, 180 दिनों, 1 वर्ष, 2 वर्ष एवं 5 वर्षो की अवधि के लिए लक्ष्य तय किये जाये तथा निर्धारित समयावधि में कार्यों को प्रत्येक दशा मे पूर्ण किया जाये। विभागीय कार्यों को नियमानुसार किया जाये इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए।

# जानबूझकर परीक्षाओं के पेपर होते हैं लीकः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में सरकारी व्यवस्था में व्यापक स्तर पर फैले भ्रष्टाचार की वजह से जनता बुरी तरह त्रस्त है। महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। उत्तर प्रदेश में नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जानबूझकर परीक्षाओं के पेपर लीक कराए जाते हैं ताकि उनके परिणाम नहीं आएं और युवाओं को नौकरियों से वंचित रखा जा सके। अखिलेश यादव ने यह बात बुधवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही।

इस मौके पर अखिलेश ने कहा कि समाजवादी संघर्ष से कभी मुंह नहीं मोड़ते हैं। विधानसभा चुनावों में भाजपा ने सरकारी मशीनरी का खूब दुरूपयोग किया और धांधली की। लेकिन हमें निराश होने की जरूरत नहीं है। कार्यकर्ता अभी ईमानदारी से समाजवादी पार्टी की मजबूती के लिए जुट जाएंगे तो कल हमारा होगा। भविष्य में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। भाजपा सरकार में निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की मिली भगत से समाजवादी नेताओं और कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। जिला पंचायत के चुनावों की तरह स्थानीय प्राधिकरण क्षेत्र से विधान परिशद के प्रत्याशी समाजवादियों को तथा उनके समर्थकों को हर तरह से डराया धमकाया जा रहा हैं। उन्हें अपना नामांकन पत्र भी नहीं जमा करने दिया गया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों के हितों की संरक्षक पार्टी है। जब राज्य में विधानसभा चुनाव होने थे तब डीजल.पेट्रोलए रसोईगैस के दामों पर नियंत्रण रहा, चुनाव खत्म होते ही इन सबके दाम बढ़ गए है। इससे जनता बुरी तरह त्रस्त है। घरेलू अर्थव्यवस्था अस्तव्यस्त हो गई है। अखिलेश यादव ने कहा भाजपा राज में सरकार ने पेट्रोल से लोगों को लूटा अब अपराधीतत्व पेट्रोल पम्प वालों को लूटने में प्रशिक्षित हो गए है। भाजपा सरकार का अभिनंदन करते हुए अपराध की नई घटनाएं रोज ही सुर्खियां बना रही है। महिलाओं की इज्जत सुरक्षित नहीं। सम्मान का आडम्बर करने वाली भाजपा सरकार के समय सफाई कर्मियों की कार्य सुरक्षा के लिए कुछ नही किया गया। उनकी जानें सस्ती हैं। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अधीन 34 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को अधूरी भर्ती पूरी होने का इंतजार है। प्रदेश के विभिन्न विभागों में एक लाख पद खाली पड़े है। अस्पतालों में डाक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ तक नहीं है।

# अधूरी परियोजनाओं को अभियान चलाकर पूरा करें: स्वतंत्र देव सिंह

● जलशक्ति मंत्री ने सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को सदर स्थिति सिंचाई विभाग के मुख्यालय सभागार मे विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की और प्रदेश की सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिया। बैठक में जलशक्ति मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर 100 दिन के लिए रोडमैप तैयार करके सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाय।

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्पों को साकार करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विभाग की अधूरी परियोजनाओं को अभियान चलाकर तेजी से पूरा किया जाए। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि मा मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर विभागीय कार्यों को किया जाएगा।

जलशक्ति मंत्री ने अपनी प्रथम बैठक मे सरकार की प्राथमिकता और नवीन कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए विभागीय कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। बाढ़ प्रबंधन के कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा किया जाय। बाढ़ प्रबंधन से सबंधित टेंडर आदि की औपचारिकताएं निर्धारित अवधि में पूरा कर लिया जाय। बैठक में उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय कार्यों के संबंध में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाई जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों एवं गरीबों को समस्त योजनाओं का लाभ मुहैया कराये जाने के निर्देश दिये। किसानों व गरीबों को स्वच्छ पानी मिलेए उनके खेतों तक पानी पहुंचेए इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर लक्ष्य निर्धारित किए जाने के भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिश्रम की पराकाष्ठा पार कर हमें इन लक्ष्यों को प्राप्त करना है। प्रमुख सचिव जलशक्ति अनिल गर्ग ने बैठक में जलशक्ति मंत्री को आश्वस्त किया कि आपके निर्देशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर विभागीय परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्वक एवं मानकों के अनुरूप पूरा किया जाएगा।

# अब तक 29 करोड़ से अधिक लगी कोरोना वैक्सीन की डोज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में कोविड प्रबन्धन के लिए गठित टीम-9 की बैठक में वर्तमान में कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कोरोना से जंग के लिए उठाए गए कदमों, जिनमें बचाव तथा टीकाकरण शामिल हैं के कारण आज कोरोना संक्रमण की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। इसके बावजूद अभी भी इस संक्रमण के खिलाफ सतर्कता बरतनी आवश्यक है। इसलिए सभी जनपदों में इंटीग्रेटेड कमाण्ड सेन्टर संचालित रखे जाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर लोग सम्पर्क कर सकें। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम तथा टीकाकरण की स्थिति के सम्बन्ध में एक प्रस्तुतीकरण भी किया गया। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 34 नए मामले सामने आए हैं। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 354 है। राज्य में गत दिवस तक 29 करोड़ 93 लाख से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 12 करोड़ 32 लाख 14 हजार से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है। इस प्रकार 83.58 प्रतिशत लोग कोविड टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। 15 करोड़ 26 लाख 61 हजार से अधिक लोगों ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज प्राप्त कर ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के बीच देश के कई राज्यों में अस्पतालों में आग लगने की दु:खद घटना घटी। यह हमारी चाक-चौबंद व्यवस्थाओं का ही परिणाम था कि प्रदेश में ऐसी दुर्घटना नहीं हुई। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में फायर सेफ्टी की व्यवस्था की पुन: भौतिक समीक्षा की जाए। जहां कमी, गड़बड़ी हो वहां तत्काल व्यवस्था ठीक की जाए। यह काम अभियान के रूप में तत्काल किया जाना चाहिए। प्रदेश सरकार सभी तहसीलों में फायर टेंडर की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इस दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 15 मिनट और शहरी क्षेत्र में अधिकतम 7 मिनट का रेस्पॉन्स टाइम सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में कराए गए सीरो सर्विलांस के परिणाम बताते हैं कि तीसरी लहर के बाद लोगों में एंटीबॉडी की स्थिति पहले से काफी बेहतर हुई है।

वैक्सीनेशन काफी उपयोगी सिद्ध हुआ है। यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी प्रदेशवासी कोविड टीकाकवर से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एग्रेसिव टेस्टिंग और ट्रेसिंग, त्वरित ट्रीटमेंट और तेज टीकाकरण की नीति के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं।

# इंटरमीडिएट अंग्रेजी का पेपर हो गया लीक

संवाददाता। सीतापुर

**मार्च को दूसरी** पाली में दोपहर दो बजे से होने वाला यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट का अंग्रेजी का पेपर लीक हो गया। इसके बाद शिक्षा निदेशक एवं सभापति माध्यमिक शिक्षा परिषद के विनय कुमार पांडेय ने 24 जिलों में परीक्षा रद्द किए जाने के आदेश जारी कर दिए। परीक्षा रद्द होने के बाद अगली तारीख का एलान अभी नहीं हुआ है। पेपर बलिया से लीक होने की बात सामने आई है। विभाग की मंत्री गुलाब देवी के निर्देश पर बलिया के जिला विद्यालय निरीक्षक ब्रजेश कुमार मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है। यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट का जो पेपर लीक हुआ है उनकी पहचान 316 ई डी और 316 ई आई के सीरीज के रूप में की गई है। जिन जिलों में परीक्षा रद्द की गई है, उनमें बलिया, एटा, बागपत, बदायूं, सीतापुर, कानपुर देहात, ललितपुर, चित्रकूट, प्रतापगढ़, गोंडा, आजमगढ़, आगरा, वाराणसी, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, शामली, शाहजहांपुर, उन्नाव, जालौन, महोबा, आंबेडकरनगर और गोरखपुर शामिल हैं। शेष अन्य 51 जिलों में परीक्षा निर्धारित समय पर आयोजित होगी। सीतापुर में अधिकतर इंटर के परीक्षार्थी पेपर लीक होने से अंजान थे और परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने लगे थे। हांलाकि केन्द्र प्रभारियों द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया के जरिए पेपर लीक व परीक्षा रद्द होने की सूचना जारी की गई लेकिन तब तक अधिकांश परीक्षार्थी घरों से परीक्षा देने निकल चुके थे। परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने पर उन्हें मामले की जानकारी होने पर एक तरह का झटका लगा। मायूस होकर वापस लौट रहे परीक्षार्थियों ने कहा कि उन्हें परीक्षा केंद्र पर आकर परीक्षा निरस्त होने की जानकारी मिली। कई परीक्षार्थी बेहद तनाव में नजर आए।

# थानेदार ने युवक को बेरहमी से पीटा

**उड़ाई मानवाधिकारों की धज्जियां, पान की दुकान पर पेट्रोल बेचने पर थानेदार की गिरी गाज, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा पीड़ित युवक की वीडियो, रामपुर कला थानाक्षेत्र के लालपुर चौराहे की बताई जा रही घटना**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में रामपुर** कला के थानेदार जज बन गए और फैसला ऑन स्पॉट करते हुए युवक को बुरी तरह से धुन दिया। बेरहमी से पिटाई के दौरान थानेदार को मानवाधिकारों का ख्याल नहीं रहा और मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ा कर रख दीं। यह हम नहीं कह रहे हैं, सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में युवक ने रामपुर कला के थानाध्यक्ष जो आरोप लगाए हैं उन आरोपों से कुछ इसी तरह का मंजर उभरकर सामने आ रहा है। वायरल वीडियो में रामपुर कला के थानेदार पर गंभीर आरोप लगाने वाला युवक सैर गांव का रहने वाला सत्यम पटवा बताया जा रहा है। रामपुर कला थानाक्षेत्र के लालपुर चौराहे पर सत्यम पान की दुकान चलाता है। सत्यम अपनी दुकान पर पेट्रोल भी बेचता है। पेट्रोल बेचना गैर कानूनी है और सत्यम पर यकीनन यह अपराध बनता है। इस अपराध की जो कार्रवाई बनती है वह करने की अधिकार पुलिस के पास सुरक्षित है। रामपुर कला के थानेदार उधर से गुजरे और सत्यम की दुकान पर पेट्रोल बिकता देख गाड़ी रोककर सवाल जवाब किया। सत्यम का आरोप है कि गाली गलौच से घबराकर उसने कहा कि पेट्रोल पंप नजदीक न होने से एक बोतल में दो लीटर पेट्रोल रखकर बेच रहा था। अब नहीं बेचेगा। आरोप है कि रामपुर कला थानेदार उसके गिड़गिड़ाने पर भी नहीं माने और कार्रवाई करने के बजाय उसे पीटना शुरू कर दिया। बुरी तरह पिटाई से शरीर पर बने निशान दिखाते हुए पीड़ित सत्यम की फोटो व वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस मामले पर रामपुर कला थानेदार की कार्यशैली को लेकर यूजर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि युवक ने पेट्रोल बेचने का अपराध किया तो उस पर कार्रवाई करनी थी। ऐसे बेरहमी से पिटाई करने का पुलिस को अधिकार नहीं है। हांलाकि मामले का पूरा सच क्या है यह जांच का विषय है। पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने मामले की जांच सीओ सिधौली को सौंपी है।

## एआरटीओ ने स्कूली वाहनों का चेक किया फिटनेस

**सीतापुर।** एआरटीओ प्रवर्तन डा. उदित नारायण व यात्रीकर मालकर अधिकारी शैहपर किदवई द्वारा सीतापुर, बिसवां व सिधौली के विभिन्न स्कूलों में स्कूली वाहनों का फिटनेस चेक किया गया। फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेसं के अभाव में 02 बसों को निरूद्ध किया गया एवं 07 स्कूली वाहनों का चालान किया गया। इसी क्रम में एक ओवर लोड व ओवर स्पीड बस को भी खैराबाद थाने में निरूद्ध किया गया तथा कर बकायें में 13 वाहनों का चालान किया गया व 05 वाहन निरूद्ध किये गये। प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा माह मार्च में 1014 वाहनों का चालान व 103 वाहनों को बन्द किया गया जिनसे प्रशमन शुल्क के रूप में 31.87 लाख व कर के रूप में 13.06 लाख रूपये वसूल किया गया।

## क्विक न्यूज

### नवोदय विद्यालय से परीक्षा पर वर्चुअल चर्चा से जुड़ेंगे छात्र

**लखीमपुर खीरी।** जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली के प्रचार्य अजीत कुमार शुक्ल ने बताया कि एक अप्रैल को पूर्वाहन 11 बजे से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम लाइव प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्र छात्राओं से परीक्षा पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में परीक्षा के दौरान छात्र.छात्राओं को होने वाले तनाव को दूर करने के उपायों को सुझाएंगे। सभी छात्र छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों से अपील है कि वह इस कार्यक्रम को टीवी पर लाइव देखें और कार्यक्रम को सफल बनाए।

### सीतापुर पहुंचे राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, हुआ भव्य स्वागत

**सीतापुर।** राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू के प्रथम जनपद आगमन पर कमलापुर मे पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके अलावा जलालपुर, टोल प्लाजा पर भी राज्यमंत्री का स्वागत किया गया। वैदेही वाटिका पर नगर पालिका सीतापुर के ईओ वैभव त्रिपाठी ने शॉल ओढ़कार स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर व्यापार मंडल कमलापुर संरक्षक जेपी सिंह चौहान, मेहुल कुमार, पूर्व प्रधान संजय सिंह, गुड्डू भारती, साका तिवारी, रवी सिंह, अमित भारती, शिवकुमार सिंह, नीरज भदौरिया, बीनू शर्मा, मनोज यादव आदि मौजूद थे।

### एमएलसी प्रत्याशी के समर्थन में हुआ मतदाता संवाद

**सीतापुर।** सीतापुर से भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह चौहान के समर्थन में मंगलवार की देर शाम सुरैंचा कोठी में मतदाता संवाद कार्यक्रम हुआ। इस दौरान एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह चौहान ने बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया। अयोध्या काशी जैसा नैमिष मे विकास कराने का भरोसा दिलाते हुए समर्थन मांगा। इस मौके पर आयोजक सूर्य भानु सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन महरोत्रा, कसमंडा स्टेट के कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लालविक्रम सिंह, जिला पंचायत सदस्य गोविंद प्रसाद, दीपक शुक्ला, महेन्द्र सिंह चौहान, वैभव सिंह, अमर बाजपेई, आशुतोष मिश्रा, राजू त्रिपाठी, अरविंद पांडेय, सहकारी गन्ना विकास समिति कमलापुर के चेयरमैन प्रदीप सिह चौहान, प्रेमदीप जयसवाल आदि मौजूद थे।

### 2 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह चलेगा

**सीतापुर।** सीतापुर में 02 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह आयोजित होगा। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में सीएमओ डा. मधु गैरोला की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक हुई। सीएमओ ने माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान के सफल आयोजन एवं सभी विभागों से इस अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग है। सभी विभागों के परस्पर सक्रिय सहयोग से ही अभियान की सफलता निश्चित है। संचारी रोग के नोडल अधिकारी डा. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 15 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस के रोगियों, क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों एवं कुपोषित बच्चों की सूची बनाएंगी। इसके साथ ही क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची भी बनायेंगी जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया है। बैठक में डॉ. उदय प्रताप, डॉ. सुरेंद्र साही, डॉ. कमलेश चन्द्रा, डब्ल्यूएचओ से डॉ अपूर्वा चौहान, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी राज कुमार, नीतेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**बरेली।** सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को मोटरसाइकिल की टक्कर मार दी इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई बधाई के आलापुर थाना क्षेत्र के गांव कोटा निवासी 65 वर्षीय राम नाथ पुत्र कुंवर पाल की बीती रात बरेली के निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल दोपहर घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था घर वालों ने बताया कि रामनाथ कल सुबह अपने खेत पर लगे ट्यूबवेल पर गया था जहां से घर वापस लौटते समय जब वह सड़क पार कर रहा था तभी एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक चला रहा है युवक बाहर छोड़कर फरार हो गया दुर्घटना की सूचना लोगों ने रामनाथ के घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए बरेली ले आए जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया वह तीन बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम देवी है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**आशीर्वाद आभार यात्रा के जरिए महमूदाबाद विधायक ने दिया कौन सा संदेश**

# विधायक आशा ने कहा-जनता की अपेक्षाओं पर उतरेंगी खरा

संवाददाता। सीतापुर

- **बेहमा चौराहे से शुरू होकर महमूदाबाद में समाप्त हुई यात्रा**
- **जगह-जगह विधायक का समर्थकों कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत**

**सीतापुर की** महमूदाबाद विधानसभा सीट पर लंबे अरसे बाद कमल खिलाने वाली विधायक आशा मौर्या ने बुधवार को जन आशीर्वाद आभार यात्रा निकाली। सैकड़ों वाहनों का काफिला लेर जन आशीर्वाद आभार यात्रा के माध्यम से उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों में भ्रमण किया और जनता के बीच पहुंचकर धन्यवाद ज्ञापित किया। यात्रा सुबह करीब 11 बजे बेहमा चौराहे से शुरू हुई जो कि पहाड़ापुर, उंचगांव, इटैला, सिरौली, लबरहा, लालापुर चौराहा, कुरौली, रायपुर, सरैंया, कंचनपुर मंदिर, जसमड़ा, हुसैनपुर पुल, सद्दूपुर चौराहा, चलाकापुर, सदरपुर, मरखापुर, गोडैचा, सेमरी, चांदपुर होते हुए देर शाम महमूदाबाद पहुंचकर समाप्त हुई। खुली गाड़ी में सवार आशा मौर्या ने हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। बेहमा चौराहे पर भाजपा नेता मोहन प्रसाद बारी, रामकुमार वर्मा, रामप्रवेश प्रजापति, जनरैल सिंह, सुंदर गुप्ता, रंजीत गुप्ता, कमलेन्द्र शुक्ल, अंकू सिंह, राजा निगम, सुरेश सिंह, राजेश सिंह, बबलू गुप्ता, पप्पू सिंह प्रधान, परवेज प्रधान आदि ने माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। साथ ही सभी गांवों में कार्यकर्ताओं ने विधायक आशा मौर्या का बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ने जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अंकुश राज विश्वकर्मा, सीपी तिवारी, विजय बारी, अभिषेक ठाकुर, आकाश मौर्या, मयाराम चौहान, संतोष चौहान, जगदीश सिंह आदि मौजूद थे। यात्रा के महमूदाबाद पहुंचने पर विधायक आशा मौर्या से आई इंडिया ने बातचीत की।

## दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**बरेली** । सड़क पार कर रही एक महिला को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी कई दिनों तक चले इलाज के बाद बीती रात उसकी मौत हो गई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव थानेवाला निवासी 40 वर्षीय कमला देवी पत्नी बाबूराम की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद बाबूराम ने बताया कि कमलादेवी 20 मार्च को घर के पास ही किसी काम से सड़क पार कर रही थी इसी दौरान क्योलड़ियां का रहने वाला एक युवक तेजी से मोटरसाइकिल लेकर सड़क पर आया और कमला उसकी बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाली बाइक को रोक लिया तब बाइक सवार ने कमला देवी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और इलाज कराने का वादा किया लगभग 70000 रुपए उसने कमला के इलाज में खत्म कर दिए इसके बावजूद बीती रात कमला की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी मृतका तीन बच्चों की मां थी।

# राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल का हुआ शानदार स्वागत



**संडीला( हरदोई )।** प्रदेश सरकार के नव नियुक्त आपकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का स्थान स्थान पर भव्य स्वागत किया गया।

राज्य मंत्री बनने के बाद नितिन अग्रवाल के प्रथम जनपद आगमन पर जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधिन पीके वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सिद्ध प्रताप मौर्य, डॉ0 ओम प्रकाश मिश्रा, सुरेश द्विवेदी एडवोकेट संघ के डायरेक्टर धर्मेन्द्र त्रिपाठी आदि ने स्वागत किया। ब्लाक कार्यालय के सामने पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंवर वीरेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित गुप्ता, लखनऊ हरदोई बस स्टाप पर क्षेत्रीय विद्यायक अलका अर्कवंशी, सभासद प्रतिनिधि पंकज कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष महेन्द्र सोनी, अभय गुप्ता, पूर्व चेयरमैन शैलेश अग्निहोत्री, त्रिश्नभ खन्ना, राम गोपाल मौर्य, रामभजन मौर्य आदि ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पुष्पवर्षा की तथा उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया।

# एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण



संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**उप जिलाधिकारी** पंकज श्रीवास्तव ने दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की आयोजित अंग्रेजी पेपर में रामाश्रय इंटर कॉलेज रामाश्रय इंटर कॉलेज, मुलायम सिंह इंटर कॉलेज, क्रेन ग्रोवर्स कॉलेज पीडी इंटर कालेज, जेपी इंटर कॉलेज चंदन लाल इंटर कोलेज निरीक्षण किया गया। क्रेन ग्रोवर्स कॉलेज में स्टेटिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार अवर अभियंता अनुपस्थित थे इनके खिलाफ रिपोर्ट डीएम सर को भेजी जा रही। वहीं मोहम्मदी गोदाम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनजियम के अंतर्गत उठान हो रहे खाद्यान गोदाम का उपजिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। उचित दर दुकानों तक खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था और स्टॉक रजिस्टर का सत्यापन किया।

# मांगों को लेकर सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन

- **बकाया ईपीएफ भिजवाने व साप्ताहिक अवकाश देने की मांग**

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**उप्र** सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों, समस्त सफाई नायक और समस्त सफाई कर्मचारियों ने मांग की है कि कोई भी ठेका कर्मचारियों को न हटाया जाए। साथ ही संविदा, ठेका कर्मचारियों का 13 महीने का इपीएफ उनके खाते में भिजवाया जाए और साप्ताहिक रविवार को अवकाश दिया जाए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा उसके उपरांत अधिशासी अधिकारी से मिलने गए और अधिशासी अधिकारी ने आश्वासन दिया कि ठेका कर्मचारियों को नहीं हटाया जाएगा और 3 दिन में उनके इपीएफ का पैसा उनके खाते में पहुंचा दिया जाएगा।

अगर नहीं पहुंचाया गया तो ठेकेदार पर कार्यवाही होगी। इस दौरान पप्पू शरण दास, रजनीश, राकेश, रंजीत भाई साहब, अरविंद, नवीन, अजय मुन्न, मनोज, गुड्डू मामा, विजेंद्र, मुन्ना मामा, हरपाल मामा, आजाद मामा, चमन लाल, शिवकुमार मोरिया, पन्ना भैया, श्याम सिंह, सुनील भैया, राजन धानुक, राम अवतार, अजय, सुनील मामा, विक्रम, दीपक, बनारसी मामा, सुरेंद्र सरण, मनोज, जितेंद्र, सरवन, राजू मामा व वरुण समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने रोका अवैध खनन जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज़



**संडीला( हरदोई )।** एसडीएम ने अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी और दो ट्रक्टर ट्रालियों को सीज करेके खनन माफियों को कड़ी चेतावनी दी है। एसडीएम डीपी सिंह को सूचना मिली की औद्योगिक क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही एसडीएम मौके पर पहुंचे। उनकी गाड़ी देखकर जेसीबी और ट्रैक्टर चालक उन्हें छोड़कर भाग गए। एसडीएम ने तीनों वाहनों को सीज़ कर दिया। एसडीएम ने अवैध खनन करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि लिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पास्को एक्ट का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बुधवार को को थाना भीरा पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त श्यामबिहारी पुत्र रामऔतार व अमरजीत पुत्र छत्रपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है। श्यामबिहारी पुत्र रामऔतार निवासी रामनगर कलां थाना भीरा जनपद खीरी व अमरजीत उर्फ प्रांशू उर्फ प्रियांशु पुत्र छत्रपाल निवासी रामनगर कलां थाना भीरा जनपद खीरी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक लल्ला गोस्वामी, कांस्टेबल राजू वर्मा व कांस्टेबल मनोज कुमार मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## इमरान खान...

होंगे। इमरान ने बताया कि पत्र का ब्योरा ताकवर सैन्य प्रतिष्ठान को भी भेजा गया है। प्रधानमंत्री की पत्रकारों के साथ बातचीत के हवाले से जियो न्यूज ने कहा कि पत्र में धमकी देने वाली भाषा का इस्तेमाल किया गया था। जियो न्यूज के मुताबिक नेशनल असेंबली में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आने से पहले ही पत्र में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का जिक्र किया गया था। बताया जा रहा है कि इमरान पत्र और इसके असर को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा समिति और नेताओं के साथ बैठक की योजना बना रहे हैं। इस बीच इमरान खान ने बुधवार शाम को प्रस्तावित राष्ट्र के नाम अपने संबोधन को टाल दिया। पीटीआई के सांसद फैजल जावेद खान ने इसकी पुष्टि की है। पाकिस्तान के सूचना राज्य मंत्री फारुख हबीब ने कहा कि सरकार को गिराने की साजिश नाकाम हो जाएगी। उन्होंने कहा, हम किसी देश की गुलामी नहीं स्वीकार करेंगे और अपनी स्वतंत्र विदेश नीति से कोई समझौता नहीं करेंगे।

## भारत-रूस...

में चिंता बढ़ गई है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव जेन साकी ने लगभग दो सप्ताह पहले कहा था कि भारत द्वारा रियायती कच्चे तेल की रूसी पेशकश को स्वीकार करना मास्को पर अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं होगा, लेकिन उन्होंने रेखांकित किया कि देशों को यह भी सोचना चाहिए कि रूस पर आप कहां खड़े होना चाहते हैं।

## केजरीवाल के...

रही है। आम आदमी पार्टी ने भाजयुमो कार्याकर्ताओं पर तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि यह कृत्य केजरीवाल की हत्या की साजिश थी। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री आवास के पर प्रदर्शन किया और कथित तौर पर कश्मीरी पंडितों का मजाक उड़ाने के लिए उनसे माफी की मांग की। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया कि पंजाब विधानसभा चुनाव में हार के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केजरीवाल की हत्या करना चाहती है। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कल्सी ने कहा कि आईपीसी की धारा 186 (सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालना), धारा 188 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन), धारा 353 (सरकारी कर्मचारी को हमला या आपराधिक बल के जरिए कर्तव्य निर्वहन से रोकना) और सार्वजनिक संपत्ति क्षति रोकथाम अधिनियम की धारा 3 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि जांच शुरू की गई है और गिरफ्तारी के लिए कई टीम छापेमारी कर रही है।

## नाले में...

बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल में किया जाएगा। इन कर्मचारियों की पहचान बच्चू सिंह, पिंटू और सूरज कुमार साहनी के तौर पर हुई है। वहीं, रिक्शा चालक सतीश (40) रोहिणी सेक्टर-16 की सरदार कॉलोनी का रहने वाला था। नाले के अंदर जहरीली गैस की वजह से बचाव अभियान में बाधा आई।

## आज तक...

पहचान के प्रमाण के रूप में किया जाता है। पैन को आधार से नहीं जोड़ने वाले करदाताओं को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अग्रवाल ने कहा, जिन लोगों की पहुंच आयकर पोर्टल तक नहीं है उनके लिए लिंकिंग प्रक्रिया एसएमएस के जरिए उपलब्ध कराई जाती है।

## केंद्रीयकर्मियों का...

राहत में वृद्धि से सरकारी खजाने पर 9,554.50 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। विज्ञप्ति के अनुसार, इससे 47.68 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.62 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। इससे पहले, पिछले साल अक्टूबर में मंत्रिमंडल ने एक जुलाई, 2021 से महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की वृद्धि की थी।

## उत्तर प्रदेश...

इसलिए वहां परीक्षा रद्द कर दी गई है। राज्य के शेष 51 जिलों में अंग्रेजी भाषा की परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रही है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया, आज 30 मार्च को द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की सीरीज 316 ई डी तथा 316 ई आई के प्रश्न पत्र के प्रकटन (लीक) की आशंका बनी। ऐसे में 24 जनपदों में उक्त सीरीज के प्रश्न पत्र के वितरण के कारण इन जनपदों के समस्त परीक्षा केंद्रों की द्वितीय पाली की परीक्षा निरस्त किए जाने का निर्णय लिया गया है। बयान के मुताबिक जिन जिलों में परीक्षा रद्द की गई है उनमें बलिया, एटा, बागपत, बदायूं, सीतापुर, कानपुर देहात, ललितपुर, चित्रकूट, प्रतापगढ., गोंडा, आजमगढ़, आगरा, वाराणसी, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ., गाजियाबाद, शामली, शाहजहांपुर, उन्नाव, जालौन, महोबा, अंबेडकरनगर और गोरखपुर शामिल हैं। बयान में कहा गया कि इन 24 जनपदों में निरस्त की गई उक्त परीक्षा 13 अप्रैल को प्रथम पाली में सुबह आठ बजे से सवा ग्यारह बजे तक आयोजित की जाएगी। अपर पुलिस महानिदेश (कानून व्यवस्था) ने बताया कि इस मामले में करीब 10 से 11 लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही हैं और किसी को गिरफ्तार नही किया गया है। उन्होंने बताया कि बलिया के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को आज सुबह सूचना मिली कि दूसरी पाली का पेपर लीक हो गया है और प्रारंभिक जांच में पता चला कि लीक पेपर वही था जो शिफ्ट के लिए निर्धारित था, इसके बाद 24 जिलों में इसे रद्द कर दिया गया।आदित्यनाथ सरकार की दूसरी पारी की शुरुआत में हुई घटना के बाद, विपक्ष ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की दूसरी पारी में भी पेपर लीक करवाने का व्यवसाय बदस्तूर जारी है। युवा कह रहे हैं कि रोजगार देने में नाकाम भाजपा सरकार जानबूझकर किसी परीक्षा को पूर्ण नहीं होने देना चाहती है। भाजपा सरकार अपने इन पेपर माफियाओं पर दिखाने के लिए सही, कागज का ही बुलडोजर चलवा दे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट कर कहा, यूपी बोर्ड परीक्षाओं में पेपर लीक होने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज दोपहर इण्टर की अंग्रेजी विषय की परीक्षा होने से पहले पेपर लीक होने के बाद गोरखपुर एवं वाराणसी सहित प्रदेश के 24 जिलों में परीक्षा रद्द करनी पड़ी है। छात्रों के जीवन से बार-बार ऐसा खिलवाड़ क्या उचित? उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में बार-बार पेपर लीक होने से ऐसा लगता है कि नकल माफिया सरकार की पकड़ एवं सख्ती से बाहर हैं, किन्तु इस प्रकार की गंभीर घटनाओं से प्रदेश की पूरे देश में होने वाली बदनामी आदि के लिए असली कसूरवार व जवाबदेह कौन? दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई करने की बीएसपी की मांग। परीक्षा बुधवार को दोपहर दो बजे से होनी थी। मामले की पुष्टि करते हुए अपर मुख्य सचिव (माध्यमिक शिक्षा) आराधना शुक्ला ने बताया, राज्य के 24 जिलों में इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की अंग्रेजी परीक्षा रद्द कर दी गई है। परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो गया था। मामले की जांच की जा रही है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन जिलों के जिलाधिकारियों को छात्रों को परीक्षा रद्द होने के बारे में सूचित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि अगर छात्र पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए हैं तो वे अपने-अपने घर लौट जाएं।

## आशीष मिश्रा...

जाए, क्योंकि उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते समय आवश्यक कानूनी पहलुओं पर ध्यान नहीं दिया। दवे ने यह भी कहा कि आशीष मिश्रा ने अपने हलफनामे में दावा करते हुए कुछ दस्तावेज पेश किए थे कि वह पिछले साल तीन अक्टूबर को घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे। दवे ने शीर्ष अदालत से इस तथ्य पर गंभीरता से गौर करने का अनुरोध करते हुए कहा, राज्य सरकार ने कहा कि इन दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की गई है। पीठ ने कहा कि वह न्यायाधीश की रिपोर्ट और पत्र याचिकाकर्ताओं तथा उत्तर प्रदेश सरकार के वकीलों को सौंपेगी। इसके बाद उसने मामले की आगे की सुनवाई के लिए चार अप्रैल की तारीख तय की। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को बताया था कि उसने लखीमपुर खीरी हिंसा के सिलसिले में आशीष मिश्रा की जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया था, जिसमें चार किसानों सहित आठ लोग मारे गए थे।

## कर्नाटक में...

एन शेट्टी पीयू कॉलेज में 28 मुस्लिम छात्राओं में से 13 परीक्षा में उपस्थित हुईं। हालांकि कुछ छात्राएं हिजाब पहनकर परीक्षा केंद्र पहुंची लेकिन उन्हें प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिली। उडुपी के भंडारकर कॉलेज की पांच में से चार छात्राओं ने परीक्षा दी और बसरूर शारदा कॉलेज की सभी छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहीं। नवुंदा सरकारी पीयू कॉलेज की आठ में से छह छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी जबकि 10 मुस्लिम लड़कियों में से केवल दो परीक्षा में उपस्थित हुईं। सूत्रों ने बताया कि जिले के कुछ निजी कॉलेजों ने लड़कियों को हिजाब पहनकर परीक्षा देने की अनुमति दी। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई करने से 24 मार्च को इनकार कर दिया था।

## अब महिला...

श्रीनगर के रैनावारी इलाके में मुठभेड़ स्थल से बरामद लश्कर के दो आतंकवादियों के शवों की पहचान कर ली है। पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार, आतंकवादियों में से एक की पहचान रईस अहमद भट के रूप में हुई है, जो एक पूर्व पत्रकार निकला। वह अनंतनाग में एक ऑनलाइन समाचार पोर्टल वैली न्यूज सर्विस चलाता था। पुलिस के अनुसार, भट पिछले साल अगस्त में लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हो गया था और उसे जम्मू-कश्मीर पुलिस की आतंकवादियों की सूची में सी श्रेणी में रखा गया था। पुलिस ने एक बयान में कहा कि उसके खिलाफ आतंकी अपराधों के लिए पहले ही दो प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। मुठभेड़ में मारे गए एक अन्य आतंकवादी की पहचान बिजबेहरा निवासी हिलाल अहमद रहम के रूप में हुई है। हिलाल भी सी कैटेगरी का आतंकी था। कुमार ने कहा कि दोनों नागरिक हत्याओं सहित कई हालिया आतंकी अपराधों में शामिल थे। एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में जम्मू-कश्मीर सरकार ने बुधवार को संविधान के प्रावधान 311(2)(सी) के तहत पांच सरकारी कर्मचारियों को आतंकी संबंध रखने के आरोप में बर्खास्त कर दिया। पिछले साल, जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने आतंकी संगठनों के साथ हाथ मिलाने वाले लोगों के खिलाफ व्हिप क्रैक करके कर्मचारियों को कड़ा संदेश भेजा था। जुलाई 2021 में, हिजबुल मुजाहिदीन प्रमुख के दो बेटों, दो पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 11 कर्मचारियों की सेवाओं को आतंकवादी संगठनों के साथ उनके कथित संबंधों के लिए समाप्त कर दिया गया था। बाद में सितंबर 2021 में दो पुलिस कांस्टेबलों सहित छह कर्मचारियों की सेवाएं आतंकवादी संगठनों के साथ उनके कथित संबंधों के कारण समाप्त कर दी गई थीं।

# भाजपा की समिति का दावा बंगाल में माफिया राज

● बीरभूम हिंसा का मामला
● ममता ने जताया कड़ा विरोध

भाषा। नई दिल्ली/दार्जिलिंग

**पश्चिम बंगाल** के बीरभूम में हाल में हुई नौ लोगों की हत्या के मामले में भारतीय जनता पार्टी के एक तथ्यान्वेषी दल ने बुधवार को पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंपी और दावा किया कि राज्य में पुलिस और राजनीतिक नेतृत्व की मिलीभगत से माफिया राज व्याप्त है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से तीखी प्रतिक्रिया आई, रिपोर्ट मामले की सीबीआई जांच को कमजोर करेगी और उसमें हस्तक्षेप होगी। पांच सदस्ईय भाजपा दल में चार पूर्व आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। भाजपा के दल ने राज्य में कानून व व्यवस्था की ध्वस्त स्थिति को फिर से बहाल करने के लिए केंद्रीय हस्तक्षेप की मांग की। बीरभूम जिले के रामपुरहाट के निकट स्थित बोगतुई गांव में हिंसा में नौ लोगों की मौत हो गई थी। इनमें से आठ की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी जबकि एक पीड़ित ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया था। आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के नेता भादू शेख की 21 मार्च को हुई हत्या के बाद बदले की कार्वाई के तहत उन्हें जलाकर मार दिया गया। इस दल में राज्यसभा के सदस्य और उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक बृजलाल, मुंबई पुलिस के पूर्व आयुक्त व लोकसभा के सदस्य सत्यपाल सिंह, राज्यसभा के सदस्य व पूर्व आईपीएस अधिकारी के सी राममूर्ति, पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष और भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार शामिल थे। भाजपा की जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि टीएमसी के शासन में कानून-व्यवस्था का तंत्र पूरी तरह ध्वस्त हो गया है और पुलिस तथा राजनीतिक नेतृत्व के साथ साठगांठ से राज्य में माफिया का शासन है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि राज्य सरकार प्रायोजित जबरन वसूली, कट मनी और तोलाबाजी बीरभूम हिंसा की मुख्य वजहें थीं। केंद्र सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और अखिल भारतीय पुलिस व प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को कानून का राज स्थापित करने संबंधी नियमों का पालन करने का निर्देश देना चाहिए।

भाजपा की इस रिपोर्ट पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख



फाइल फोटो

ममता बनर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा उन सभी लोगों को गिरफ्तार कर लेना चाहती है जो उसके खिलाफ हैं। बनर्जी ने भगवा पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि रिपोर्ट में टीएमसी के बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल के नाम का उल्लेख है, जो स्पष्ट रूप से भाजपा के प्रतिशोधपूर्ण रवैए को दर्शाता है।

बनर्जी ने दार्जिलिंग में संवाददाताओं से कहा, बोगतुई हिंसा पर भाजपा की रिपोर्ट जांच को कमजोर करेगी और इससे तफ्तीश में हस्तेक्षप होगा। मैं भगवा पार्टी के इस रवैए की निंदा करती हूं। जांच में किसी भी राजनीतिक दल द्वारा कोई दखल नहीं दिया जाना चाहिए। बनर्जी ने कहा, जब जांच चल रही हो तो किसी (राजनीतिक) पार्टी या किसी पक्ष की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। जांच स्वतंत्र और निष्पक्ष होनी चाहिए। इस समय पार्टी का हस्तक्षेप सत्ता का दुरुपयोग है जो जांच को विकृत कर सकता है और लोगों का जांच पर से विश्वास उठ जाएगा। तृणमूल प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा उन सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और उनके परिवार के सदस्यों को गिरफ्तार करना चाहती है जो उसके खिलाफ हैं। क्या उन्हें (भाजपा) लगता है कि देश में सिर्फ वही एक राजनीतिक दल बचेंगे और रोजाना पेट्रोलियम उत्पादों का मूल्य बढ़ाते रहेंगे? वे (सभी) राजनीतिक दलों को बेदखल करना चाहते हैं। लोकतंत्र में ऐसा नहीं होता। उनकी पार्टी के सहयोगियों ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर जांच कर रही सीबीआई के साथ सहयोग करने का वादा किया था। चेतावनी दी थी कि भाजपा अगर जांच को प्रभावित करने की कोशिश करती है तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। बनर्जी ने आरोप लगाया, उन्होंने मेरी पार्टी के जिला अध्यक्ष के नाम का उल्लेख किया है। यह पक्षपातपूर्ण और प्रतिशोधी रवैया है। जांच पूरी हुए बिना, वे उनका नाम कैसे ले सकते हैं? यह दर्शाता है कि वे उन्हें गिरफ्तार करना चाहते हैं।

# हिंसा करके सत्ता हासिल करना हमारी संस्कृति नहीं: शाह

● कामकाज के आधार पर चुनाव लड़ना और जीतना चाहते हैं, डरने का हमारा स्वभाव नहीं: गृह मंत्री



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि भाजपा अपनी विचारधारा, कार्यक्रमों, नेतृत्व की लोकप्रियता और सरकार के प्रदर्शन के आधार पर चुनाव लड़ना और जीतना चाहती है। तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि हम प्रतिद्वन्द्वी दलों के कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा करके सत्ता हासिल नहीं करना चाहते, यह हमारी संस्कृति नहीं है। दिल्ली नगर निगम के चुनाव तत्काल नहीं कराने के पीछे हार का डर होने संबंधी विपक्षी सदस्यों के दावों पर शाह ने कहा कि भाजपा ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में चार राज्यों में सरकार बनाई है, ऐसे में पार्टी कार्यकर्ताओं को डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि हमें पूरा भरोसा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां भी चुनाव लड़ेंगे, वहां जीतेंगे।

लोकसभा में दिल्ली नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2022 पर चर्चा का जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा कि कुछ सदस्यों का कहना था कि भाजपा हर जगह सत्ता में आना चाहती है, तो उनके लिए जवाब है कि हम चाहते हैं कि सभी जगह हमारी सरकार बने और इसलिए तो चुनाव लड़ते हैं। तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय को संबोधित करते हुए कहा, आप (राय) क्यों गोवा गए थे। अब त्रिपुरा क्यों जा रहे हैं। आपका यह अधिकार है, हर पार्टी को चुनाव में उतरना चाहिए। हम सभी जगह चुनाव लड़ना चाहते हैं और अपनी विचारधारा, कार्यक्रमों, नेतृत्व की लोकप्रियता और सरकार के प्रदर्शन के आधार पर जीतना चाहते हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि सभी दलों को अपने कार्यक्रमों, विचारधारा, नेतृत्व की लोकप्रियता के आधार पर चुनाव लड़ने का अधिकार है, यह लोकतंत्र की खूबसूरती है और इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि आपत्ति केवल उन्हें हो सकती है जिन्हें सत्ता छिनने का डर हो। शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हम विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं की हत्या करके सत्ता हासिल नहीं करना चाहते, यह भाजपा की संस्कृति नहीं है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस जैसे दल यहां पर लोकतंत्र की बात कर रहे हैं। परिवारों के आधार पर पार्टी चलाने वाले और अपने दलों के भीतर चुनाव नहीं करा पाने वाले भाजपा को लोकतंत्र की सीख नहीं दें। पहले अपने कार्यालय, अपनी पार्टी के भीतर चुनाव करा लें, फिर देश की चिंता करें। चुनाव से डरकर विधेयक लाने के कुछ विपक्षी सदस्यों के आरोप पर शाह ने कहा, हमारा स्वभाव डरने का नहीं है। चुनाव में हार-जीत हो सकती है। लेकिन चुनाव से क्यों डरना। डर उसे कहते हैं जब देश में कांग्रेस के शासनकाल में आपातकाल लगाया गया था और सारे लोकतांत्रिक दलों के नेताओं को और लाखों लोगों को जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया था।

## हिंसा का आरोप साबित हुए बिना एनआईए मुझे आतंकवादी नहीं कह सकती : तेलतुंबड़े

**मुंबई।** एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले के आरोपी शिक्षाविद आनंद तेलतुम्बड़े ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उन्हें प्रत्यक्ष रूप से हिंसा के किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार ठहराए बिना ही आतंकवादी करार दे दिया है। तेलतुम्बड़े के वकील मिहिर देसाई ने उच्च न्यायालय को बताया कि एनआईए ने इस मामले में अपने आरोप पत्र में दावा किया था कि तेलतुम्बड़े आतंकवादी संगठनों का हिस्सा था और उसने आतंकवादी गतिविधियों को उकसाया और बढ़ावा दिया था। आरोप पत्र में तेलतुम्बड़े पर हिंसा के किसी कृत्य को लेकर सीधे आरोप नहीं लगाया गया था। देसाई ने न्यायमूर्ति एस बी शुक्रे और न्यायमूर्ति जी ए सनप की पीठ से कहा कि आतंकवादी कहे जाने के लिए हिंसा की कार्वाई होनी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता देसाई इस मामले में तेलतुम्बड़े की ओर से जमानत की मांग कर रहे थे। मिहिर देसाई ने कहा, यह मेरा तर्क है कि एक आतंकवादी गतिविधि में किसी प्रकार की हिंसा शामिल होती है। यह एनआईए के आरोप पत्र में भी नहीं है कि तेलतुम्बड़े किसी प्रकार की हिंसा में शामिल था। वैसी स्थिति में एनआईए यह नहीं कह सकती कि तेलतुम्बड़े एक आतंकवादी है। देसाई ने आगे तर्क दिया कि गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए), जिसके तहत तेलतुम्बड़े और उसके सह-आरोपियों को मामले में आरोपित किया गया है, उस कानून के तहत आरोपियों के लिए जमानत पाना आसान नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि लेकिन, उच्च न्यायालय को उच्चतम न्यायालय के कई फैसलों को ध्यान में रखना चाहिए, जिनके मुताबिक एक आरोपी को बिना मुकदमे के लंबे समय तक सलाखों के पीछे नहीं रखा जाना चाहिए। तेलतुम्बड़े की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा।

## तृणमूल कांग्रेस नेता की हत्या के मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता भादू शेख की हत्या के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक आरोपी को बीरभूम में बंगाल-झारखंड सीमा से जबकि एक आरोपी को रामपुरहाट से और तीसरे आरोपी को माल्दा जिले से मंगलवार रात गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों को शेख की हत्या के दौरान बम फेंकते देखा जा सकता है और वे घटना के बाद छिप गए थे। अधिकारी ने कहा कि तीनों आरोपियों को एक अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया। इस बीच, शेख की हत्या के बाद बोगतुई गांव में घरों में आगजनी के चलते महिलाओं और बच्चों समेत नौ लोगों की मौत के मामले में सीबीआई के अधिकारियों ने रामपुरहाट थाने के एक अधिकारी से पूछताछ की। सीबीआई ने गवाहों और इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों से भी पूछताछ की है। सीबीआई अधिकारियों ने इस घटना की जांच के सिलसिले में पांच जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। जांचकर्ताओं ने उन दमकलकर्मियों और पुलिसकर्मियों की भी सूची तैयार की है, जोकि बचाव अभियान के दौरान घटनास्थल पर मौजूद थे। सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा, और अधिक विवरण प्राप्त करने के लिए हमें उनसे पूछताछ करनी होगी।

# डोभाल ने जर्मनी के सुरक्षा एवं विदेश नीति सलाहकार से वार्ता की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भारत यात्रा पर आए जर्मनी के सुरक्षा एवं विदेश नीति सलाहकार जेन्स प्लॉटनर के साथ बुधवार को अलग अलग वार्ता की जो यूक्रेन में संघर्ष से उपजी भू-राजनीतिक उथल-पुथल के साथ- साथ अहम द्विपक्षीय मुद्दों से संबंधित रही। प्लॉटनर एक दिन के दौरे पर भारत आए हुए हैं और इसके बाद वह जापान जाएंगे।

जयशंकर ने ट्वीट किया, जर्मनी के चांसलर के विदेश एवं सुरक्षा नीति सलाहकार जेन्स प्लॉटनर से आज दोपहर मुलाकात की। जाहिर तौर पर, हमारी बातचीत यूक्रेन स्थिति के इर्द-गिर्द केंद्रित रही। बातचीत से पहले, प्लॉटनर ने कहा कि विश्व को रूस के यूक्रेन पर हमले के भू-राजनीतिक नतीजों को समझना चाहिए और अगर इसे नहीं रोका गया तो इसके दुनिया के लिए बड़े परिणाम होंगे। प्लॉटनर ने पत्रकारों से कहा कि जर्मनी यूक्रेन में फौरन संघर्ष विराम की कोशिश में है और वह पूर्वी यूरोपीय देश में संकट को लेकर अपने देश के दृष्टिकोण को साझा करने के लिए भारत आए हैं। उन्होंने रूस पर पश्चिमी पाबंदियों के प्रभाव को सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया और रूसी कार्वाई को अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुल्लम खुल्ला और अकारण उल्लंघन बताया।

प्लॉटनर के साथ बातचीत के दौरान डोभाल ने अंतरराष्ट्रीय कानून और सभी राष्ट्रों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के भारत के दृढ़ दृष्टिकोण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने कई द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ अहम वैश्विक घटनाक्रम पर भी चर्चा की, जिनमें अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे भी शामिल थे। जर्मनी के चांसलर के सुरक्षा एवं विदेश नीति सलाहकार की दिल्ली यात्रा ऐसे वक्त हो रही है जब कई उच्च स्तरीय विदेशी गणमन्य व्यक्ति यूक्रेन संकट तथा अन्य क्षेत्रीय एवं बहुपक्षीय मुद्दों पर सलाह-मशविरे के लिए भारत की यात्रा कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया, दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की मजबूत और लचीली तथा इसमें मौजूद पारस्परिक लाभ की अपार संभावनाओं की फिर से पुष्टि की। सूत्रों ने बताया, वे इस बात पर सहमत हुए कि आगामी छठा अंतर सरकारी परामर्श दोनों पक्षों के नेतृत्व को बातचीत करने और द्विपक्षीय साझेदारी को तीव्र करने का मौका देगा। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने पारस्परिक हित के मुद्दों पर बातचीत करते रहने पर सहमति जताई।

## वर्ष 2020 में दोपहिया से जुड़ी करीब 1.58 लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुईं

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को बताया कि वर्ष 2020 में दोपहिया वाहनों से जुड़ी 1,58,964 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 56,873 लोगों की मौतें हुईं। राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वर्ष 2019 में दोपहिया से जुड़ी सड़क दुर्घटनाओं में 56,136 लोग मारे गए, जबकि बाइक से होने वाली दुर्घटनाओं की कुल संख्या 1,67,184 थी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए, सड़क मंत्रालय ने शिक्षा, इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन दोनों), प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल के आधार पर सड़क सुरक्षा के मसलों का हल करने के लिए एक बहु-आयामी रणनीति तैयार की है। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए, गडकरी ने कहा कि भारतीय वायु सेना द्वारा 28 आपातकालीन लैंडिंग सुविधाओं (ईएलएफ) की पहचान की गई है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का कुल बकाया ऋण 22 मार्च, 2022 तक बढ़कर 3,47,685.91 करोड़ रुपए हो गया है, जो 31 मार्च 2014 तक 23,796.60 करोड़ रुपए था। मंत्री ने समझाया कि एनएचएआई मूल्यवान सड़क संपत्ति बनाता है जो आर्थिक रूप से लाभप्रद है।



अहमदाबाद में गुजरात मद्य निषेध विभाग और पुलिस द्वारा जब्त की गई शराब की बोतलों को नष्ट करता हुआ रोलर।

## कारों में सवार लोगों की सुरक्षा के लिए नए मानदंड तैयार किए जा रहे: गडकरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि अगर कारों में एयरबैग काम कर रहे होते तो 2020 में देश में 13,022 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। जोर दिया कि वाहनों में सवार लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नए मानदंड पेश किए जा रहे हैं। परिवहन मंत्रालय ने नए नियमों को अधिसूचित कर दिया है और एक अक्टूबर से सभी वाहनों में साइड एयरबैग सहित छह एयरबैग लगाने का प्रस्ताव किया गया है। गडकरी ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान विभिन्न पूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि हर साल भारत में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें 1.5 लाख लोगों की मौत हो जाती है। इस कारण से, कई उपाय किए जा रहे हैं। अब छह एयरबैग अनिवार्य हैं और किफायती मॉडल के लिए भी अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया गया है।



हम लोगों के जीवन की रक्षा करना चाहते हैं और इसलिए हम इस रेटिंग प्रणाली को शुरू कर रहे हैं, जिससे ऑटोमोबाइल क्षेत्र में गुणात्मक सुधार होगा और साथ ही, निर्यात में वृद्धि होगी जिससे अधिक रोजगार की संभावनाएं पैदा होंगी और देश का विकास होगा। सड़क परिवहन मंत्रालय और भारत एनकैप द्वारा मानदंड पहले ही अधिसूचित किए जा चुके हैं और हमारे दुर्घटना मानकों में काफी सुधार होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एक योजना तैयार करने के लिए हितधारकों के परामर्श से एक प्रस्ताव पर काम कर रहा है जो भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत एनकैप) के तहत कार की स्टार रेटिंग का परीक्षण और मूल्यांकन करेगा।

# नीट-पीजी: कोर्ट ने मॉप-अप राउंड काउंसलिंग मे यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बुधवार को केंद्र को नीट-पीजी 2021-22 काउंसलिंग के मॉप-अप राउंड में बृहस्पतिवार तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया और स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) से उन मुद्दों पर पुनर्विचार करने को कहा जिसमें 146 नई सीटें जोड़ने का फैसला भी शामिल है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ए 146 सीटें उम्मीदवारों के लिए पिछले दौर की काउंसलिंग में उपलब्ध नहीं थीं और उनके पास इन सीटों में भाग लेने का कोई अवसर नहीं था। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि ए सीटें उन छात्रों को आवंटित की गई हैं, जो पहले और दूसरे दौर की काउंसलिंग में सीटें आवंटित करने वालों की तुलना में मेरिट में पीछे रहे।

पीठ ने कहा कि यह उन पहलुओं में से एक है जिस पर डीजीएचएस को फिर से विचार करने की जरूरत है। शीर्ष अदालत राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-परास्नातक (नीट-पीजी) 2021-22 काउंसलिंग के मॉप-अप राउंड में भाग लेने के लिए डॉक्टरों के एक समूह की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि दूसरा पहलू 16 मार्च के नोटिस के गैर-समान आवेदन के संबंध में है। एक याचिका में, याचिकाकर्ताओं ने मेडिकल काउंसलिंग कमेटी के 16 मार्च के नोटिस को चुनौती दी है, जो मॉप-अप राउंड काउंसलिंग में भाग लेने पर रोक लगाता है, अगर उम्मीदवार ने पहले ही राज्य कोटे में सीटें ले ली हैं।

पीठ ने कहा कि 16 मार्च के नोटिस के परिणामस्वरूप जिन उम्मीदवारों को राज्य कोटे में राउंड एक और दो में सीटें आवंटित की गई हैं, उन्हें अखिल भारतीय कोटे के लिए मॉप-अप काउंसलिंग में भाग लेने से रोका गया है। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया नोटिस का समान रूप से पालन नहीं किया गया है और इससे संदेह हो सकता है कि क्या मॉप-अप राउंड में अखिल भारतीय कोटे में सीटों का आवंटन उचित है। पीठ ने केंद्र से बृहस्पतिवार को इन मुद्दों पर जवाब देने और तब तक मॉप-अप राउंड काउंसलिंग में यथास्थिति बनाए रखने को कहा। शीर्ष अदालत ने 28 मार्च को डीजीएचएस को नीट-पीजी 2021-22 काउंसलिंग के मॉप-अप राउंड में भाग लेने के लिए डॉक्टरों के एक समूह की कुछ याचिकाओं पर जवाब देने का निर्देशा दिया था। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन ने कहा था कि डीजीएचएस द्वारा नई सीटों को लाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं जो उनके लिए उपलब्ध नहीं थे और अब जो छात्र मेरिट में नीचे थे उन्हें बेहतर सीटें मिलेंगी।

## वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में मिलने वाली छूट बहाल करने की अभी कोई योजना नहीं : वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि करीब सात करोड़ वरिष्ठ नागरिक करीब दो वर्षों से बिना किसी छूट के ट्रेनों से यात्रा कर रहे हैं और अभी इस छूट को बहाल करने की कोई योजना नहीं है। रेलवे ने यह सुविधा मार्च 2020 में कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन के दौरान स्थगित कर दी थी। निचले सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में रेल मंत्री ने कहा कि अभी इस छूट को बहाल करने की कोई योजना नहीं है। वैष्णव ने कहा कि 20 मार्च 2020 से 31 मार्च 2021 के बीच 1.87 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों ने ट्रेनों से यात्रा की जबकि एक अप्रैल 2021 से फरवरी 2022 के बीच 4.74 करोड़ बुजुर्गों ने रेल यात्रा की। वहीं, लोकसभा में विष्णु दयाल राम के प्रश्न के लिखित उत्तर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेल में आदर्श स्टेशन योजना के तहत 1,253 रेलवे स्टेशन चिन्हित किए गए हैं।

## कोर्ट ने पूर्व सीएम एदियुरप्पा के खिलाफ विशेष आपराधिक मामला दर्ज करने का आदेश दिया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा के खिलाफ भूमि से संबंधित एक मामले में कथित भ्रष्टाचार को लेकर एक विशेष आपराधिक मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। यह मामला उस समय का है जब एदियुरप्पा 2006-07 में भारतीय जनता पार्टी भाजपा-जनता दल (सेक्लुर) गठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। कर्नाटक में निर्वाचित सांसदों/विधायकों से संबंधित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए विशेष रूप से स्थापित विशेष अदालत के सत्र न्यायाधीश बी. जयंत कुमार ने वासुदेव रेड्डी की एक निजी शिकायत के आधार पर 26 मार्च को आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(डी) आराडब्ल्यू धारा 13(2) के तहत दंडनीय अपराध के लिए आरोपी नंबर 2 बी. एस. एदियुरप्पा के खिलाफ एक विशेष आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। सीआरपीसी की धारा 204 (2) के तहत आवश्यक गवाहों की सूची दाखिल करने के बाद ही आरोपी नंबर दो को उनकी उपस्थिति के लिए समन जारी करें, और प्रक्रिया शुल्क का भुगतान किया जाए। शिकायतकर्ता के अनुसार, कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम के तहत राज्य सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी उद्यान स्थापित करने के लिए बेलंदूर, देवरबीसनहल्ली, करियाम्मना अग्रहारा और अमानीबेलंदूर खाने में 434 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि एदियुरप्पा के खिलाफ प्रथमदृष्टया मामला बनता है। अदालत ने कहा, मेरा यह मत है कि अभियुक्त के विरुद्ध विशेष आपराधिक मामला दर्ज करके और अभियुक्त संख्या दो को पेश होने के लिए समन जारी करके उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए पर्याप्त सामग्री है और शिकायतकर्ता को अभियुक्त संख्या दो के विरुद्ध अपने आरोप सिद्ध करने का अवसर प्रदान करता है।

## राज्यसभा ने झारखंड में भोगता समुदाय को एसटी सूची में डालने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने बुधवार को एक विधेयक को मंजूरी दे दी जिसमें झारखंड में भोगता समुदाय को अनुसूचित जातियों की सूची से हटाकर अनुसूचित जनजाति सूची में डालने तथा कुछ अन्य समुदायों को एसटी सूची में शामिल करने के प्रावधान हैं। उच्च सदन ने केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा पेश किए गए संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2022 को चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे पहले विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जनजातीय वर्ग के मुद्दों पर संवदेनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चर्चा में जिन सदस्यों ने अपने राज्यों की जिन जनजातियों को अनूसूचित जाति में शामिल करवाने के मुद्दे उठाए हैं, सरकार उन पर गंभीरता एवं ईमानदारी से काम कर रही है।

# असम-मेघालय सीमा विवाद पर संसद अंतिम फैसला करेगी: हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अंतरराज्यीय सीमा विवाद को आंशिक रूप से हल करने के लिए मेघालय के अपने समकक्ष के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के एक दिन बाद बुधवार को राज्य विधानसभा में कहा कि इस मामले पर अंतिम फैसला संसद करेगी। दोनों राज्यों ने मंगलवार को छह स्थानों पर पांच दशक पुराना सीमा विवाद हल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों राज्यों के बीच 12 स्थानों को लेकर सीमा विवाद है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे पूर्वोत्तर के लिए ऐतिहासिक दिन करार दिया। सरमा ने विधानसभा में अपने भाषण के दौरान कहा, हमने अबतक जो किया है वह शासकीय कार्वाई है और इसे अब विधाई क्षेत्र में भेजा जाएगा। हमने जिसपर हस्ताक्षर किए हैं वह अंतिम नहीं है, संसद, चर्चा के बाद इस पर अंतिम फैसला करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि सीमाओं को फिर से खींचने से संबंधित मामलों में संसद आम तौर पर राज्य विधानसभाओं की राय पूछती है और जब समझौता असम विधानसभा के समक्ष लाया जाएगा तब सदन या तो इसे स्वीकार कर सकता है या खारिज कर सकता है। उन्होंने कहा, मामले पर सदन में चर्चा की जरूरत है, लेकिन आज नहीं।

सरमा ने कहा कि समाधान के पहले चरण में 36.79 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को लिया गया है और दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच हुए समझौते के तहत इसमें से असम को 18.46 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र मिलेगा तथा मेघालय को 18.33 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विवाद के छह बिंदुओं के समाधान को उम्मीद की नई किरण बताते हुए अरूणाचल प्रदेश के साथ इसी तरह के मुद्दों को हल करने के लिए इसी मॉडल का इस्तेमाल करने की इच्छा जताई। सरमा ने कहा कि राज्य के लिए सीमा विवाद को हल करने के लिए यह बेहतरीन वक्त है।



नई दिल्ली में आईएएफ के चेतक हेलीकॉप्टर की डायमण्ड जुबली के अवसर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करता वायु सेना का जवान

# यूक्रेन के साथ वार्ता आशाजनक नहीं रही: रूस



कीव में हमले के दौरान बचायी गयी एक बुजुर्ग महिला को संबल देता एक सैनिक

एपी। मॉस्को

**क्रेमलिन** (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) का कहना है कि यूक्रेन के साथ ताजा दौर की बातचीत में कोई सफलता नहीं मिली है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बुधवार को कहा कि यह एक सकारात्मक कारक रहा कि यूक्रेन ने अपना लिखित प्रस्ताव सौंपा है। हालांकि, पेस्कोव ने कहा, हम यह नहीं कह सकते कि कुछ भी आशाजनक रहा या सफलता मिली। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि तुर्की में मंगलवार को हुई रूस-यूक्रेन की वार्ता के बाद आगे काफी काम करना बाकी है। मंगलवार की वार्ता के दौरान, यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उसने शांति समझौते के लिए एक विस्तृत रूपरेखा पेश की है जिसके तहत देश अपने आप को निष्पक्ष घोषित करेगा और अमेरिका, ब्रिटेन, फांस, तुर्की, चीन और पोलैंड जैसे अन्य देश उसकी सुरक्षा की गारंटी देंगे। यूक्रेनी पक्ष ने यह भी कहा है कि वह क्रीमिया क्षेत्र के भविष्य के संदर्भ में 15 साल की अवधि में वार्ता करने का भी इच्छुक है, जिसे 2014 में रूस ने अपने नियंत्रण में ले लिया था। पेस्कोव ने कहा कि वार्ता के दौरान रूसी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे व्लादिमीर मेडिंस्की ने इसके निष्कर्ष से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अवगत कराया है। हालांकि, प्रवक्ता ने वार्ता के बारे में अधिक विवरण साझा नहीं किया। क्रीमिया को लेकर यूक्रेन द्वारा वार्ता की पेशकश से जुड़े सवाल पर पेस्कोव ने कहा कि देश के संविधान के अनुसार क्रीमिया रूस का अभिन्न अंग है और इस पर चर्चा करने का कोई औचित्य नही है।

## अब तक 40 लाख से ज्यादा लोगों ने छोड़ा यूक्रेन: संरा

**मेडिक।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा है कि रूस के हमले के बाद से अब तक 40 लाख से ज्यादा लोग यूक्रेन छोड़ चुके हैं। एजेंसी ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में यह सबसे बड़ा शरणार्थी संकट है। शरणार्थियों के लिए संरा उच्चायुक्त ने एक वेबसाइट पर बुधवार को पोस्ट किया कि अब तक लगभग 40 लाख 10 हजार लोग यूक्रेन छोड़ चुके हैं। इनमें से 23 लाख लोग पोलैंड में प्रवेश कर चुके हैं। सहायता कर्मियों ने कहा कि यूक्रेन में लगभग 65 लाख लोग बेघर हो गए हैं। वहीं, शरणार्थियों को इस बात को लेकर संदेह है कि रूस इस युद्ध को समाप्त करेगा। खारकीव से अपने पिता के साथ पोलैंड पहुंचे युवक निकाले नजारोव ने कहा, मैं नहीं जानता कि क्या हम अब भी रूस पर भरोसा कर सकते हैं? रूस द्वारा मंगलवार को कीव और अन्य जगहों पर सैन्य कार्वाई में कटौती करने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद नाजरोव को इस वादे पर भरोसा नहीं है। यूक्रेनी नागरिक ने कहा कि उन्हें पूर्वी यूक्रेन में हमले और तेज होने की आशंका है। उन्होंने कहा, ऐसे में खारकीव वापस नहीं जा सकते। हम पूर्वी यूक्रेन में युद्ध के नए चरण को लेकर भयभीत हैं।

## रूस पर विश्वास नहीं किया जा सकता: जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस के वार्ताकारों के साथ जारी वार्ता में कुछ सकारात्मक संकेत मिले हैं, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि रूस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। रूस ने मंगलवार को तुर्की के इस्तांबुल में यूक्रेन और रूसी प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई वार्ता के बाद घोषणा की कि रूस यूक्रेन की राजधानी कीव और उत्तरी शहर




चेर्नीहिव के निकट सैन्य अभियानों को कम करेगा। अमेरिका और अन्य देशों ने रूस की इस घोषणा पर संदेह व्यक्त किया है। जेलेंस्की ने मंगलवार रात एक वीडियो संबोधन में कहा कि यूक्रेन के सैनिकों के साहस और प्रभावी कार्वाई ने रूस को कीव व चेर्नीहिव के आसपास कार्वाई को कम करने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन वार्ता प्रक्रिया को जारी रखेगा। उन्होंने रूस के प्रतिनिधियों की तरफ से आ रहे बयानों पर अविश्वास भी व्यक्त किया।

## रूस ने कीव के पास सैन्य अभियान कम करने का संकल्प जताया

**कीव।** यूक्रेन के साथ हालिया दौर की वार्ता में युद्ध को खत्म करने के संभावित समझौते की रूपरेखा सामने आने के बाद रूस ने मंगलवार को घोषणा की कि वह देश राजधानी कीव और उसके एक उत्तरी शहर के पास सैन्य अभियानों में उल्लेखनीय रूप से कमी लाएगा। तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में आयोजित सम्मेलन में यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल ने एक रूपरेखा तैयार की जिसके तहत देश खुद को तटस्थ घोषित करेगा और इसकी सुरक्षा की गारंटी अन्य देशों द्वारा दी जाएगी। मास्को की प्रतिक्रिया सकारात्मक थी और वार्ता बुधवार को आगे बढ़ने की उम्मीद है। पांच सप्ताह से जारी खूनी युद्ध में हजारों लोग मारे गए हैं और लगभग 40 लाख यूक्रेनी लोगों को देश से पलायन करना पड़ा। यूक्रेन की सेना ने कहा कि उसने कीव और चेर्निहीव के आसपास रूसी सैनिकों को वापस जाते देखा है, हालांकि अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि वह रूस के दावे की पुष्टि नहीं कर सकता।

## कीव में सैन्य अभियानों में कमी लाने की रूस की घोषणा से आश्वस्त नहीं हैं बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन रूस की उस घोषणा को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि वह यूक्रेन की राजधानी कीव में सैन्य अभियानों में उल्लेखनीय रूप से कमी लाएगा। रूसी घोषणा के संबंध में किए सवाल पर बाइडन ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, हम देखेंगे कि क्या होता है। मैं तब तक इस बारे में कुछ नहीं कह सकता, जब तक कि उनकी आगे की कार्रवाई के बारे में ना जान लूं। बाइडन ने कहा, हम देखेंगे कि क्या वे अपनी बात पर कायम रहते हैं। तुर्की और अन्य स्थानों पर वार्ता शुरू हो गई है, जो आज भी जारी है। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के प्रमुख नेताओं के साथ भी बातचीत की है। ऐसा लगता है कि एक आम सहमति बन गई है, अब देखते हैं कि वे क्या करते हैं।



## रूस से तेल आयात बंद करने को पोलैंड उठाएगा कदम

**वॉरसॉ।** पोलैंड के प्रधानमंत्री मैतयुस्ज मोरावेस्की ने बुधवार को कहा कि पोलैंड 2022 के अंत तक रूसी तेल आयात बंद के लिए कदम उठाएगा। मोरावेस्की ने कहा कि पोलैंड ने पहले ही रूसी तेल पर अपनी निर्भरता को काफी हद तक कम कर दिया है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रूसी ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता खत्म करने के लिए यूरोपीय देशों में पोलैंड सबसे कड़ी योजना लाने जा रहा है। पोलैंड ने मंगलवार को रूसी कोयले के आयात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। मोरावेस्की ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मई में गैस आयात बंद किया जाएगा, साथ ही उन्होंने अन्य यूरोपीय देशों से भी इस कदम का पालन करने का आह्वान किया। पोलैंड का कहना है कि तेल तथा गैस निर्यात से मिलने वाले धन से रूस अपनी युद्ध प्रणाली को सशक्त कर रहा है और इसे रोकना चाहिए।

# इजराइल में गोलीबारी में पांच लोगों की मौत

- बेनेट ने आतंक के खिलाफ लड़ाई का संकल्प जताया
- बीते एक हफ्ते में इजरायल में तीसरा हमला, अब तक मरने वालों की कुल संख्या 11 पर पहुंची

भाषा। यरुशलम

**इजराइल** में तेल अवीव के निकट मंगलवार शाम को गोलीबारी में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पिछले सात दिनों में इजराइल में इस तरह का यह तीसरा हमला है, जिससे हाल में इस तरह के आतंकी हमलों में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है।

इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने एक कड़े संदेश में इस तरह के हमलों से कड़ाई से निपटने का संकल्प जताया। हमलों के बाद इजराइल की पुलिस अलर्ट पर है। बेनेट ने एक बयान में कहा, इजरायल घातक अरब आतंकवाद का सामना कर रहा है। सुरक्षा बल इस पर काबू पाने का काम कर रहे हैं। हम दृढ़ता, तत्परता और कड़ाई से आतंकवाद से लड़ेंगे। इजराइल के प्रधानमंत्री ने संकल्प जताते हुए कहा, वे हमें यहां से नहीं हटाएंगे। हम जीतेंगे। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गोलीबारी तेल अवीव के पास स्थित बनी ब्राक में दो अलग-अलग इलाकों में हुई। बताया जाता है कि पीडितों में से एक पुलिस अधिकारी है, जो हमलावर को रोकने की कोशिश कर रहा था, जबकि बाकी आम नागरिक थे।

प्रधानमंत्री के विदेश मीडिया सलाहकार ने एक बयान में कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेनेट ने मंगलवार शाम को बनी ब्रैक और रमत गन में आतंकवादी हमलों की घटनाओं पर चर्चा करने के लिए एक सुरक्षा मंत्रणा बैठक आयोजित की। बयान में कहा गया, बैठक में सुरक्षा बलों द्वारा उठाए जाने वाले कदमों पर भी चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक रिकॉर्डेड संदेश में बेनेट ने कहा कि ए इजराइल के लिए मुश्किल वक्त हैं लेकिन दृढ़ संकल्प के साथ हम इस बार भी जीत हासिल करेंगे। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा, हर कुछ वर्षों में इजराइल आतंकवाद की लहर से निपट रहा है। कुछ समय की शांति के बाद, हमें तबाह करने की मंशा रखने वाले लोग हिंसक वारदात करते हैं, ऐसे लोग हमें किसी भी कीमत पर चोट पहुंचाना चाहते हैं, जिन्हें इजराइल राष्ट्र के यहूदियों से नफरत है, यही उन्हें ऐसा करने के लिए उकसाता है। वे मरने के लिए तैयार हैं - ताकि हम शांति से न रहें। उन्होंने कहा, इजराइल के सुरक्षा बल दुनिया में सबसे बेहतरीन हैं। वे हर कार्य के लिए तैयार हैं और पिछली बार की तरह इस बार भी हम जीतेंगे।

# यूक्रेन में युद्ध से बड़ा खाद्य संकट उत्पन्न हो रहा है: डेविड बेस्ली

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र के खाद्य संबंधी मामलों के प्रमुख डेविड बेस्ली ने मंगलवार को आगाह किया कि यूक्रेन में युद्ध ने एक बड़ा संकट उत्पन्न कर दिया है और वैश्विक स्तर पर इसका प्रभाव द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से हमने जो कुछ भी देखा है उससे कहीं अधिक होगा, क्योंकि दुनिया के लिए व्यापक स्तर पर गेहूं का उत्पादन करने वाले यूक्रेन के किसान अब रूसी सेना से मुकाबला कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक डेविड बेस्ली ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि खाद्य सामग्री की कीमतें अभी से आसमान छू रही हैं। बेस्ली ने कहा कि उनकी एजेंसी रूस के 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला करने से पहले विश्व में करीब 12.5 करोड़ लोगों को भोजन मुहैया करा रही थी और अब भोजन, ईंधन और परिवहन की बढ़ती लागत के कारण उन्हें अपने राशन में कटौती शुरू करनी पड़ रही है। उन्होंने युद्धग्रस्त यमन का जिक्र किया, जहां 80 लाख लोगों को मुहैया कराए जाने वाले भोजन में 50 प्रतिशत कटौती की गई है, और अब हम इसे बिल्कुल बंद करने पर विचार कर रहे हैं। बेस्ली ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के कारण दुनिया को व्यापक स्तर पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने वाले देश के लोग खुद भोजन के लिए दूसरों पर निर्भर हो गए हैं। 2020 में, मिस्र सामान्य तौर पर 85 प्रतिशत और लेबनान 81 प्रतिशत अनाज यूक्रेन से प्राप्त कर रहा था। यूक्रेन और रूस दुनिया का 30 प्रतिशत गेहूं, 20 प्रतिशत मकई और सूरजमुखी के बीज के तेल का 75 से 80 प्रतिशत का उत्पादन करते हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम, अपनी सेवाओं के लिए 50 प्रतिशत अनाज यूक्रेन से खरीदता है। उन्होंने कहा कि युद्ध से भोजन, ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ेगी और एजेंसी के मासिक खर्च में 7.1 करोड़ डॉलर की वृद्धि होगी।

# कांगो में विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के हेलीकॉप्टर को मार गिराया, आठ लोगों की मौत

एपी। डकार (सेनेगल)

**कांगो** की सेना ने कहा कि देश के पूर्वी क्षेत्र में विद्रोहियों ने मंगलवार को आठ शांति सैनिकों और संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षकों को लेकर जा रहे संयुक्त राष्ट्र के एक हेलीकॉप्टर को मार गिराया। संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। कांगो सेना के एक बयान के अनुसार, हेलीकॉप्टर एक अन्य हेलीकॉप्टर के साथ कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के लिए जा रहा था, तभी उस पर हमला किया गया। हेलीकॉप्टर पर मौजूद संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक सैनिक उन समुदायों की गतिविधियों का आकलन कर रहे थे जिन पर एक विद्रोही समूह ने हमला किया था। एक बयान के अनुसार, विद्रोही समूह एम23 ने सोमवार को तचांजू, रूनीओनी, नदिजा और तचेंगरेरो सहित कई गांवों पर हमला किया। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बाद में कहा कि एक खोज और बचाव अभियान में मलबा मिला है और कोई भी जीवित नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि आठ लोगों के शव पूर्वी कांगो के सबसे बड़े शहर गोमा लाए गए। दुजारिक ने कहा, हम पाकिस्तानी चालक दल के छह सदस्यों और रूस और सर्बिया के दो सैन्य कर्मचारियों के परिवारों और उनके देश की सरकारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। दुर्घटना की परिस्थितियों की जांच चल रही है।

**Public Notice**

Bihar Bandhu Coop. Group Housing Society Ltd. Off. Flat No.3, Pocket-5, DDA Flats,Sector-12,Dwarka,New Delhi-110075 In pursuance to rule 19(2) of DCS rules, 2007, it is to inform publicly that Sh. Vinod Kumar(M.No.18) member of Bihar Bandhu CGHS Ltd. has resigned from the membership of the society and he had been refunded through account payee cheque for his contributions. If anyone has any objec tions he/she may file his/her objection in the office of the RCS, Parliament Street, New Delhi-110001 or at society office i.e,Flat No. 3, Pocket-5, DDA Flats,Sector-12,Dwarka, New Delhi-110075 within 15 days from the date of publication of the public notice.
Sd/- Secretary Bihar Bandhu CGHS Ltd.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि उप-पंजीयक-।।, नई दिल्ली के कार्यालय में दिनांक 11.11.1998 को विधिवत पंजीकृत मुख्तारनामा आम (जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी) जो कि श्री राजेश उप्पल पुत्र श्री बी. आर. उप्पल द्वारा मेरे मुवक्किल श्री राज कुमार सेगन पुत्र श्री जगदीश लाल सेगन के पक्ष में फ्लेट नं. 10सी, शिव शक्ति सी.जी.एच.एस. लिमिटेड, प्लॉट नं.10, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली के रख रखाव के सन्दर्भ में निष्पादित किया गया था। यह मुख्तारनामा आम श्री राज कुमार सेगन पुत्र श्री जगदीश लाल सेगन निवासी 10सी, शिव शक्ति सी.जी.एच.एस. लिमिटेड, प्लॉट नं.10, सैक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली द्वारा खो गया है। इस आशय के लिए दिल्ली पुलिस के ऑनलाईन पोर्टल पर सी.आर.एन. नं. LR No.: 264253/2022 दिनांक 29.03.2022 के तहत एक एनसीआर/प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पाने वाला कृपया वर्तमान तिथि से 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, उसके बाद उपयोगकर्ता /धारक खोये/लापता दस्तावेज़ के उपयोग के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।
PREM PRAKASH-ADVOCATE
207, Plot-1, MLU Sector-10 Dwarka, New Delhi-110075 Mob.: 9871268399

# इंडिया रेटिंग्स ने 2022-23 के लिए वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 7-7.2 प्रतिशत किया

भाषा। मुंबई

**रेटिंग** एजेंसी इंडिया रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 7.6 प्रतिशत से घटाकर 7 से 7.2 फीसदी कर दिया है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बढ़ती अनिश्चितता और उसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं की धारणा प्रभावित होने के कारण इंडिया रेटिंग ने वृद्धि दर के अनुमान को कम किया है। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि युद्ध कब खत्म होगा इसे लेकर अनिश्चितता की स्थिति के चलते कच्चे तेल की कीमतें तीन महीने तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती हैं। इसका दूसरा परिदृश्य यह है कि कीमतें छह महीने तक उच्चस्तर पर रह सकती हैं। रेटिंग एजेंसी के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत और प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने बुधवार को कहा कि यदि कच्चे तेल की कीमतें तीन महीने तक ऊंचे स्तर पर रहती है तो वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वद्धि 7.2 फीसदी रह सकती है और यदि कीमतें इस अवधि के बाद भी ऊंचे स्तर पर रहती हैं तो जीडीपी वृद्धि और भी कम सात प्रतिशत रहेगी। दोनों ही आंकड़े जीडीपी वृद्धि के पहले के 7.6 फीसदी के अनुमान से कम हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी वित्त वर्ष में इन दो परिदृश्यों में अर्थव्यवस्था का आकार 2022-23 के जीडीपी स्झान मूल्य की तुलना में क्रमश: 10.6 प्रतिशत और 10.8 फीसदी कम रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021-22 में उपभोक्ता मांग कमजोर रही है। हालांकि, त्योहारों के दौरान दैनिक उपभोग की वस्तुओं की मांग बढ़ी थी। लेकिन बढ़ती मुद्रास्फीति को देखते हुए इसमें संदेह है कि यह मांग बनी रहेगी। लोगों द्वारा गैर-जरूरी वस्तुओं पर खर्च में कमी आएगी। यूक्रेन में जारी युद्ध के कारण जिंसों की बढ़ती कीमतें, उपभोक्ता मुद्रास्फीति के बढ़ने के कारण उपभोक्ताओं धारणा और भी कमजोर पड़ सकती हैं। रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि निजी उपभोग पर खर्च के पहले के 9.4 फीसदी के अनुमान के मुकाबले पहले और दूसरे परिदृश्य में क्रमश: 8.1 फीसदी और आठ प्रतिशत रहेगा। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर, रिपोर्ट में आगाह किया गया कि मुद्रा के मूल्य में गिरावट को जोड़े बिना कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि से खुदरा मुद्रास्फीति 0.42 फीसदी और थोक मुद्रास्फीति 1.04 फीसदी तक बढ़ सकती है। इसी तरह सूरजमुखी के तेल में 10 प्रतिशत के उछाल से खुदरा मुद्रास्फीति 0.12 फीसदी और थोक मुद्रास्फीति 0.024 फीसदी बढ़ सकती है।

## चुनावी बांड की बिक्री एक अप्रैल से होगी शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को चुनावी बांड की 20वीं किस्त जारी करने को मंजूरी दे दी। बांड बिक्री के लिए एक अप्रैल से 10 अप्रैल तक खुलेगा। राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए गए नकद चंदे के विकल्प के रूप में चुनावी बांड पेश किया गया है। हालांकि, विपक्षी दल इस तरह के बांड के जरिए चंदे में कथित रूप से पारदर्शिता की कमी को लेकर चिंता जताते रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को उसकी 29 अधिकृत शाखाओं के जरिए 20वें चरण की बिक्री को लेकर बांड जारी करने और उसे भुनाने के लिए अधिकृत किया गया है। यह बिक्री एक अप्रैल से 10 अप्रैल, 2022 तक होगी। एसबीआई की ए 29 शाखाएं लखनऊ शिमला, देहरादून कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, तिरुवनंतपुरम, पटना, नई दिल्ली, चंडीगढ़, श्रीनगर, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर और मुंबई जैसे शहरों में हैं। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बांड किसी भी भारतीय नागरिक या देश में स्थापित या गठित इकाइयां खरीद सकती हैं। पिछले लोकसभा या विधानसभा चुनावों में कम-से-कम एक प्रतिशत वोट हासिल करने वाले पंजीकृत राजनीतिक दल चुनावी बांड प्राप्त करने के पात्र हैं।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेंक्स 740 अंक और चढ़ा

भाषा। मुंबई







**शेयर** बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 740.34 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। रूस-यूक्रेन शांति वार्ता के सफल होने की उम्मीद के साथ वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच इन्फोसिस, एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से बाजार में मजबूती रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स वायदा एवं विकल्प खंड में बृहस्पतिवार को सौदे पूरे करने के आखिरी दिन से पहले 740.34 अंक यानी 1.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,683.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 784.13 अंक उछलकर 58,727.78 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 172.95 अंक यानी एक प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,498.25 अंक पर बंद हुआ। फरवरी के बाद यह निफ्टी का सबसे ऊंचा बंद स्तर है। इन तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2.29 प्रतिशत यानी।,321 अंक जबकि निफ्टी दो प्रतिशत यानी 345 अंक चढ़ा है।

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से बजाज फिनसर्व सबसे ज्यादा 3.82 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और टाइटन शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव रहा। लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता से युद्ध खत्म होने की उम्मीद बंधी है। इससे घरेलू बाजार में कारोबार भरोसे के साथ हुआ। कच्चे तेल और जिंसों के दाम में नरमी से भी बाजार को समर्थन मिला। इससे कंपनियों को मार्जिन पर दबाव कम करने में मदद मिलेगी। रिलायंस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख मितुल शाह ने भी कहा कि रूस-यूक्रेन शांति वार्ता से निवेशकों के बीच उम्मीद बंधी है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में, जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में हाल की तेजी के बाद मुनाफावसूली से दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.25 प्रतिशत बढ़कर 112.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

**PUBLIC NOTICE**

The meeting has been called to discuss the filing of the vacancy which has arisen on account of expulsion of Sh Neeraj Agarwal M.S. No. 170 and approved by the order of the Spl Registrar. The President informed that the vacancy is to be filled up as per Rule 19 of the DCS Rules, 2007 and the RCS office is to be informed 15 days in advance before advertising the vacancy in the newspapers. The matter was discussed among the committee members and it has been resolved that the vacancy to be filled up and the RCS office be informed about the filing up of the vacancy. The cost of flat including equalization charges is Rs. 61,36,133/-
For The People Conservative CGHS LTD.
PRESIDENT

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that We Anju W/o Sh. Sushil Kumar and Sushil Kumar S/o Sh. Tilak Raj both R/o DDA MIG Flat No. 170,Second Floor, Pkt- C8, Sector – 8, Rohini, New Delhi- 110085. are the Allottee/owner of DDA MIG Flat No.170, Second Floor, Pkt - C 8, Sector – 8, Rohini, New Delhi. vide File No.M.024(977)1987/RO/MIG, We lost/misplaced our Original Possession Letter, NOC for water & electricity bill, and Site Possession Slip. of the above said property. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR NO 266263/2022 dt. 30/03/2022.Any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address / phone no 9971658600 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (MIG)Housing Resi,or Asstt,Director (MIG) Housing, Resi, Block – D, Third Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार अनिल कुमार,एम. सी.न.1733,पुरानी आबादी गाँव अर्थला,परगना लोनी, तहसील और डिस्ट्रिक्ट गाजियाबाद, उ.प्र. को रेनू सिंह से खरीदने जा रहे है तथा डी एम आइ हाउसिंग फाइनान्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है, तथा रेनू सिंह ने उक्त संपत्ति महावीर सिंह से विक्रय पत्र न. 4494 दिनांक 16.04.2012 से खरीदी थी, रेनू सिंह से प्रॉपर्टी से संबंधित सभी कागजात सिवाए उक्त विक्रय पत्र के खो गये है,तथा जिसके लिए पोलीस शिकायत तारीख 30.03.2022 को थाना दिल्ली को दी गई है. यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय अनिल कुमार और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॅगजो को वापस कर दे.
एडरैम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही.-७५. म:- ९८९९०१३९१८

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) TATAMOTORS TATA_ACE REG. NO. DL1LAD5330 YOM-2019
2) EICHER - CB_VE_10_95 REG. NO. DL1MA2823 YOM-2019
3) TATA ACE REG. NO. DL1LAF4121-YOM -2021
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 09711173320
EMAIL rajesh.antil@kotak.com

punjab national bank
...Together for the better
Oriental United

सर्कल सस्तरा, जालंधर (पश्चिम) दूसरा तल 922, जी.टी. रोड, जालंधर, पंजाब

**अचल जायदाद की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समैंट) रूल्ज 2002 के रूल 8(6) के प्रोविजो सहित पढ़े जाते ''सिक्योरिटाईजेशन एंड रीकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनैंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समैंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002'' केअधीन अचल एसेट्स की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। नोटिस एतद् द्वारा आम तौर पर जनता को तथा विशेष, तौर पर कर्जदार (ों) और गारंटर (ों) को दिया जाता है कि सिक्योर्ड क्रैडिटर के पास निम्नवर्णित अचल जायदाद (ों) मार्टगेज्ड / चार्ज्ड का, रचनात्मक / मूल / सांकेतिक कब्जा, जिसका बैंक के अधिकृत अफसर, सिक्योर्ड क्रैडिटर द्वारा ले लिया गया है, की बिक्री ''जैसे है जहां है'', ''जो है सो है'' तथा ''जो भी है जहां है'' आधार पर अलग-अलग कर्जदार (ों) और गारंटर (ों) से बैंक / सिक्योर्ड क्रैडिटर को उनके देयों की वसूली के लिए, इसमें निम्न सारिणी में वर्णित अनुसार तिथि को की जाएगी। आरक्षित कीमत और धरोहर राशि जमा अलग-अलग जायदादों के सामने निम्न सारिणी में वर्णित अनुसार होगी।

**सिक्योर्ड एसेट्स का शैड्यूल**

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | ब्रांच का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/गारंटर का नाम और पद | मार्टगेज्ड अचल जायदादों का विवरण/ मालिक का नाम / जायदाद (ों) की मार्टगेजर | ई) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के अधीन डिमांड नोटिस की तिथि एफ) बकाया राशि के अनुसार - जी) कब्जा सांकेतिक/मूल/रचनात्मक की प्रकृति | ए) आरक्षित कीमत (रु. लाखों में) बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/ समय | सिक्योर्ड क्रैडिटर्स को ज्ञात भारों के विवरण |
| 1. | इंडस्ट्रीयल एरिया, जालंधर<br>कर्जदार (ों) : 1. मैसर्ज आर.एस. इंटरनैशनल, प्लाट नं. 71, लैदर काम्पलैक्स, कपूरथला रोड, जालंधर, 2. मैसर्ज कांति लॉज प्राइवेट लिमि., 46 अमृत नगर, न्यू दिल्ली, 3. श्रीमती पूनम विरालिया पत्नी श्री विनय कुमार, 4. श्री खुशाल विरालिया पुत्र विनोद कुमार, 5. श्री विनोद कुमार पुत्र रघुवीर सिंह, 6. श्री विनय कुमार पुत्र श्री रघुवीर सिंह, 7. श्री रघुवीर सिंह (252/3एशिवलोकपुरी, कंकर खेड़ा, मेरठ, उत्तर प्रदेश) | रिहायशी प्लाट नं. 1/2 ए आरटीडी नं. 6807 तिथि 28.05.2011 मैसर्ज कांति लॉज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर इसके निदेशकों मि. विनय कुमार तथा रघुवीर सिंह द्वारा मौजा रिठानी, परगना, ओल्ड मेरठ दिल्ली नैशनल हाईवे, तहसील तथा जिला मेरठ में स्थित। दिशाएं निम्न आनुसार :- पूर्व - अन्यों के अहाता, पश्चिम - रास्ता आम, उत्तर - अन्यों की जायदाद, दक्षिण - अन्यों का अहाता, भूमि परिमाप 2365.38 वर्ग मीटर्स जिसका खसरा नं. 1034 मिन, 1035 मिन, 1037 मिन। Property ID PUNB0242XRSI | डिमांड नोटिस तिथि 11.10.2018<br>30.09.2018 के अनुसार बकाया राशि रु. 4,81,91,668.69 (रुपए चार करोड़ इक्यासी लाख इक्यानवें हजार छह सौ अड़सठ तथा उनहत्तर पैसे मात्र) + भावी ब्याज तथा अन्य चार्जिस जब तक पूरी अदायगी नहीं की जाती है।<br>धारा 13(4) के अधीन कब्जा तिथि 24.12.2018, मूल कब्जा | A) 3,99,00,000 (Rupees Three Crore Ninty Nine Lac only<br>B) Rs. 40,00,000.00 (Rs. Forty Lac Only)<br>C) Rs. 10,000.00 (Rs. Ten Thousand Only) | 21-04-2022 11:00 AM TO 02:00 PM | NIL |

**नियम और शर्तें**

बिक्री सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समैंट में निर्धारित नियमों और शर्तों तथा अधोलिखित अन्य शर्तों का विषय होगी : 1) जायदादों की बिक्री ''जैसे है जहां है'' आधार तथा ''जो है सो है आधार'' और ''जो भी है जहां है'' आधार पर की जा रही है। 2) यहां उपरोक्त शैड्यूल में निर्दिष्ट सिक्योर्ड एसेट्स का विवरण अधिकृत अफसर की जानकारी के अनुसार सर्वोत्तम बताया गया है परंतु अधिकृत अफसर किसी त्रुटि, गलत बयानबाजी या इस उद्घोषणा में चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगी। 3) बिक्री कामल नं. 6 में उपरोक्त दिए समय के अनुसार 21-04-2022 को वैबसाइट https://www.mstcecommerce.com पर मुहैया ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। 4) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया www.ibapi.in, www.mstcecommerce.com का संदर्भ लें।

**दि सरफेसी एक्ट, 2002 के नियमों के अधीन वैधानिक 15 बिक्री नोटिस**

तिथि :30-03-2022 स्थान : जालंधर अधिकृत अधिकारी (पंजाब नैशनल बैंक, सिक्योर्ड क्रैडिटर)

# आरेडिका की एक और उपलब्धि

## प्रथम वन्देभारत प्रोटोटाइप कोच व टेस्टिंग शेड का किया गया भव्य उद्घाटन

संवाददाता। रायबरेली



**आरेडिका में** बुधवार को प्रथम वंदेभारत प्रोटोटाइप कोच के सेल एवं टेस्टिंग शेड का उद्घाटन महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस नवनिर्मित टेस्टिंग सेड में वन्देभारत कोचों के विद्युत परीक्षण का कार्य किया जाएगा और कोचों के उत्पादन को गति मिलेगी।

आरेडिका के महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में वन्देभारत ट्रेन सेट के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। आरेडिका द्वारा 30 मार्च को प्रथम वन्देभारत प्रोटोटाइप कोच के सेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्माण कार्य के अंतर्गत प्रत्येक स्तर पर कार्य की गुणवत्ता की जाँच अभिकल्प एवं गुणवत्ता विभाग द्वारा सतत निगरानी करके कार्य को संपादन करवाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वन्देभारत निर्माण कार्य से प्रसन्न होकर महाप्रबंधक द्वारा कर्मचारियों के लिए नगद पुरस्कार की घोषणा की, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढेगा और उत्पादन का कार्य अधिक तेजी से पूर्ण होगा। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता रामवृक्ष यादव, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता एसएस कलसी एवं प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता संजय अग्रवाल सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बारातियों से मारपीट और रुपए छीनने के दो और आरोपी पकड़े

**जालौन (उरई)।** तहबाजारी करने वाले युवकों द्वारा बारात की बस में बैठे बारातियों के साथ मारपीट करने एवं 5200 रुपये छीने जाने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर निवासी फूलसिहं पाल बीती 13 दिसंबर को अपने बेटे श्याम सिंह की बारात प्राइवेट बस से उरई से मध्यप्रदेश के ग्वालियर लेकर जा रहे थे। देवनगर चौराहे पर तहबाजारी करने वाले युवकों ने जब उनकी बस को रोकना चाहा तो उन्होंने बस नहीं रोकी। बस के न रुकने पर युवकों ने छिरिया सलेमपुर गांव के युवकों को फोन करके बस रोकने के लिए कहा। गांव के युवकों ने रोड पर लोडर गाड़ी खड़ी कर बस को जबरन छिरिया सलेमपुर गांव में रोक लिया और पीछे से तहबाजारी वसूलने वाले युवक भी पहुंच गए। इसके बाद सभी ने गाली, गलौज शुरू कर 5 हजार रुपये की मांग की। न देने पर बस में बैठे बारातियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं एक रिश्तेदार से 2700 रुपये एवं कंडक्टर से 2500 रुपये छीन लिए। लूटपाट का शिकार होने की सूचना फूल सिंह ने पुलिस को दी थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सोनू सेंगर चुर्खीबाल, गोलू सेंगर भवानीराम, अंकित कुशवाहा हरीपुरा, अभिषेक दीक्षित लौना रोड, पेलूराम, वकील खां, रेनू, अनिल कुमार समेत 10 लोगों के खिलाफ अवैध वसूली समेत संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस सोनू सेंगर, गोलू सेंगर, अंकित कुशवाहा, अभिषेक दीक्षित को पहले ही जेल भेज चुकी थी। बुधवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने कमसेरा मोड़ से फरार चल रहे अंशुल तिवारी व अनिल सिंह निवासीगण छिरिया सलेमपुर को गिरफ्तार कर लिया है तथा न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### दो पक्षों में मारपीट, मामला कोतवाली पहुंचा

**जालौन (उरई)।** जमीन के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली में एक पक्ष से विजय कुमार एवं दूसरे पक्ष से राजेंद्र एवं मंगल सिंह के बीच जमीन को लेकर विवाद था। विवाद के चलते दोनों पक्षों के बीच बुधवार की सुबह गाली, गलौज हो रही थी। थोड़े समय बाद दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। गांव के लोगों के समझाने के बाद भी जब वह नहीं माने तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों को कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफकोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई।

### फिरोजाबाद में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**फिरोजाबाद।** जिले के टूंडला थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आशीष तिवारी ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार की देर रात को हुई। आगरा मंडी की ओर जा रही आलू से लदी एक पिकअप गाड़ी टायर पंक्चर हो जाने के कारण सड़क किनारे खड़ी थी। वाहन के टायर की मरम्मत की जा रही थी, तभी तेज रफ्तार कंटेनर ने वाहन को टक्कर मार दी। एसएसपी ने बताया कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने आगरा के अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होने कहा कि वाहन का मालिक गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान राम बहादुर उर्फ छोटू (19), राहुल (17), वली मोहम्मद (18) के रूप में हुई है, जबकि दो अन्य की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

### राकेश टिकैत ने अधिकारियों से बातचीत के बाद धरना समाप्त किया

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत ने अपने संगठन के सदस्यों की गिरफ्तारी के विरोध में यहां मंगलवार को धरना शुरू किया। हालांकि, जिले के अधिकारियों के साथ बातचीत होने पर टिकैत ने कुछ घंटे बाद धरना समाप्त कर दिया। भाकियू के 10 कार्यकर्ताओ को सोमवार रात यहां जिला अस्पताल मे हुई झड़प के बाद गिरफ्तार किया गया था। टिकैत ने मंगलवार सुबह यहां कोतवाली थाने में धरना देना शुरू किया और भाकियू कार्यकर्ताओं को मामले में झूठा फंसाने का आरोप लगाते हुए उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। बाद में अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) नरेंद्र बहादुर सिंह और पुलिस अधीक्षक (शहर) अर्पित विजयवर्गीय ने मौके पर पहुंचकर टिकैत से धरना खत्म करने का अनुरोध किया, जिसके बाद उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। इस बीच, पुलिस ने गिरफ्तार किए गए 10 लोगों को अदालत मे पेश किया, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज कुमार जाटव ने उन्हे 14 दिनो की न्यायिक हिरासत मे भेज दिया।

### गृहस्वामी कमरे में सोते रहे चोरों नकदी, जेवर चुरा ले गये

**जालौन (उरई)।** घर के एक कमरे में किसान का परिवार सो रहा था। दूसरे कमरे से चोरों ने जेवर व नगदी उड़ाए। पीड़ित गृहस्वामी ने चोरी की सूचना कोतवाली में दे दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलकपुरा निवासी किसान जगराम ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे उनका परिवार घर के एक कमरे में सो गया। कूलर चलने की वजह से कोई आवाज नहीं आ रही थी। रात में करीब 2 बजे चोर छत के सहारे उनके घर में घुस गए। चोरों ने दूसरे कमरे की कुंडी व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 1 लाख 50 हजार रुपये नगद समेत चांदी के लच्छा, 1 जोड़ी पायल, 2 चूड़ी चांदी, 2 चूड़ी सोने की चोरी कर ली। इसके बाद चोर छत से होकर भाग निकले। पीड़ित गृहस्वामी की सूचना पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

### युवक ने महिला के साथ गाली गलौज कर की मारपीट

**जालौन (उरई)।** रंजिश के चलते गांव के युवक ने महिला के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासी केशकुमारी पत्नी सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही पंकज राजा उसके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते आए दिन गाली, गलौज करते रहते हैं। शांति बनाए रखने के लिए परिवार शांत रहता है। जिससे उनकी हिम्मत बढ़ रही है। बुधवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी उक्त पंकज घर के बाहर खड़े होकर गाली, गलौज करने लगा। बाहर आकर जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। तभी शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख वह शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया।

### कर्मियों की लापरवाही के चलते नही हो रहा है भूसा संग्रह

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के ग्रामपंचायतों में संचालित अन्ना गौ आश्रय स्थल में भूसा का स्टोर करने के लिए जिलाधिकारी ने मुहिम चलाकर किसानों से भूसा दान करने की अपील की है। वही ग्राम प्रधान, सचिव व चिकित्सा अधिकारी द्वारा अभी तक किसी ग्राम पंचायत में सम्पर्क नही किया जा रहा है। वर्तमान समय में फसल कटाई व थ्रेसरिंग का कार्य प्रगति पर है। तथा गेंहू की फसलो की कटाई की शुरुवात हो गई है। एक सप्ताह पूर्व जिलाधिकारी ने जिला मुख्यालय में मीटिंग कर गांवो में अन्ना पशु आश्रय स्थल में बंद पशुओ को भूसा का संग्रह करने का कार्य करने को कहा था। जिसमे गांव के किसानों से भूसा दान करने को प्रोत्साहन देने के लिए कार्य किया जाना है। तथा गांव में किसानो से सम्पर्क कर थोड़ा थोड़ा भूसा दान करने के लिए प्रोत्सहित करने का कार्य किया जाना है। तथा इसका स्टोर अभी से करना है। जब कि सर्दी में भूसे के दाम बढ़ने से परेशानी होती है। लेकिन खंड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान की उदासीनता के चलते किसी भी ग्राम पंचायत में अन्ना पशुओ को भूसा का स्टोर नही हो पा रहा है। इसका प्रचार प्रसार केवल मोबाइल पर कृषि विभाग के कर्मचारी कर रहे हैं।

### सामान्य बीमा में होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिये जागरूकता अभियान

**लखनऊ।** वित्तीय सेवा के क्षेत्र में आए दिन लोगों के साथ धोखाधड़ी की खबरें आती रहती हैं, इसे देखते हुए भारत के सबसे बड़े वित्तीय सेवा प्रदाताओं में से एक बजाज फिनसर्व लिमिटेड ने अपने डिजिटल कैंपेन सावधान रहें, सेफ रहें के तीसरे संस्करण की शुरुआत की है। इस कैंपेन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को शिक्षित करना और वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में तरह.तरह की धोखाधड़ी के प्रति आम जनता को जागरूक करना है। इस बार इस कैंपेन में सामान्य बीमा के क्षेत्र में होने वाली धोखाधड़ी से आम जनता को सुरक्षित रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस प्रचार अभियान के तीसरे संस्करण में लोगों तक अपनी बात पहुँचाने के लिए एक मजेदार जिंगल की मदद ली गई है। इसमें इस कैंपेन के मुख्य नायक गुप्ता उपभोक्ताओं को याद दिलाते है कि जब भी उन्हें सामान्य बीमा से जुड़ी धोखाधड़ी की स्थिति का सामना करना पड़े तो वह ना जी, ना जी, ना जी के मंत्र का जाप करें। यह कैंपेन बजाज फिनसर्व लिमिटेड और बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव है।

# एमएलसी चुनाव में प्रधान भाजपा प्रत्याशियों का करें सहयोगः पाण्डेय

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

**पंचायती राज** ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जिला पंचायतों को अनेकों प्रकार की सुविधायें दी। जिसमें मानदेय में वृद्धि के साथ ही पांच लाख रुपये के वित्तीय अधिकार तथा मनरेगा का वित्तीय अधिकार भी शामिल हैं।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि अब हम सभी का फर्ज बनता है कि एमएलसी के होने जा रहे चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों का सहयोग करें ताकि आने वाले समय में प्रधान संगठन अपनी अन्य मांगों को पूरा सके। उन्होंने कहा कि झांसी, ललितपुर, जालौन सीट से भाजपा प्रत्याशी रमा निरंजन को बगैर किसी लालच में आकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वह आने वाले समय में ग्राम प्रधानों की समस्याओं का शासन स्तर से निराकरण कराने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

इस दौरान औरैया जनपद के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव, प्रदेश सचिव सुनीता गुप्ता, ईटों प्रधान बृजेश प्रजापति, हाजी इरफान अब्दुल्लापुर, शिवदास गुप्ता कुरेपुरा, रामऔतार सिंह नीमगांव, अनूप कुमार जमरेही सानी, मुहम्मद फारुक अजीतापुर, देवेंद्र कुरौली, प्रशांत बाबली, बृजेश निषाद मुरलीपुर, सुनील निषाद, पिन्टू प्रधान पृथ्वीपुरा, मंजीत मजीठ, राघवेंद्र प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष, मनीष नायक सरावन, नरेंद्र महंत कुठौंद, अयूब जैतपुर, पप्पू रसूलपुर, सुभाष सिंगटौली, दम्मू नबादा, कुलदीप यादव शेखपुरा ग्राम प्रधान सहित अनेकों प्रधान उपस्थित रहे।

# निषाद पार्टी छह को प्रयागराज में मनायेगी निषादराज जयंती

- जालौन के कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री संजय निशाद से की भेंट

संवाददाता। उरई (जालौन)



कैबिनेट मंत्री संजय निशाद से भेंट करते पार्टी कार्यकर्ता

**जनपद के** निषाद पार्टी पदाधिकारियों ने लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के मत्स्य मंत्री डा. संजय कुमार निषाद से भेंट कर जालौन की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बताया कि आगामी 6 अप्रैल को भगवान राम के आत्मप्रिय बालसखा निषादराज जी की जयंती का आयोजन श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज में किया जायेगा जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी सहित अनेकों केंद्र व प्रदेश के मंत्री शामिल होंगे। मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री ने जनपद जालौन के निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का आवाहन किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में निषादराज जयंती में शामिल होकर उसे सफल बनायें। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रसास के मूलमंत्र पर मछुआ समाज चौमुखी विकास की ओर अग्रसर होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष भारत सिंह निषाद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश निषाद, चन्द्रशेखर, राजेंद्र, कृष्ण कुमार, बीरेंद्र, सचिन निषाद, सुरेंद्र निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

# चोरी के 16 मोबाइलों के साथ शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

संवाददाता। उरई (जालौन)




**रेंढ़र पुलिस** ने चेकिंग के दौरान 16 चोरी के मोबाइलों के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद अपराधी से पूछताछ की ताकि अन्य अपराधों का भी खुलासा हो सके। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

रेंढर पुलिस वाहन की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर भगवंतपुरा नहर के पास रज्जू पुत्र जंडेल सिंह निवासी कन्हरपुरा को गिरफ्तार कर लिया। जांच में उसके पास से 16 चोरी के मोबाइल, 315 का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुए। जिसके बाद उसे थानाध्यक्ष अशोक कुमार द्वारा उससे अन्य वारदातों कर बारे में पूंछतांछ की गई। उसके ऊपर पहले के दर्जन भर के लगभग मामले विभिन्न धाराओं में रजिस्टर्ड हैं। फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# वरिष्ठ साहित्यकार वृजदेव पांडेय को हिंदुस्तानी अकादमी ने प्रयागराज में किया सम्मानित

संवाददाता। मिर्जापुर

**नगर के** वरिष्ठ साहित्यकार वृजदेव पांडेय को प्रयागराज की हिंदुस्तानी एकेडेमी के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह ने 95 वें स्थापना दिवस पर सोमवार को सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान उनकी महत्वपूर्ण साहित्यिक सेवाओं के लिए दिया गया है।उन्हें उत्तरीय के साथ प्रशस्तिपत्र और छरू हजार रुपये की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व उच्च शिक्षामंत्री नरेंद्र सिंह गौड़ थे। नगर के श्बल्ली का अड्डाश् निवासी श्री पांडेय जनपद के आदर्श इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य रहे हैं।

इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एकेडेमी के सभापति डॉ उदय प्रताप सिंह ने कहा कि विद्वान वृजदेव पांडेय के ज्ञानएवैदुष्य और वक्तृत्व.कला का ज्ञान मुझे विंध्याचल मंडल के आयुक्त के सभागार में हिंदुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय गोष्ठी में हुआ। पहले दिन मुख्यवक्ता के रूप में उन्होंने आचार्य रामचंद्र शुक्ल पर वक्तव्य देते हुए अपने गहन और विस्तृत ज्ञान का परिचय दिया।दूसरे दिन गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मिर्जापुर के धुरन्धर साहित्यकारों संत झामदासए राम गुलाम द्विवेदी, प्रेमघनएडॉ काशी प्रसाद जायसवाल, महादेव प्रसाद सेठ मतवालाए पांडेय वेचन शर्मा उग्र, बंग महिला तथा डॉ भवदेव पांडेय के हिंदी साहित्य को समृद्ध करने वाले रचनात्मक योगदान पर गहनता से पड़ताल करते हुए वृजदेव पांडेय ने कुछ ऐसी महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय बातें बतायीं जो कुछ ही विद्वानों को ज्ञात होंगी। उनके ज्ञान से मैं काफी प्रभावित हुआ और मिर्जापुर में ही मैंने निर्णय लिया कि पांडेय जी की प्रतिभा और वैदुष्य का सम्मान होना चाहिए । इनका सम्मान कर मैं काफी प्रसन्न हूँ।

श्री वृजदेव पांडेय को प्रयागराज की अतिविशिष्ट संस्था हिंदुस्तानी एकेडेमी द्वारा सम्मानित किये जाने पर नगर के साहित्यकारों व कवियों एवं शायरों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में डॉ अनुज प्रताप सिंह, डॉ रेनूरानी सिंह, डॉ वंदना मिश्रा, प्रमोद कुमार सुमन, भोलानाथ कुशवाहा, आनंद संधिदूत, गणेश गंभीर, डॉ रमाशंकर शुक्ल, लल्लू तिवारी, शुभम श्रीवास्तव ओम, लालव्रत सिंह सुगम, डॉ अनुराधा ओस, केदारनाथ सविता, जफर मिर्जापुरी, डॉ सुधा सिंह, भानु कुमार दुबे मुंतजिर, आनंद अमित, ताविश इकरामी, मुहिब मिर्जापुरी, गुलाब तिवारी, खुर्शीद भारती, इम्तियाज अहमद गुमनाम, इरफान कुरैशी, नंदिनी वर्मा आदि हैं।

# शर्मनाकः रिश्वत न देने पर बुजुर्ग के कपड़े उतरवा लिए

- सिधौली में तैनात सब रजिस्टार पर अमानवीय कृत्य का आरोप
- लाइसेंस का नवीनीकरण कराने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप

**सीतापुर।** सीतापुर में रिश्वत खोरी के यूं तो कई मामले सामने आते रहे हैं। घूसकांड के तमाम वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। मगर रिश्वत खोरी का यह शर्मनाक और अमानवीय वाक्या जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। यह मामला सीतापुर की तहसील सिधौली का है। जहां रिश्वत देने में असमर्थता जताने पर एक बुजुर्ग स्टाम्प विक्रेता के कपड़े उतरवा लिए गए। दरअसल, बुधवार को सिधौली तहसील परिसर मे वर्षो से स्टाम्प बेचने वाले बुजुर्ग रमाकांत मिश्रा को क्रय रिनीवल रिपोर्ट लगवाने के लिए 100 रुपये घूस न देना भारी पड़ा। स्टाम्प विक्रेता रमांकत मिश्रा का आरोप है कि वह लाइसेंस का नवीनीकरण कराने के लिए सिधौली तहसील कार्यालय स्थित सब रजिस्टार कार्यालय में तैनात सब रजिस्टार राकेश कुमार शर्मा के पास पहुंचे तो उन्होंने चपरासी को समझने के लिए कहा। स्टांप विक्रेता ने रुपए ना होने की बात कही तो सब रजिस्टार ने कहा कपड़े उतार दो। इस पर स्टांप विक्रेता ने पहना हुआ कुर्ता उतार कर कार्यालय में रख दिया। मामले की जानकारी अधिवक्ताओं को हुई तो अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राम प्रसाद गौतम के नेतृत्व में वकीलों ने उप जिलाधिकारी पंकज प्रकाश राठौर से मिलकर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने जांच की बात कही है। पीड़ित स्टांप विक्रेता खुद के साथ इस तरह की शर्मनाक हरकत से बेहद आहत है। आप भी सुनिए पीड़ित स्टांप विक्रेता का क्या कहना है।

# धार्मिक स्थान क्षतिग्रस्त करने पर विधायक हुए आग बबूला

- सेवता विधायक धरने पर बैठे, भूमि की पैमाइश के बाद माने सामग्री मंगाकर शुरू कराया निर्माण

**सीतापुर।** रेउसा थानाक्षेत्र के सेमराकला गांव में पंचायत भवन के पास स्थित देव स्थान को क्षतिग्रस्त करने और हनुमान जी की मूर्ति गायब करने के मामले में सेवता विधायक ने रेउसा पुलिस को जमकर खरी खोटी सुनाई। आग बबूला विधायक मौके पर ही धरने पर बैठक गए। चबूतरा क्षतिग्रस्त करने का आरोप प्रधानपति गुलजार खां पर अवैध कब्जेदारी के चलते ग्रामीण लगा रहे थे। मामले की संवेदनशीलता देखते हुए कई थानों की पुलिस व पीएसी गांव में तैनात कर दी गई। एसडीएम बिसवां, एएसपी ने मौके पर पहुंचकर विधायक से बातचीत की और तत्काल भूमि की पैमाइश शुरू कराई। सेमराकला गांव में धरने पर बैठे रहने के दौरान ही सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने ईंटे व सीमेंट इत्यादि मंगवाकर क्षतिग्रस्त चबूतरे का पुनर्निर्माण शुरू करा दिया। दोपहर बाद त्यागी महराज भी मौके पर पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली। अफसरों की मौजूदगी में भूमि पैमाइश कराकर कागजों पर मालिकाना हक रखने वाले के सुपुर्द कर दी गई। मंदिर का निर्माण जारी है। इसके बाद विधायन ज्ञान तिवारी ने सायं करीब साढ़े चार बजे धरना समाप्त कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप ने दोषी लोगों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बैंकिंग सेवाओं और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा

**वाराणसी।** जैसा कि डिजिटल साक्षरता अभियान चलाकर लोगों को विभिन्न प्रकार की बैंकिंग सेवाओं एसएमबी और डिजिटल भुगतान करने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो और ग्राहकों से यूपीआई और बैंक ट्रांसफर्स के माध्यम से तुरंत भुगतान प्राप्त कर सकते हैं।निओबैंक फ्लोबिज़ मायबिलबुक पर स्मार्ट बैंकिंग का स्मार्ट कलेक्ट लॉन्च करते हुए एसएमबी के लिए बैंकिंग सेवाओं में अपनी शुरुआत की घोषणा की।

# नीमा के प्रदेश प्रवक्ता ने विधायक डॉ विनोद बिंद को दी बधाई

**मुग़लसराय।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन नीमा के प्रदेश प्रवक्ता एवम भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह सयोंजक डॉ ओ पी सिंह ने मझवां विधायक निषाद पार्टीद्ध डॉ विनोद कुमार बिन्द हड्डी रोग विशेषज्ञ को उनके हॉस्पिटल पे जाकर माल्यार्पण कर बधाई दी । डॉ बिन्द ने सभी का मोह मीठा कराया एवम हमेशा सहयोग का आश्वासन दिया बधाई देने वालो में डॉ मनोज सिंह डॉ संदीप तिवारी शिवम पटेल आदेश श्रीवास्तव प्रमुख रूप से थे।

# अंग्रेजी का पर्चा आउट होने के बाद परीक्षा हो गई निरस्त

- इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी मायूस होकर लौटे

संवाददाता। कोंच (जालौन)



पेपर निरस्त होने के बाद मायूस होकर वापस जाते छात्र

**यूपी बोर्ड** की चल रही परीक्षा के बीच बुधवार को अचानक दूसरी पाली की परीक्षा निरस्त कर दिए जाने से उन छात्रों को भारी दिक्कत और मायूसी हुई जो जिले के दूरदराज इलाकों से परीक्षा देने अपने अपने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंचे थे। इसके अलावा दिनरात पढ़ाई कर उत्साह के साथ परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों में भी परीक्षा निरस्त होने का खासा मलाल रहा। बता दें कि बलिया जनपद में इंटरमीडिएट का अंग्रेजी का पेपर लीक हो जाने के कारण 24 जिलों में दूसरी पाली की परीक्षा निरस्त कर देने का फरमान जैसे ही आया, परीक्षार्थी अवाक रह गए। इसके साथ ही बबाल होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने परीक्षा केंद्रों की ओर दौड़ लगा दी, लेकिन ऐसी सभी आशंकाएं निराधार साबित हुई। कस्बे के तिलक नगर निवासी छात्र ऋतिक राठौर व लौना के विकास याज्ञिक ने कहा कि रातदिन एक कर के दूर दूर से छात्र पेपर देने आते हैं। ऐसी स्थितियों में छात्र, छात्रओं को भारी परेशानी होती है। दीक्षा तो माधौगढ से परीक्षा देने कोंच आई थी, पेपर निरस्त होने पर वह मायूस दिखी।

## क्विक न्यूज

### प्रणीत, अनुपमा व ईरा ओरलियंस मास्टर्स में जीते

**ओरलियंस (फ्रांस)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त बी साइ प्रणीत चेक गणराज्य के जान लाउडा को हराकर ओरलियंस मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरूष एकल वर्ग के तीसरे दौर में पहुंच गए। जनवरी में कोरोना संक्रमण का शिकार हुए प्रणीत ने 21-19, 21-12 से जीत दर्ज की। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय और ईरा शर्मा भी दूसरे दौर में पहुंच गए। अनुपमा ने स्विटजरलैंड की जंजिरा स्टाडेलमैन को 21-12, 21-18 से हराया जबकि ईरा ने सातवी वरीयता प्राप्त फ्रांस की कि शूफेइ को 21-14, 21-17 से मात दी। मिश्रित युगल में ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो ने भारत के ही असित सूर्या और श्वेतापर्णा पांडा को 21-8, 21-10 से हराया। रितुपर्णा दास, अश्मिता चालिहा, प्रियांशु राजावत और केयुरा मोपति हारकर बाहर हो गए।

### आस्ट्रेलिया ने दिग्गज क्रिकेटर वार्न को दी अंतिम विदाई

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया ने अपने दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न को गुरुवार को यहां अंतिम विदाई दी जिसके लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक उपस्थित थे। सर्वकालिक महान क्रिकेटरों में से एक पूर्व लेग स्पिनर वार्न का इस महीने की शुरू में थाईलैंड के कोह समुई में छुट्टी मनाने के दौरान निधन हो गया था। माना जा रहा है कि इस 52 वर्षीय खिलाड़ी को दिल का दौरा पड़ा था। वार्न का निजी अंतिम संस्कार पहले ही किया जा चुका है, जिसमें इंग्लैड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन सहित दर्जनों हस्तियां शामिल हुई थी। बुधवार को राजकीय श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

### वीनू मांकड़ के बेटे राहुल का निधन

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व खिलाड़ी और महान क्रिकेटर वीनू मांकड़ के बेटे राहुल मांकड़ का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। राहुल मांकड़ के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां है। मुंबई के पूर्व खिलाड़ी शिशिर हतंगड़ी की फेसबुक पोस्ट से राहुल मांकड़ के निधन की खबर की पुष्टि हुई जिन्होंने लिखा, जिग्गा भाई, मेरे दोस्त राहुल मांकड़ की आत्मा को भगवान शांति दे। राहुल मांकड़ ने लंदन में अंतिम सांस ली। दाएं हाथ के बल्लेबाज और बाएं हाथ के धीमी गति के गेंदबाज राहुल मांकड़ ने 47 प्रथम श्रेणी मैच खेले जिसमें उन्होंने 2,111 रन बनाए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 162 रन का था। उनके नाम पांच शतक और 12 अर्धशतक है। उनके भाई - अशोक और अतुल - भी क्रिकेटर ही थे।

### राष्ट्रीय भारोत्तोलन शिविर कल से

**पटियाला।** राष्ट्रीय भारोत्तोलन शिविर शुक्रवार से भारतीय खेल प्राधिकरण के पटियाला केंद्र पर शुक्रवार से शुरू होगा जिसमें 26 खिलाड़ी, सात कोच और पांच सहयोगी स्टाफ भाग लेंगे। साइ ने एक विज्ञप्ति में कहा , शिविर 30 अप्रैल को खत्म होगा और यह एशियाई तथा राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी के लिए लगाया गया है। एक महीने के इस शिविर का खर्च 35,83,600 होगा जिसमें कोचों और सहयोगी स्टाफ की तनख्वाह, खेल किट, खाने और यात्रा का खर्च शामिल है।

### कजाखस्तान के इनकार के बाद एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप दिल्ली में

**कोलकाता।** यूक्रेन पर रूस के सैन्य हमले से उपजी दिक्कतों के मद्देनजर कजाखस्तान के इनकार के बाद एशियाई पैरा चैम्पियनशिप 30 मई से छह जून तक दिल्ली में आयोजित की जाएगी। यह चैम्पियनशिप दिल्ली के यमुना खेल परिसर में होगी। भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव प्रमोद चांडुरकर ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा , टूर्नामेंट दिल्ली के यमुना खेल परिसर में होगा। विश्व तीरंदाजी एशिया की कार्यकारी समिति के सदस्य चांडुरकर ने कहा , कजाखस्तान ने मौजूदा संकट के कारण इसकी मेजबानी में असमर्थता जताई है और हमने मेजबानी का प्रस्ताव भेज दिया है।

# आरसीबी ने केकेआर को तीन विकेट से हराया






**भाषा।** नवी मुंबई

**श्रीलंका** के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और आखिर में दिनेश कार्तिक के छक्के चौके के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को तीन विकेट से हरा दिया।

हसरंगा ने 10 करोड़ 75 लाख रूपए की अपनी कीमत को सही साबित करते हुए चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट लिए जिसके दम पर आरसीबी ने केकेआर को 128 रन पर समेट दिया। उनके अलावा आकाश दीप ने तीन, हर्षल पटेल ने दो और मोहम्मद सिराज ने एक विकेट लिया। जवाब में आरसीबी के लिए शेरफान रदरफोर्ड (28), डेविड विली (18) और शाहबाज अहमद (27) ने उपयोगी पारियां खेली। आरसीबी ने 19 . 2 ओवर में सात विकेट पर 132 रन बनाए। इससे पहले टिम साउदी ने तीन और उमेश यादव ने दो विकेट लेकर उनके शीर्षक्रम को सस्ते में आउट कर दिया था।

अनुज रावत खाता खोले बिना उमेश का शिकार हुए जबकि फाफ डु प्लेसी प्वाइंट में कैच दे बैठे। विराट कोहली भी 12 रन ही बना सके ।इसके बाद विली और रदरफोर्ड ने 45 रन की साझेदारी की जिसे 11वें ओवर में सुनील नारायण ने तोड़ा। इसके बाद क्रीज पर आए शाहबाज नदीम ने आंद्रे रसेल को दो छक्के जड़े और इस ओवर में 15 रन देकर दबाव कम किया।

आखिरी पांच ओवर में आरसीबी को 36 रन चाहिए थे जब शाहबाज ने चक्रवर्ती को एक छक्का जड़ा। इसी गेंदबाज ने हालांकि उन्हें पवेलियन भेजा। आरसीबी को आखिरी दो ओवर में 17 रन चाहिए थे। हर्षल पटेल ने दो चौके और दिनेश कार्तिक ने आखिरी ओवर की पहली दो गेंद पर एक छक्का और एक चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले केकेआर के बल्लेबाजों ने गैर जरूरी शॉट्स खेलने के चक्कर में विकेट गंवाए। दो बार की पूर्व चैम्पियन टीम ने आखिरी छह विकेट 57 रन पर गंवा दिए। एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर 44 रन था जो 14 . 3 ओवर में नौ विकेट पर 101 रन हो गया। केकेआर के लिए आंद्रे रसेल ने 18 गेंद में 25 रन बनाए जबकि उमेश यादव ने 18 और वरूण चक्रवर्ती ने 10 रन का योगदान दिया। केकेआर के लिए सर्वोच्च साझेदारी 27 रन ही उमेश और वरूण के बीच रही। आकाश दीप ने अपनी पहली ही गेंद पर वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया। मोहम्मद सिराज ने पांचवें ओवर में अजिंक्य रहाणे को पवेलियन भेजकर केकेआर को दूसरा झटका दिया। नीतिश राणा ने आकाश दीप को पहली गेंद पर छक्का जड़ा लेकिन उन्हीं की गेंद पर डेविड विले को कैच दे बैठे। केकेआर के पहले तीन विकेट छह ओवर में 44 रन के भीतर ही गिर गए। कप्तान श्रेयस अय्यर भी हसरंगा की गेंद पर फाफ डु प्लेसी को कैच दे बैठे। खराब स्थिति में टिककर खेलने की बजाय सुनील नारायण भी शॉट खेलने के चक्कर में हसरंगा का शिकार हुए। हसरंगा ने अगली गेंद पर शेल्डन जैकसन को आउट किया। केकेआर ने नौ ओवर में छह विकेट 67 रन पर गंवा दिए। पहली ही गेंद पर पगबाधा की अपील पर आउट होने से बचे सैम बिलिंग्स पूल शॉट खेलने के चक्कर में चूके और लांग आन में कोहली को कैच दे बैठे। वेस्टइंडीज के हरफनमौला रसेल ने 18 गेंद में तीन छक्कों और एक चौके की मदद से 25 रन बनाए। वह हर्षल पटेल की गेंद पर दिनेश कार्तिक को कैच देकर लौटे। टिम साउदी को हसरंगा ने लांग आन पर डु प्लेसी के हाथों लपकवाया।

### स्कोर बोर्ड

**केकेआर पारी :** अजिंक्य रहाणे का शाहबाज अहमद बो सिराज 09, वेंक्टेश अय्यर का एवं बो आकाश दीप 10, श्रेयस अय्यर का डुप्लेसी बो डि सिल्वा 13, नीतिश राणा का विली बो आकाश दीप 10, सुनील नारायण का आकाश दीप बो डि सिल्वा 12, सैम बिलिंग्स का कोहली बो पटेल 14, शेल्डन जैक्सन बो डि सिल्वा 00, आंद्रे रसेल का कार्तिक बो पटेल 25, टिम साउदी का डुप्लेसी बो डि सिल्वा 01, उमेश यादव बो आकाश दीप 18, वरूण चक्रवर्ती नाबाद 10, अतिरिक्त : 06, **कुल :** 18.5 ओवर मे सभी आउट : 128 रन, **विकेट पतन :**1-14, 2-32, 3-44, 4-46, 5-67, 6-67, 7-83, 8-99, 9-101

**गेंदबाजी :** डेविड विली 2-0-7-0, मोहम्मद सिराज 4-0-25-1, आकाश दीप 3.5-0-45-3, वानिंदु हसारंगा डि सिल्वा 4-0-20-4, हर्षल पटेल 4-2-11-2, शाहबाज अहमद 1-0-16-0

**आरसीबी पारी :** फाफ डु प्लेसी का रहाणे बो साउदी 5, अनुज रावत का जैक्सन बो यादव 0, विराट कोहली का जैक्सन बो यादव 12, डेविड विली का राणा बो नारायण 18, शेरफान रदरफोर्ड का जैक्सन बो साउदी 28, शाहबाज अहमद स्ट जैक्सन बो वरूण 27, दिनेश कार्तिक नाबाद 14, वानिंदु हसरंगा डिसिल्वा का रसेल बो साउदी 4, हर्षल पटेल नाबाद 10, अतिरिक्त : 14 रन, **कुल योग :** 19-2 ओवर मे सात विकेट पर 132 रन, **विकेट पतन :**1-1, 2-17, 3-17, 4-62, 5-101, 6-107

**गेंदबाजी :** यादव 4-0-16-2, साउदी 4-0-20-3, रसेल 2.2-0-36-0, नारायण4-0-12-1, चक्रवर्ती 4-0-33-1, अय्यर 1-0-10-0

### अफ्रीका में क्रिकेट के विकास के लिए शाह फिर से शुरू करना चाहते हैं एफ्रो-एशियन परियोजना

**नई दिल्ली (भाषा)।** बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के प्रमुख जय शाह अफ्रीकी महाद्वीप में क्रिकेट के विकास के लिए एफ्रो-एशियन परियोजना को फिर से शुरू करना चाहते हैं। इस परियोजना को 2005 में दिवंगत जगमोहन डालमिया ने शुरू किया था लेकिन यह समय से पहले ही 2009 में समाप्त हो गई। खेल के विकास के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए शाह ने खेल को वैश्विक बनाने की योजना शुरू की है। एशिया खेल का सबसे बड़ा बाजार है और शाह इसकी लोकप्रियता, ढांचे और तकनीकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल अफ्रीकी देशों में भी करके उन्हें जमीनीं स्तर पर मजबूत करने में मदद करना चाहते हैं। शाह की प्रस्तावित योजना से सुनिश्चित होगा कि एसीसी और अफ्रीकी क्रिकेट संघ (एसीसी) दोनों को इस भागीदारी से फायदा हो।

### सनराइजर्स की धीमी ओवर गति के लिए विलियमसन पर जुर्माना

**पुणे (भाषा)।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में धीमी ओवर गति रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। सनराइजर्स को एमसीए स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए एकतरफा मुकाबले में रॉयल्स से 61 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

## एफआईएच प्रो लीगः भारत ने रोहिदास को कप्तान बरकरार रखा, नीलम की वापसी




**भुवनेश्वर (भाषा)।** अमित रोहिदास को इस हफ्ते के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के दो मैचों के लिए भारत की 22 सदस्ईय टीम का कप्तान बरकरार रखा गया है जबकि डिफेंडर नीलम संजीप जेस की वापसी हुई है। नीलम पिछले साल दिसंबर में ढाका में एशियाई चैम्पियन ट्रॉफी में भारतीय टीम का हिस्सा थे जो पाकिस्तान पर 4-3 की जीत से तीसरे स्थान पर रही थी। हॉकी इंडिया ने बुधवार को टीम की घोषणा की जिसमें वरूण कुमार की जगह इस 23 साल के खिलाड़ी को शामिल किया गया और टीम में एकमात्र यही बदलाव हुआ। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, यह देखना रोमाचंक है कि कुछ युवा खिलाड़ी किस तरह प्रो लीग में खेलने के लिए मौके हासिल कर रहे हैं और अपनी काबिलियत भी दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे लिए ए विकल्प अच्छे हैं, हम इस मंच को विभिन्न संयोजन को आजमाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इंग्लैंड की टीम प्रतिभाशाली है और इसमें कोई शक नहीं कि ए मैच रोमांचक होंगे। भारत (16 अंक) प्रो लीग के इस सत्र में आठ मैचों के बाद जर्मनी (17 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर हैं।

## रोनाल्डो को मिला विश्व कप जीतने का एक और मौका

### पुर्तगाल ने क्वालीफाई किया

**एपी।** वाशिंगटन



**क्रिस्टियानो** रोनाल्डो विश्व कप जीतने का एक और मौका मिलेगा। उनकी टीम पुर्तगाल ने मंगलवार को यूरोपीय प्लेऑफ में उत्तरी मेसेडोनिया को 2-0 से हराकर कतर में इस साल के आखिर में होने वाले फुटबॉल महासमर के लिए क्वालीफाई किया। कतर में 21 नवंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में मेजबान सहित 32 टीम भाग लेंगी जिनमें से अभी तक 27 टीम ने क्वालीफाई कर लिया है। विश्व कप के ड्रा शुक्रवार को डाले जाएंगे। पुर्तगाल की जीत से ड्रा के लिए पहली आठ टीम कतर, अर्जेंटीना, बेल्जियम, ब्राजील, इंग्लैंड, फ्रांस, पुर्तगाल और स्पेन तय हो गई हैं। क्रोएशिया, डेनमार्क, जर्मनी, नीदरलैंड, स्विट्ज़रलैंड और उरुग्वे वरीयता की दूसरी श्रेणी में शामिल हैं। इनके साथ मैक्सिको या अमेरिका में से किसी एक टीम को शामिल किया जाएगा जो बुधवार को क्वालीफाई करेगी। सभी की निगाहें उत्तरी मेसेडोनिया पर टिकी थी जिसने पिछले सप्ताह इटली को 1-0 से हराकर विश्व कप से बाहर कर दिया था। पुर्तगाल के खिलाफ हालांकि वह उलटफेर नहीं कर पाया। पुर्तगाल ने कुल आठवीं और लगातार छठी बार विश्व कप में जगह बनाई। रोनाल्डो ने पुर्तगाली भाषा में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, लक्ष्य हासिल किया, हम कतर विश्व कप में खेलेंगे, हम अपनी सही जगह पर हैंउ अपार समर्थन के लिए सभी पुर्तगालियों का आभारउ दमदार पुर्तगाल। जिन यूरोपीय टीमों ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है उनमें बेल्जियम, क्रोएशिया, डेनमार्क, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, सर्बिया, स्पेन, स्विट्ज़रलैंड, पोलैंड और पुर्तगाल शामिल हैं। दक्षिण अमेरिका से अब तक ब्राजील, अर्जेंटीना, इक्वेडर और उरुग्वे ने क्वालीफाई किया है। अफ्रीका से सेनेगल, घाना, कैमरून, ट्यूनीशिया और मोरक्को ने जबकि एशिया से ईरान, दक्षिण कोरिया, जापान और सऊद्री अरब ने अब तक विश्व कप में जगह बनाई है। उत्तरी और मध्य अमेरिका एवं कैरेबियाई क्षेत्र से अब तक कनाडा ने क्वालीफाई किया है।

### पेरू ने पराग्वे को हराया, विश्व कप प्लेऑफ में जगह बनाई

**साओ पाउलो (एपी)।** पेरू ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफायर्स के आखिरी दौर के मैच में पराग्वे को 2-0 से हराकर अंकतालिका में पांचवें स्थान पर रहकर अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित की। लीमा में खेले गए मैच में जियानलुका लापादुला ने पांचवें और योशिमार योटुन ने 42वें मिनट में गोल किया। पेरू को पांचवां स्थान हासिल करने के लिए केवल जीत की जरूरत थी। वह अब जून में अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में आस्ट्रेलिया या संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा, जो एशियाई क्वालीफाईंग में पांचवें स्थान पर रहने की दावेदार हैं। पेरू पिछले विश्व कप के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाईंग में भी पांचवें स्थान पर रहा था और तब उसने न्यूजीलैंड को हराकर विश्व कप में जगह बनाई थी। ब्राजील, अर्जेंटीना, उरुग्वे और इक्वेडर दक्षिण अमेरिका से पहले ही विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर चुके हैं।

### माने ने दिलाई सेनेगल को विश्व कप में जगह

**एपी।** डकार



**सेनेगल** ने सैडियो माने के प्रयास से मिस्र को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर इस साल के आखिर में कतर में होने वाले विश्व कप फुबॉल में जगह बनाई। दोनों टीम प्लेऑफ के इस मैच में निर्धारित और अतिरिक्त समय तक 1-1 से बराबरी थी जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें माने ने विजई गोल दागा।

सेनेगल की जीत पिछले महीने अफ्रीकन कप के फाइनल की पुनरावृत्ति की तरह थी जब माने ने मिस्र के खिलाफ शूटआउट में विजई गोल दागकर अपने देश को पहला बड़ा खिताब दिलाया था। घाना, मोरक्को, ट्यूनीशिया और कैमरून ने भी विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस तरह से अफ्रीका से विश्व कप की पांच टीम तय हो गई हैं। माने जहां अफ्रीकन कप का खिताब और विश्व कप में स्थान का जश्न मना रहे हैं वहीं लिवरपूल के उनके साथी मोहम्मद सलाह को इन दोनों अवसरों पर निराशा हाथ लगी। सालाह क्वालीफायर्स प्लेऑफ में पेनल्टी पर चूक गए थे। इस बीच संभवत उनका ध्यान भंग करने के लिए किसी दर्शक ने उन पर लेजर प्रकाश भी डाला था।

## हीली का आक्रामक शतक, आस्ट्रेलिया फाइनल में

**भाषा।** वेलिंगटन




**सलामी** बल्लेबाज एलिसा हीली के आक्रामक शतक और राचेल हेन्स के साथ उनकी 216 रन की साझेदारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां वेस्टइंडीज को 157 रन से हराकर शान से आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया।

हीली ने 107 गेंदों पर 17 चौकों और एक छक्के की मदद से 129 रन बनाए जबकि हेन्स ने 100 गेंदों पर 85 रन की जिम्मेदारी भरी पारी खेली। इन दोनों से मिली शानदार शुरूआत के दम पर आस्ट्रेलिया पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर बारिश के कारण 45 ओवर का कर दिए गए मैच में तीन विकेट पर 305 रन का विशाल स्कोर बनाने में सफल रहा। वेस्टइंडीज की टीम बड़े लक्ष्य के सामने शुरू में ही लड़खड़ा गई और किसी भी समय आस्ट्रेलियाई स्कोर तक पहुंचने की स्थिति में नहीं दिखी। वेस्टइंडीज आखिर में 37 ओवर में 148 रन ही बना पाया। कप्तान स्टेफनी टेलर ने कैरेबियाई टीम की तरफ से सर्वाधिक 48 रन बनाए जबकि उसकी दो खिलाड़ी चिनेली हेनरी और अनिशा मोहम्मद चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरी। छह बार के चैंपियन आस्ट्रेलिया ने इस तरह से टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान भी जारी रखा। वह अपने सातवें खिताब के लिए फाइनल में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। बारिश के कारण मैच एक घंटा 45 मिनट की देरी से शुरू हुआ। वेस्टइंडीज के लिए टॉस जीतने के अलावा कुछ भी अनुकूल नहीं रहा, लेकिन उसका आस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी सौंपने का फैसला हीली और हेन्स ने गलत साबित कर दिया। इन दोनों ने सहजता से रन बटोरे। हीली ने अर्धशतक पूरा करने के बाद अधिक आक्रामकता दिखाई तथा अपने अगले 50 रन केवल 28 गेंदों पर बनाए। उन्होंने कुल 91 गेंदों पर अपने करियर का चौथा शतक पूरा किया।

> महिला आईपीएल से अगले दस साल में टीम अपराजेय हो जाएगी। भारत को घरेलू ढांचे को ठीक करना होगा ताकि उनकी शानदार महिला टीम अपनी प्रतिभा की बानगी पेश कर सके।
>
> **एलिसा हीली**
> **स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज**

## मेदवेदेव नंबर एक पर पहुंचने के करीब, ओसाका सेमीफाइनल में

**टेनिस टूर्नामेंट**

**एपी।** मियामी गार्डन्स





**दानिल** मेदवेदेव फिर से विश्व में नंबर एक खिलाड़ी बनने से केवल एक जीत दूर हैं जबकि नाओमी ओसाका को मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने के लिए केवल दो जीत की दरकार है। शीर्ष वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने मंगलवार को अमेरिका के जेनसन ब्रुक्सबी को 7-5, 6-1 से हराकर मियामी ओपन में पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मेदवेदेव ने मियामी में अभी तक अपने तीन मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया है। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला आठवें वरीय और गत चैंपियन ह्यूबर्ट हरकाज से होगा। मेदवेदेव अगर यह मैच जीत जाते हैं तो वह नोवाक जोकोविच की जगह फिर से दुनिया के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। हरकाज ने एक अन्य मैच में लॉयड हैरिस को 7-6 (3), 6-2 से हराया। जर्मनी के दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और नॉर्वे के छठे वरीय कैस्पर रूड क्वार्टर फाइनल में आमने सामने होंगे। ज्वेरेव ने आस्ट्रेलिया के थनासी कोकिनाकिस को 6-4, 6-4 से, जबकि रूड ने 10वीं वरीयता प्राप्त ब्रिटिश खिलाड़ी कैमरन नोरी को 6-3, 6-4 से हराया। इटली के आठवें वरीय यानिक सिनर ने आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को 7-6 (3), 6-3 से हराया। किर्गियोस ने अपने गुस्से के कारण पहले एक अंक और फिर मैच गंवाया। क्वार्टर फाइनल में सिनर का सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा जिन्होंने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 6-7 (2), 7-6 (3) से पराजित किया।

पुरुष वर्ग का चौथा क्वार्टर फाइनल कार्लोस अल्काराज और मिओमिर केकमानोविच के बीच खेला जाएगा। अल्कराज ने तीसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास को 7-5, 6-3 से जबकि केकमानोविच ने टेलर फ्रिट्ज को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया।महिला वर्ग में गैर वरीयता प्राप्त ओसाका ने अमेरिका की डेनिले कॉलिन्स को आसानी से 6-2, 6-1से हराकर पहली बार मियामी सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिच से होगा जिन्होंने डारिया सैविले को 6-1, 6-2 से पराजित किया।

### बोपन्ना और सानिया मियामी ओपन से बाहर

**मियामी।** भारत के रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा अपने-अपने युगल मैचों के क्वार्टर फाइनल में हारकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पिछले तीन साल से अधिकतर टूर्नामेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे बोपन्ना और कनाडा के डेनिस शापोवलोव की जोड़ी अंतिम आठ के मैच में नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कूप्स्की की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 2-6, 1-6 से हार गई। बोपन्ना और शापोवलोव की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इससे पहले पिछले दौर में निकोला मेक्टिच और मेट पाविच की शीर्ष वरीयता प्राप्त क्रोएशियाई जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर उलटफेर किया था। सानिया और बेल्जियम की उनकी जोड़ीदार कर्स्टन फ्लिपकेन्स ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे 23 मिनट तक चले मैच में रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा और चीन की चाओसुआन यांग से 3-6 6-7 (3) से हार का सामना करना पड़ा।

## डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेडरः मनिका-अर्चना की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता

**भाषा।** दोहा



**भारत** की मनिका बत्रा और अर्चना कामत की जोड़ी ने बुधवार को यहां डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेडर दोहा 2022 के महिला युगल सेमीफाइनल में लि यु झुन और चेन आई चिंग की जोड़ी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष किया। भारत की उंची रैंकिंग की जोड़ी मंगलवार को दिखाई फॉर्म नहीं दोहरा सकी और लि-चेंग की जोड़ी से 8-11, 6-11, 7-11 से हार गई। मनिका और अर्चना की छठी रैंकिंग की जोड़ी ने पहले गेम में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे चीनी ताइपे की जोड़ी को इसे अपने नाम करने में थोड़ा समय लगा। हालांकि एक बार भारतीय जोड़ी को समझने के बाद लि-चेंग की जोड़ी को दूसरे और तीसरे गेम में पछाड़ने में जरा भी समय नहीं लगा। जी साथियान और मनिका दोनों अपने एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में हार गए थे जिससे भारत का स्टार कंटेडर प्रतियोगिता में अभियान खत्म हो गया। साथियान को पुरूष एकल प्री क्वार्टफाइनल में स्वीडन के क्रिस्टियन कार्लसन से 8-11, 6-11, 7-11 से हार का सामना करना पड़ा। मनिका (48वीं रैंकिंग) भी महिला एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में जर्मनी की यिंग हान (17वीं रैंकिंग) से आसानी से हार गई।